CMYK

तापमान
अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C

सेंसेक्स
74,332.58
22,552.50

सोना चांदी
88,570
99,100

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

मुजफ्फरनगर, शनिवार 8 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 57 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2081 | 7 रमजान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

सातवां रोज़ा

अल्लाह तक पहुंचने का रास्ता दिखाता है सातवां रोज़ा

रमजान माह का पहला अशरा रहमत का माना जाता है। यानी शुरुआती दस रोजे किसी दरिया के मानिन्द हैं, जिसमें अल्लाह की रहमत का पानी बहता रहता है। रोज़ादार तक्वा को अपनाते हुए जब रोज़ा रखता है, तो वह बेशुमार नेकियों का हकदार हो जाता है। ये नेकियां सदाकत और सदाअत का सैलाब बनकर उसके लिए बख्शीश की दुआ अल्लाह से करती हैं। कुरआने पाक में जिक्र है, ऐ इंसान तू अपने परवरदिगार की तरफ खूब कोशिश करता है, सौ उससे जा मिलेगा। इस जिक्र को रोज़े की रोशनी में देखें, तो उसकी तशरीह इस तरह होगी कि रोज़ा रहमत का दरिया तो है ही, नेकी के सैलाब के साथ अल्लाह तक पहुंचने का जरिया भी है। इसको यूं भी कहा जा सकता है कि जब रास्ता लंबा हो, दुश्वारियां हों, भटकने के आसार हों, कांटों-कंकरों की चुभन से पांवों के लहूलुहान होने का डर हो तो ईमानदारी के साथ रखा गया रोजा राह को हमवार और दुश्वारियों को दरकिनार कर देता है।

43 लाख के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों का सरेंडर

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को 43 लाख रुपये के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सूत्रों के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों पर 43 लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पित सभी नक्सली माड़ डिविजन के हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी नक्सली बुर्कापाल घटना समेत कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस के दबाव के साथ सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर इन्होंने आत्मसमर्पण करने का फैसला लिया है।

चाणक्यपुरी में आईएफएस अफसर ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। राजधानी के चाणक्यपुरी इलाके में शुक्रवार को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने बहुमंजिला इमारत से कूदकर खुदकुशी कर ली। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अधिकारी की पहचान जितेंद्र रावत के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आईएफएस अधिकारी पिछले कुछ दिनों से परेशान था। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने गुरुवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और एक मछली पकड़ने वाली नाव जब्त की। यह जानकारी श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान में दी। बयान में कहा गया कि ये गिरफ्तारियां देश के उत्तरी प्रांत मन्नार के तटवर्ती जलक्षेत्र में हुईं।

चमोली में मलारी हाईवे पर चट्टान गिरने से टूटा बीआरओ का पुल

सीमावर्ती इलाकों में आवागमन हुआ बंद, वैली ब्रिज का निर्माण होगा

शाह टाइम्स संवाददाता

चमोली/ देहरादून। चमोली जिले के मलारी हाईवे के पास पहाड़ी से गिरी चट्टान से बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल टूट गया। पुल टूटने से सीमावर्ती इलाकों में आवागमन बंद हो गया है। भाप कुंड के समीप पनघटी नाले के ऊपर बना बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल गिरने से यातायात के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

बीआरओ के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मौके पर पहुंचकर वैली ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। चमोली में ही पांच मार्च को चट्टान टूटने से गोविंदघाट में बना मोटर पुल ध्वस्त होकर अलकनंदा नदी में समा गया था। इसके साथ ही पुलना गांव, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। वहीं मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। गोविंदघाट के सामने पहाड़ी से भारी भरकम चट्टान टूटकर सीधे अलकनंदा नदी पर बने सस्पेंशन ब्रिज पर गिर गई थी।

मोदी ने सिलवासा को दी 2580 करोड़ की सौगात

कहा: दादरा एवं नगर हवेली व दमन और दीव हमारा गौरव व विरासत

सिलवासा। पीएम मोदी ने यहां केन्द्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव के लिए शुक्रवार को 2580 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

श्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश के सिलवासा में शुक्रवार को केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। देश के सभी हिस्सों में स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सुविधाओं को बढ़ावा देने पर उनके प्राथमिक ध्यान के तहत उन्होंने सिलवासा में नमो अस्पताल के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। कुल 460 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित 450 बिस्तरों वाला यह अस्पताल इस केन्द्र-शासित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। यह अस्पताल इस क्षेत्र के लोगों, खासकर आदिवासी समुदायों, को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इन विभिन्न विकास परियोजनाओं में विभिन्न ग्रामीण सड़कें एवं सड़क संबंधी अवसंरचनाएं, स्कूल, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र, पंचायत एवं प्रशासनिक भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र, जलापूर्ति और सीवेज संबंधी अवसंरचनाएं आदि शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, पर्यटन को प्रोत्साहित करना, रोजगार के अवसर सृजित करना और क्षेत्र में लोक कल्याण से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देना है।

धारावी परियोजना पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

अडानी समूह को राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलटने की दलील खारिज की

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया
- शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने का दिया आदेश
- मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई की धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के निर्माणाधीन कार्य को रोकने से शुक्रवार को इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अडानी समूह के पक्ष वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले को पलटने से इन्कार कर दिया।

हालांकि, पीठ ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की इस याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। सेकलिंक ने धारावी झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास के लिए अपनी 2019 की बोली को रद्द करने और 2022 में अडानी को एक नया टेंडर जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले की वैधता को चुनौती दी है। सेकलिंक द्वारा अपनी पेशकश में 20 फीसदी की वृद्धि करने की बात पर पीठ ने याचिका पर विचार करने के लिए सहमति जताई। अडानी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि निर्माण (परियोजना) पहले ही शुरू हो चुका था। उन्होंने यह भी कहा कि अडानी समूह ने हजारों श्रमिकों को रोजगार दिया है। महत्वपूर्ण धन का निवेश किया और करोड़ों रुपये के निर्माण उपकरण खरीदे हैं। उन्होंने पीठ को बताया कि निर्माण स्थल पर रेलवे क्वार्टरों को ढहाने का काम शुरू कर दिया गया है। उनकी ये दलील सुनने के बाद अदालत ने स्पष्ट किया कि वह परियोजना स्थल पर चल रहे कार्य को नहीं रोकेगी। शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने को कहा। हालांकि, सेकलिंक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी. आर्यमा सुंदरम ने दलील दी कि उनका मुवक्किल अपनी बोली में 20 फीसदी की वृद्धि करते हुए 8,640 करोड़ रुपये की संशोधित बोली का प्रस्ताव कर रहा है, जो अडानी की 5,069 करोड़ रुपये की आधार बोली से अधिक है। इसके बाद पीठ ने सेकलिंक को इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने को कहा।

शीर्ष अदालत ने विधायक अब्बास अंसारी को दी अंतरिम जमानत

- मऊ विधायक को गैंगस्टर एक्ट में मिली बड़ी राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उप्र के मऊ निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अब्बास अंसारी की याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने अंसारी को अदालत की पूर्व अनुमति के बिना उत्तर प्रदेश नहीं छोड़ने और अदालत में पेश होने से एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा है। इसके अलावा पीठ ने उन्हें लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में रहने और मऊ में अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेने का भी निर्देश दिया। अदालत ने पुलिस से छह सप्ताह में अंसारी द्वारा जमानत शर्तों के अनुपालन पर स्थिति रिपोर्ट मांगी है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि उन्हें मौजूदा मामले को छोड़कर सभी मामलों में जमानत दी गई है, जिसमें केवल पुलिस अधिकारियों को गवाह के रूप में नामित किया गया है।

तहव्वुर राणा की अर्जी अमेरिकी कोर्ट में फिर खारिज

वाशिंगटन, वार्ता

- सुप्रीम कोर्ट में प्रत्यर्पण रोकने की मांग की थी, मुंबई हमलों के दोषी को भारत लाने का रास्ता हुआसाफ

2008 मुंबई हमलों के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी कोर्ट ने खारिज कर दी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। इसमें उसने कहा था कि पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने की वजह से उसे भारत में प्रताड़ित किया जाएगा। राणा ने याचिका में कहा था कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है, अगर उसका प्रत्यर्पण नहीं रोका गया, तो वह भारत में सर्वाइव नहीं कर पाएगा।

इसलिए उसके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगाया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की जज एलेना कगान ने यह दलील नहीं मानी और याचिका खारिज कर दी। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। फिलहाल वह लॉस एंजिल्स के एक हिरासत केंद्र में बंद है। मुंबई हमले के दौरान आतंकियों ने ताजमहल होटल पैलेस को भी निशाना बनाया था, अमेरिकी कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को पहले भी खारिज किया था 13 नवम्बर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे 21 जनवरी को खारिज कर दिया गया था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जो खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है।

अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अपराध रोके बांग्लादेश : भारत

नई दिल्ली। भारत ने बांग्लादेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है तथा एक ऐसे स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश के प्रति समर्थन एवं विकास सहयोग बढ़ाने की इच्छा का इज़हार किया है, जिसमें हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनकी संपत्तियों एवं धार्मिक संस्थानों की रक्षा और हिंसक उन्मादियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में बांग्लादेश के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में यह बात कही।

काशी व अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी: योगी

मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बताया कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। अपने एक दिवसीय दौरे पर आए योगी ने मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिये रंगोत्सव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पांच हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।

अंबाला में वायुसेना का जगुआर विमान क्रैश

- पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा

नई दिल्ली। वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान शुक्रवार को अंबाला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया हालांकि पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा।

वायुसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह जगुआर विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि पायलट ने सुझबूझ दिखाई और विमान को आबादी से दूर ले जाने में सफल रहा। प्रवक्ता ने कहा कि विमान को आबादी से दूर ले जाने के बाद पायलट पैराशूट की मदद से छलांग लगाकर सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई ही उनकी ईमानदारी तय करेगी: भारत

- जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताया

नई दिल्ली। भारत ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानी अलगाववादियों एवं चरमपंथियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताते हुए इस बारे में ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के बयान को दरकिनार कर दिया है और कहा है कि बयान की ईमानदारी का पता ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई से ही चलेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में ब्रिटेन की घटनाओं पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने विदेश मंत्री डा. जयशंकर की यात्रा के दौरान ब्रिटेन स्थित अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उल्लंघन के बारे में ब्रिटेन के अधिकारियों को अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। घटना का एक बड़ा संदर्भ है, जो ऐसी ताकतों को दिए गए लाइसेंस के साथ-साथ ब्रिटेन में हमारी वैध राजनयिक गतिविधियों को बाधित करने के उद्देश्य से उनके डराने, धमकी देने और अन्य कार्यों के प्रति (सुरक्षा एजेंसियों की) उदासीनता दोनों को उजागर करता है।

दिल्ली में महिला सम्मान योजना की लॉन्चिंग आज!

शाह टाइम्स ब्यूरो

रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल जारी होगा, 2500 रुपये मिलेंगे, लगभग 20 लाख महिलाओं को मिलेगा फायदा

सालाना आय तीन लाख से कम और टैक्स न देने वाली महिलाएं ही होंगी योजना की पात्र

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में भाजपा सरकार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना शुरू कर सकती है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा।

योजना का फायदा उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी सालाना आय 3 लाख रुपये से कम है और जो टैक्स नहीं देतीं। योजना का फायदा 18 से 60 साल तक की महिलाओं को मिलेगा, जो सरकारी नौकरी नहीं करतीं और जिनको अन्य सरकारी वित्तीय सहायता नहीं मिल रही हैं। महिला समृद्धि योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए सरकार 8 मार्च को एक पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च कर सकती है। इस पोर्टल पर महिलाएं अपने जरूरी दस्तावेज, जैसे वोटर कार्ड, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा करके आवेदन कर सकेंगी। दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। इसमें से करीब 50 प्रतिशत महिलाएं मतदाता हैं। सरकार महिला लाभार्थियों की पहचान के लिए अलग-अलग विभागों से डेटा एकत्र कर रही है। महिला समृद्धि योजना की शुरुआत के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें करीब 5 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

ढाई सौ मोहल्ला क्लीनिक बंद करने जा रही भाजपा: आप

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली में सरकार बने अभी एक महीने भी नहीं हुए और भारतीय जनता पार्टी 250 मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने की योजना बना रही है, जो उचित नहीं है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जैन ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की जनता की सेवा के लिए जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक खोले थे। हर मोहल्ला क्लीनिक में एक डॉक्टर, दवाइयां और 365 टेस्ट की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। मोहल्ला क्लीनिक खोलने के पीछे आम आदमी पार्टी की सरकार का ध्य्य यह था कि लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए अपने घर से दूर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरी दिल्ली में लगभग 550 मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं। भाजपा की सरकार इन 550 मोहल्ला क्लीनिकों में से 250 को बंद करने जा रही है। यह दिल्ली की जनता के साथ बहुत बड़ा अत्याचार है।आम आदमी पार्टी अपील करती है कि भाजपा दिल्ली में एक भी मोहल्ला क्लीनिक बंद न करे, बल्कि ज्यादा से ज्यादा मोहल्ला क्लीनिक जल्द से जल्द खोले। भाजपा मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करना चाहती है और दिल्ली की जनता को दंडित करना चाहती है।

बब्बर खालसा के तीन सदस्य पकड़े, हत्या की योजना विफल

जालंधर। पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रहे अभियान के बीच एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जालंधर पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार राज्य में हत्या की एक योजना को टाल दिया। पुलिस महा. निदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के नौशहरा कलां निवासी जगरूप सिंह, कपूरथला के गांव मिर्जापुर निवासी सुखजीत सिंह और तरनतारन के गांव फतेहाबाद निवासी नवप्रीत सिंह उर्फ नव के रूप में हुई है। यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मॉड्यूल को अमे. रिका स्थित गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नवाशहरिया द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी सहयोगी है और उसके साथ मिलकर काम कर रहा था।

आईएफएस अधिकारी के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय में तैनात भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी के निधन पर मंत्रालय ने दुख एवं शो. काकुल परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी का 7 मार्च की सुबह नई दिल्ली में निधन हो गया। बयान में कहा गया कि मंत्रालय परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है और दिल्ली पुलिस के संपर्क में है। दुख की इस घड़ी में मंत्रालय परिवार के साथ खड़ा है। विदेश मंत्रालय ने अधिकारी के बारे में अधिक जानक. ारी नहीं दी और कहा कि शोक के इस समय में परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अधिक विवरण जारी नहीं किया जा रहा है।

गरीबों का ध्यान रखकर नीति लागू करें अधिकारी: राष्ट्रपति

नई दिल्ली, वार्ता

■ इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में मुर्मू ने किया आह्वान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से गरीबों और वंचितों को ध्यान में रखकर नीति और कार्यक्रम लागू करने को कहा है। श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को यहां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 126वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वाले राज्य सिविल सेवा अधिकारियों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अधिकारियों से प्रशासनिक कामकाज, सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में एक राष्ट्रीय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि शासन का सार लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता में निहित है। नागरिक-केंद्रित प्रशासन लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देता है, गरीबों और वंचितों पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने उन्हें यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि नीतियों और कार्यक्रमों को इस तरह से लागू किया जाए, जो उनकी चिंताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करे। उन्होंने कहा कि वे जो निर्णय लेते हैं और जो नीतियां लागू करते हैं, वे देश और लोगों के विकास में योगदान दें। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। साथ ही, विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए।

जन औषधि दिवस पर जनऔषधि केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आम लोगों को किफायती मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता वाली अंग्रेजी दवायें उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से हर साल सात मार्च को मनाए जा रहे जन औषधि दिवस के मद्देजनर शुक्रवार को देश भर में जनऔषधि केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत एक मार्च से सात मार्च तक विशेष अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और शुक्रवार को विशेषतौर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें स्वास्थ्य शिविर आदि का आयोजित कर लोगों को जनऔषधि के बारे में बताया गया। हर साल 7 मार्च को 'जन औषधि दिवस' मनाया जाता है ताकि इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके।

महाकुंभ में 30 करोड़ कमाने वाले परिवार से कितना जीएसटी मिला: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सपा मुखिया ने योगी सरकार से पूछा सवाल

लखनऊ। महाकुंभ के दौरान एक नाविक के 30 करोड़ की आमदनी होने के बयान पर निशाना साधते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि अगर सच में एक परिवार ने महाकुंभ में अकेले 30 करोड़ कमाएं हैं, तो सरकार ये भी बताए कि जीएसटी कितना मिला।

यादव ने जारी बयान में कहा कि पवित्र महाकुंभ में यह तो सत्ता संरक्षण में श्रद्धालुओं के साथ लूट की एक कहानी है। भाजपा सरकार के संरक्षण में न जाने कितने ठगों और लुटेरों ने श्रद्धालुओं की आस्था का दोहन किया। इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार के ब्रांड एम्बेसडर नाविक को लेकर खबरों के माध्यम से जो कहानियां आ रही हैं। वह हैरान करने वाली है। इसी कहानी से भाजपा सरकार की नीति और नियत का पता चल जाता है कि वह कैसे चल रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में ठगों और अपरा. धियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। अपराधी, हिस्ट्रीशीटर और ठग सब्ब से गठजोड़ कर आम जनता को लूट रहे है। सरकार लुटेरे और हत्यारों के साथ खड़ी है। सरकार सदन से सड़क तक जनता को अपरा. धियों और हिस्ट्रीशीटरों के अवैध कारनामों और वसूली की कहानियां सुनाती नहीं थकती। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार हो रहा है, जब सरकार प्रदेश की जनता को ठगने वाले ठगों और दबंगों का महिमा मंडन कर रही है। माननीय महाकुंभ में दूसरों की सक्सेस स्टोरी क्यों सुना रहे हैं। क्या महाकुंभ में उनकी अपनी कोई सफलता की कहानी नहीं है। क्या सरकार खुद असफल हो गयी है जो अपराधियों की कहानी सुना रही हैं। अगर सुनानी है तो सरकार अपनी सच्ची कहानी सुनाए लेकिन सच्चाई तो यह है कि सरकार की अपनी कोई कहानी नहीं है। उन्होने कहा कि पाताल खोजी पहले पता कर लिया करें फिर महिमा मंडल करें। पहले निवेश के नाम पर ठग से हजारों करोड़ का एमओयू कर लिया। अब नामजद के नाम की सदन में बंद आखों से तारीफ कर दी। इसीलिए भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद है। अपराधियों की ठगी और लूट को भाजपा विकास समझती है।

जीआईएस के तहत मुजफ्फरनगर समेत 35 शहर बनेंगे आधुनिक: योगी

59 शहरों का होगा उन्नत व हाईटेक विकास

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आधुनिकीकरण वाले शहरों में अयोध्या अलीगढ़, सहारनपुर मेरठ, मुरादाबाद, बरेली और फिरोजाबाद जिले भी शामिल

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को नई दिशा देने के लिए जीआईएस (ज्योग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम) बेस्ड महायोजना का खाका तैयार किया है। इसके तहत प्रदेश के 59 शहरों का उन्नत तकनीक और हाईटेक सुविधाओं से विकास किया जाएगा। सरकार के फैसले से प्रदश के विभिन्न शहरों को शहरीकरण की सही दिशा मिलेगी और शहरों के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महायोजना के तहत 35 शहरों को आधुनिकीकरण के लिए मंजूरी दे दी है। वहीं शेष को जल्द ही हरी झंडी दे दी जाएगी। इन शहरों में अयोध्या, अलीगढ़, सहारनपुर, देवरिया, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, आजमगढ़, प्रयागराज, बरेली, गाजीपुर, रामनगर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर और मुजफ्फरनगर सहित अन्य शहर शामिल हैं। इन शहरों में उन्नत तकनीकी विकास और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार जीआईएस तकनीक का उपयोग करके शहरों को वैज्ञानिक और डेटा-आधारित बनाएगी। इसके जरिए शहरों की सड़कों, जल निकासी प्रणाली, ग्रीन स्पेस, ट्रैफिक मैनेजमेंट, सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय मामलों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जाएंगी। इस तकनीक से शहरी क्षेत्रों में अव्यवस्थित विकास को रोकने और योजनाबद्ध तरीके से बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

महायोजना के तहत शहरों को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। इन शहरों में ट्रैफिक जाम और अनियंत्रित वाहनों की समस्या को दूर करने के लिए आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा। बारिश के पानी की निकासी और जलभराव से बचाव के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं बसों, मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाया जाएगा। इसके साथ ही शहरों में ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाएंगे और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए नए पौधे लगाए जाएंगे। सरकार की महायोजना से न केवल शहरों के बुनियादी ढांचे का विकास होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

विभिन्न निर्माण कार्यों, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट सिस्टम और टेक्नोलॉजी आधारित सेवाओं से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। जीआईएस आधारित योजना से शहरी विकास में पारदर्शिता आएगी। इससे अधिका. रियों को योजनाओं की सही निगरानी करने और किसी भी क्षेत्र में आवश्यक बदलाव करने में आसानी होगी। साथ ही, सरकार को शहरों के विकास से संबंधित सटीक डेटा मिलेगा, जिससे योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

आतिशी ने महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए सीएम रेखा गुप्ता को लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शुक्रवार को एक पत्र लिखकर महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा पूरा करने की मांग की। सुश्री आतिशी ने सुश्री गुप्ता को एक पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली की लाखों माताओं-बहनों की ओर से आपको यह पत्र लिख रही हूं और आपको याद दिलाना चाहती हूं कि 31 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका में आयोजित रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में 2500 रुपए प्रतिमाह देने की योजना पारित होगी और महिला दिवस पर महिलाओं के खातों में पैसे आने शुरू हो जाएंगे। उन्होंने सभी महिलाओं को सलाह दी थी कि वे अपने बैंक खाते से अपने मोबाइल नम्बर को जोड़ लें, ताकि जब उनके अकाउंट में पैसे आएंगे तो उनके फोन पर इसकी जानकारी मिल सके। सुश्री आतिशी ने कहा है कि अब महिला दिवस में सिर्फ एक दिन बचा है। पूरी दिल्ली की महिलाएं इस दिन का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं। वे उम्मीद लगाए बैठी हैं कि आठ मार्च से उनके अकाउंट में पहली किस्त आनी शुरू हो जाएगी, जैसा कि भाजपा ने वादा किया था। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री जी, दिल्ली की महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए तुरंत उनके खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाएं।

जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

जम्मू, वार्ता

■ 112 लाख का बजट पेश, गरीबों को मुफ्त बिजली मिलेगी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को यहां विधानसभा में केन्द्र शासित क्षेत्र का 2025-26 का 1.12 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया। श्री अब्दुल्ला के पास वित्त विभाग का भी दायित्व है। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि अगले वित्त वर्ष के बजट में कुल 1,12,310 करोड़ रुपए के व्यय का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का हिसाब नहीं बल्कि यह एक नए और समृद्ध जम्मू-कश्मीर का खाका है, जिसमें केन्द्र शासित क्षेत्र की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने बजट में गरीबों को मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मफ्त यात्रा, पत्रकारों के लिए उनके कामकाज के लिए बेहतर सुविधा की घोषणा की है। बजट में राजस्व प्राप्तियां 97,982 और पूंजीगत प्राप्तियां 14,328 करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया है। इसी तरह उन्होंने कहा कि राजस्व मद पर खर्च 79,703 करोड़ रुपए और पूंजीगत व्यय 32,607 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि बजट में 28,000 करोड़ रुपए के ओवरड्राफ्ट और रोजमर्रा के काम के लिए अग्रिम राशि को भी जोड़ दिया जाएं, तो 2025-26 में जम्मू कश्मीर प्रशासन का सकल व्यय 1,40,309.99 करोड़ रुपए होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को यात्रा की मुफ्त सुविधा देने से शिक्षा और रोजगार में उनकी भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है और नौकरियों में उनका हिस्सा बढ़ाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी योजना के तहत जम्मू-कश्मीर में 40 हजार महिलाओं को सूक्ष्म स्टार्टअप इकाईयों शुरू करने में मदद का प्रस्ताव किया है। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं को साल भर में कम से कम एक लाख रुपए की आय वाले कारोबार के लिए मदद करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सकें।

अर्थ व्यापार

गिरावट के दबाव में शेयर बाजार सपाट बंद

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी टैरिफ नीति को लेकर विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर तेरह समूहों में हुई एक फीसदी से अधिक तक की बिकवाली वहीं अन्य समूहों में लिवाली होने से आज शेयर बाजार सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 अंक जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.80 अंक बढ़कर 22,552.50 पर सपाट रहा। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में घटबढ़ रही। इससे मिडकैप 0.30 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,888.29 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,606.86 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4114 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2512 में लिवाली जबकि 1468 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि निफ्टी की 30 कंपनियां लाल जबकि अन्य 20 हरे निशान पर रहीं।

बीएसई के 13 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.27, एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0. 07, हेल्थकेयर 0.36, आईटी 0.83, यूटिलिटीज 0.91, बैंकिंग 0.08, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.11, पावर 0. 59, रियल्टी 0.75, टेक 0.59, सर्विसेज 0.41 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 1.41, जापान का निक्केई 2.17, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 74,347.14 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 74,038.03 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 74,586-43 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,340-09 अंक के मुकाबले 0.01 प्रतिशत फिसलकर 74,332. 58 अंक पर सपाट रहा। वहीं निफ्टी 36 अंक गिरकर 22,508.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,464.75 अंक के निचले, जबकि 22,633.80 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,544. 70 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत बढ़कर 22,552.50 अंक पर सपाट बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 638.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट से 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह की तेजी गंवा दी और 1.8 अरब डॉलर घटकर 638.7 अरब डॉलर पर आ गया।

इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 प्रतिशत के इजाफे के साथ 640.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 49.3 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 543.4 अरब डॉलर पर आ गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.3 अरब डॉलर लुढ़ककर 73.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 2.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 17. 99 अरब डॉलर हो गया।

मूंगफली तेल सस्ता, चना व दाल गिरी

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शुक्रवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल सस्ता हो गया तथा चना और दाल चना के भाव गिर गए, वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 77 रिंगिट चढ़कर 4821 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की गिरावट के साथ 43.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल में 294 रुपए प्रति लक्वटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना के 150-150 रुपए प्रति लक्वटल गिरने के अलावा अन्य दालों में टिकाव रहा। मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700- 5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200- 9300, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4280-4380, चीनी एम- 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

■ प्रदेश प्रभारी अजय कुमार लल्लू व चरण दास ने लगाए गंभीर आरोप

ओडिशा में दुष्कर्म की घटनाएं नहीं रोक पा रही डबल इंजन की सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि ओडिशा में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही है और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार इन अपराधों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, लेकिन कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और महिलाओं की आवाज बनकर काम करती रहेगी।

कांग्रेस के ओडिशा के प्रभारी अजय कुमार लल्लू तथा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस ओडिशा में 24 साल तक बीजू जनता दल (बीजद) की सरकार रही है वहां 2009 में सत्ता में भागीदार रही भाजपा अब पूरे बहुमत के साथ वहां सरकार में है।

भाजपा-बीजद के बीच केंद्र तथा राज्य में बार बार राजनीतिक स्वार्थ के लिए काम करते हुए समय-समय पर अपनी रणनीति को बदला है और स्वार्थ से ऊपर उठकर कभी जनता के हित खासकर महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया। दोनों दलों ने सत्ता में रहते हुए महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने की भाजपा सरकार में खुद मुख्यमंत्री का मानना है कि 3,420 महिलाएं और 8,403 बच्चे लापता हैं। वहीं इन आठ महीनों में 54 सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। ओडिशा में नाबालिग बच्चियों के बलात्कार और हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इतना सब होने के बावजूद भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार चुप है। उन्होंने दुष्कर्म की कुछ घटनाओं का विवरण देते हुए सवाल करते हुए कहा कि मलकानगिरी में एक आदिवासी रेजिडेंशियल स्कूल है, जहां एक दसवीं कक्षा की बच्ची प्रेगनेंट हो जाती है। जब वो बच्ची परीक्षा देने जाती है, तो उसका प्रसव हो जाता है। जाजपुर जिले में एक स्कूल की बच्ची अभी भी प्रेगनेंट है। मुख्यमंत्री के गृह जिले केउंझर में एक छठी कक्षा की एक बच्ची प्रेगनेंट है। केन्द्रापड़ा जिले में एक 12वीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या की है और कोरापुट में नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप हुआ है। सवाल है कि इतने दिनों तक वॉर्डन और हेडमास्टर कहां थे।

आवासीय स्कूलों के लिए विजिटर होते हैं, वो कहां थे। क्या इन सभी बच्चियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री न्याय देंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ओडिशा में बच्चियों के साथ लगातार अपराध और दरिंदगी हो रही है। कांग्रेस पार्टी इन मामलों पर किसी भी हाल में चुप नहीं रहेगी। जब हमने इन अपराधों के खिलाफ आवाज उठाई, तो ओडिशा के मुख्यमंत्री कहते हैं कि बीजद सरकार में ऐसे अपराध ज्यादा हुए थे और हमारी सरकार में कम हुए हैं। मुख्यमंत्री बीजद के 24 साल के पाप के साथ अपने आठ महीने के पाप की तुलना कर रहे हैं और यह बेहद शर्मनाक है।ह उन्होंने राज्य में महिलाओं के सथ हो रहे अत्याचार पर ध्यान देने की सरकार से मांग करते हुए कहा कि ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर भारत सरकार ध्यान दें क्योंकि अपराध रोकने पर ध्यान दें और अगर ध्यान नहीं दिया गया तो उच्चतम न्यायालय को इसे संज्ञान में लेकर एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के जरिए सरकार को आदेश देना चाहिए कि वह अपनी जिम्मेदारी समझे ओर रवैया बदले।

ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2022 में 9.3 प्रतिशत थी, लेकिन अब आठ प्रतिशत की दर से बढ़े अपराधों को लेकर 31,000 मामले दर्ज हुए हैं। इन अपराधों से आदिवासी और दलित महिलाएं ज्यादा पीड़ित हैं। जब तक इन महिलाओं को न्याय नहीं मिलता ओडिशा कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

सातवा रोज़ा इफ्तार
08 मार्च शनिवार
सुन्नी..... 06:22
शिया..... 06:31
आठवां रोज़ा सहरी
09 मार्च रविवार
सुन्नी..... 05:11
शिया..... 05:07

सोरम के दो युवकों की हादसे में दर्दनाक मौत

मृतक शुभम व आकाश सेना में भर्ती होने की कर रहे थे तैयारी

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। शाहपुर क्षेत्र के गांव सोरम के दो युवकों की बागपत क्षेत्र में सड़क हादसे के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। दोनो युवक सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे थे और घटना के समय वह अपनी मौसी के गांव से सनौली से बाइक द्वारा शादी समरोह में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे। जैसे ही यह खबर परिवार को लगी तो यहां कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक छा गया। परिजन गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बागपत पहुंचे और कार्यवाही के बाद शव को गांव शोरम लाए और नम आंखो से उनका अंतिम संस्कार कर दिया। दोनो मृतक होनहार और मिलानसार थे।

मृतक युवकों के फाइल फोटो

शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव शोरम निवासी राजबीर उर्फ पप्पू ठेकेदारी करते है उनका इक्कीस वर्षीय बेटा सेना की तैयारी कर रहा था। वहीं गांव का ही मनोज खेती करते है और उनका इक्कीस साल का बेटा आकाश शर्मा सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। बताया जाता है कि छह मार्च को वह अपनी मौसी के गांव सनौली में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सात मार्च की सवेरे करीब साढ़े छह बजे शुभम व आकाश बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक तेजी व लापरवाही से आए ट्रक ने दोनो को रौंद डाला। ट्रक पूरी तरह बेकाबू था और नीचे कुचले जाने के कारण दोनो की हालत गंभीर हो गई। सूचना के कुछ देर बाद ही एंबूलेंस मौके पर पहुंची और उन्हे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने किसी तरह नाम पते ज्ञात कर इसकी जानकारी जब परिजनों को दी तो यहां कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटना की और दौड पड़े। शुभम व आकाश की मौत से पूरे गांव में शोक छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह दोनो ही होनहार थे और मिलनसार भी थे। दोनो के शवों को गांव लाकर नम आंखो से उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक शुभम को पन्द्रह वर्ष की उम्र से ही कबड्डी खेलने का शोक था। और वह अभी भी राज्य स्तर का खिलाडी था। हाल में शुभम तीर अंदाजी सीख रहा था। होनहार शुभम की मौत को लेकर पूरे गांव में शोक छाया हुआ है और लोग उनके मिलनसार होने की तारीफ कर रहे है।

सहावली के युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

■ कई घंटे तक अज्ञात में रहा शव, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। शुक्रवार की सवेरे मंडी क्षेत्र के गांव सहावली अण्डरपास के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। काफी देर तक मृतक अज्ञात में रहा और कई घंटे बाद उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुक्रवार की सवेरे सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई है। इस समय सवेरे के करीब साढ़े छह बजे थे। सूचना के बाद सिविल लाइन व नई मंडी पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और घटना स्थल सिविल लाइन क्षेत्र का पाया गया। पुलिस काफी देर तक मृतक की पहचान कराने में लगी रही। जब शिनाख्त नहीं हुई तो शव को मोर्चरी में भेज दिया गया। पुलिस द्वारा की गई छानबीन व जांच पड़ताल के बाद पता चला कि मृतक का नाम तीस वर्षीय गुलाब पुत्र सतपाल है। और वह नई मंडी क्षेत्र के गांव सहावली का निवासी था। पुलिस को जानकारी मिली कि मृतक मजदूरी करता था और आज सवेरे भी वह घर से मजदूरी के लिए निकला था। फिलहाल गुलाब की मौत से गांव में शोक छाया है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

सभासदों ने किया बोर्ड बैठक का बहिष्कार

मीरापुर। नगर पंचायत बोर्ड में चेयरमैन व सभासदों के बीच विकास कार्यों को लेकर तनातनी होने की वजह से बोर्ड की बैठक नहीं हुई।

शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की बैठक होनी थी, लेकिन नगर पंचायत के 10 सभासदों ने चेयरमैन व ठेकेदार पर अभद्रता पूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया बैठक का बहिष्कार कर दिया। कुल 16 सभासदों में से 10 सभासद बैठक में शामिल नहीं हुए। शिवकुमार शर्मा, राधा देवी, राजबीरी, समर जहाँ, दिलशाद मलिक, शिवकुमार प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार, राशिद अली, कपिल कुमार व आबिदा नाज ने वार्ड 16 की सभासद आबिदा नाज के आवास पर अपनी अलग बैठक की और नगर पंचायत में हो रहे घोटालों की पोल खोलने का निर्णय लिया।

मुजफ्फरनगर : बोर्ड बजट बैठक में सभासदों में होती नोकझोंक।

नगर पालिका के वार्षिक बजट पर लगी सदन की मुहर

248 करोड़ कमाकर, 429 करोड़ खर्च करेगी पालिका

शाह टइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। नगरपालिका की बजट बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में शहर के विकास के लिए बनाये गये आमदनी और खर्च को प्लान को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। मीनाक्षी स्वरूप बोर्ड के साथ मिलकर आगामी नये वित्तीय वर्ष के 12 महीनों में 429 करोड़ रुपये शहर के विकास, विकास के संसाधनों और कर्मचारियों के वेतन, पेंशन सहित अन्य मदों में खर्च करेगी। यानि हर महीने शहर में सुविधा और व्यवस्था बनाने के लिए पालिका इस साल 36 करोड़ रुपये का व्यय पालिका द्वारा किया जायेगा। जबकि पालिका बोर्ड ने इस साल हर माह करीब 21 करोड़ रुपये के हिसाब से 248 करोड़ वार्षिक आमदनी का लक्ष्य भी तय किया है। खर्च और आमदनी में बड़ा अंतर होने के बावजूद भी पालिका अपने खजाने में साल के अंत में 51 करोड़ रुपये की राशि संजोने में सफल रहेगी।

शुक्रवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने 51 करोड़ रुपये के लाभ का वार्षिक बजट प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया। प्रस्ताव संख्या 488 के अन्तर्गत गत कार्यवाही की पुष्टि पर सदन की मुहर लगी तो विशेष प्रस्ताव संख्या 489 में वार्षिक अनुमानित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय और व्यय को प्रस्तुत किया जिस पर सदन की सहमति मोहर लगी। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि लेखा विभाग के द्वारा पालिका का वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमानित मूल बजट प्रस्ताव तैयार किया गया है, इमसें वर्ष 2024-25 में यएक अप्रैल से एक जनवरी 2024 तक पालिका के द्वारा 160 करोड़ 09 लाख 38 हजार 722 रुपये की आय अर्जित की गई है, तो वहीं 111 करोड़ 30 लाख 42 हजार 302 रुपये खर्च हुए हैं। इस साल पालिका के द्वारा 248 करोड़ 90 लाख 90 हजार रुपये की आय और 429 करोड़ 06 लाख रुपये का व्यय करने जा रही है। उन्होंने बताया कि एक फरवरी 2025 तक पालिका के खजाने में 231 करोड़ 14 लाख 37 हजार 486 रुपये की राशि अवशेष थी। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में लेखा विभाग के अनुमान के अनुसार भी यदि पालिका खर्च करती है तो 31 मार्च 2026 तक पालिका के खजाने में 50 करोड़ 99 लाख 27 हजार 486 रुपये की धनराशि अवशेष रहेगी। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष में पालिका द्वारा शहर के विकास और पालिका को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने के साथ ही आय बढ़ाने, कूड़ा निस्तारण और कूड़े से कमाई तथा कूड़े से बिजली उत्पादन जैसे स्वप्निल योजनाओं को धरातल पर लाने का दावा किया।

55 में से 51 सदस्यों ने लिया भाग

55 सदस्यों में से 51 मेम्बर यहां रहे। वार्ड 8 से मुसीरा, 28 से मोहित मलिक, 45 से नरगिस सिद्दीकी और 46 से शबनूर बैठक में नहीं पहुंचे। बोर्ड मीटिंग की कार्यवाही करीब 15 मिनट चली। इस दौरान चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, लेखाधिकारी प्रीति रानी, केएनए दिनेश यादव, एई जल सुनील कुमार, जेई जल धर्मवीर सिंह, जेई निर्माण कपिल कुमार, जेई जल जितेन्द्र कुमार, एनएसए डॉ. अतुल कुमार, कार्यवाहक टीएस पारूल यादव, सीएसआई योगेश कुमार, एसआई प्लाक्षा मैनवाल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मुफ्ती जुल्फिकार की प्रतिक्रिया पर सीओ अनुज के पक्ष में आई क्रांति सेना

मुजफ्फरनगर। संभल सीओ अनुज चौधरी के होली और जुमे को लेकर दिए गए बयान पर मुफ्ती जुल्फिकार ने तीखी प्रतिक्रिया दी है वही क्रांति सेवा के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने सीओ का बचाव करते हुए कहा है कि अनुज चौधरी का बयान भाईचारे को कायम रखने वाला है उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि जिन्हें रंग से ऐतराज है वह होली के दिन बढाने निकले इसमें बुरा क्या है। गौरतलब है कि अनुज चौधरी मुजफ्फरनगर के ही रहने वाले हैं। ऑल इंडिया इमाम संगठन के यूपी अध्यक्ष और मुजफ्फरनगर के प्रमुख धर्मगुरु मुफ्ती जुल्फिकार ने सीओ को आडे हाथों लेते हुए कहा, अनुज चौधरी को नौकरी छोडकर राजनीति में आ जाना चाहिए। उनके बयानों से लगता है कि वह ड्यूटी कम और नेतागिरी ज्यादा करना चाहते हैं। अनुज चौधरी ने हाल ही में शांति समिति की बैठक में कहा था कि जुमा साल में 52 बार आता है, जबकि होली साल में एक बार आता है। अगर किसी को होली के रंग से दिक्कत है तो वह घर से बाहर न निकले।

इसी कडी में मुजफ्फरनगर के शहर मुफ्ती जुल्फीकार ने सीओ के रवैये पर सवाल उठाए हैं। मुफ्ती जुल्फीकार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीओ साहब का अंदाज किसी पुलिस अधिकारी से ज्यादा एक नेता जैसा है। उन्हें होली मनाने वालों और ईद मनाने वालों, दोनों की हिफाजत करनी चाहिए। वर्दी के अंदर इस तरह के बयान शोभा नहीं देते। अगर उन्हें राजनीति करनी है या इलेक्शन लडना है, तो नौकरी छोडकर मैदान में उतरें। मुफ्ती ने आगे कहा कि अनुज चौधरी या तो निष्पक्ष होकर ड्यूटी करें, वरना उनके बयान मुस्लिम समुदाय में गलत संदेश दे रहे हैं।

पेड़ से बांधकर किशोरों की क्रूरतापूर्वक पिटाई

कंवाल स्थित बाग में दी यातनाएं, वीडियो वायरल होने पर कार्रवाई शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर/जानसठ। ग्राम कंवाल में दो मासूमों को बाग में ले जाकर एक पेड़ से बांधकर उनकी बेरहमी से की गई पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। पुलिस ने दोनो पीड़ित द्वारा दी गई अलग-अलग तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है। चर्चा है कि चोरी के शक में कुछ युवकों ने मासूमों को एक पेड से बांधकर उनको करीब तीन घंटे तक यातनाएं दी। जिससे उनके शरीर पर चोटे के गंभीर निशान है।

शुक्रवार की सवेरे से ही एक वीडियो वायरल हो रही थी जिसमें

कुछ लोग दो किशोरो को बाग में ले जाकर एक पेड से बांधकर उनकी जबरदस्त पिटाई कर रहे है। मारपीट करने वालों में दोनो किशोरो की पिटाई की वीडियो भी बनाई जिसमें दी गई यातनाओं के उनके शरीर पर पडे निशान साफ दिखाई पड रहे है। यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो छानबीन के बाद पता चला कि यह घटना जानसठ कस्बा क्षेत्र के गांव कंवाल स्थित एक बाग की है। इसके बाद पुलिस द्वारा ग्राम कंवाल निवासी राजू पुत्र विजयपाल की तहरीर ली गई जिसमें बताया गया कि उसका भाई बारह वर्षीय मंयक गांव के ही एक दुकान पर नाई का काम करता है और उसके भाई को सचिन पुत्र जीत सिंह, शुभम पुत्र सतबीर, अंकित पुत्र पवन गांव के ही बाग में ले गए और पेड़ से बांधकर लाठी-डंडो से क्रूरतापूर्वक पिटाई की और उसका वीडियो बनाया। वहीं दूसरे पीड़ित बिजेन्द्र पुत्र हरिप्रकाश ने भी पुलिस को एक तहरीर दी और बताया कि उसका पुत्र अजय सोलह वर्ष सचिन पुत्र जीत सिंह की दुकान पर काम करता है और एक बजे सचिन, अंकित और शुभम उसकी बेटे को चोरी का इल्जाम लगाते हुए बाग में ले गए और पेड से बांधकर उसके साथ जबरदस्त मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में दी गई तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

मुजफ्फरनगर : रमज़ान के पहले जुमे पर अमन शांति की दुआ करते अकीदतमंद।

सभासदों के प्रस्ताव पर ऐई अखंड प्रताप रिलीव

■ पालिका की बजट बैठक में उठी आवाज

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। नगरपालिका की बोर्ड बैठक में बजट प्रस्ताव रखे जाने से पूर्व ही पालिका के सहायक अभियंता निर्माण अखंड प्रताप सिंह के खिलाफ आक्रोश दिखाई दिया। बोर्ड में दो तिहाई बहुमत के आधार पर एई अखंड के खिलाफ प्रस्ताव लाया गया, इसका दो सभासदों ने सदन में विरोध किया, जिसको लेकर खूब हंगामा हुआ। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शासन के आदेश का पालन करते हुए पालिका से रिलीव करने के साथ ही उनके खिलाफ आई शिकायतों पर शासन को जांच के लिए संस्तुति भेजने का भरोसा दिलाया है। एई निर्माण के खिलाफ प्रस्ताव देने वालों में सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, नौशाद खां, शौकत अंसारी, इरशाद हकीम, अमित पटपटिया, रजत धीमान, सीमा जैन, हिमांशु कौशिक, रविकांत काका, योगेश मित्तल, बबीता वर्मा, कुसुमलता पाल, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, नौशाद पहलवान, अनीता देवी, हनी पाल, अनुज कुमार, विजय कुमार चिंटू, शाजिया, उमरदराज, सतीश कुमार शामिल रहे।

नौ माह पूर्व शासन से हुआ था तबादला

29 जून 2024 को नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक डॉ. नितिन बंसल के द्वारा एई निर्माण अखंड प्रताप का तबादला आदेश जारी किया था, जिसमें उनको मुजफ्फरनगर पालिका से हटाते हुए नगर निगम अलीगढ़ में तैनात किया गया और उनको तत्काल प्रभाव से आदेशों का अनुपालन करने के लिए कहा गया था,लेकिन पालिका में कार्य की आवश्यकता को देखते हुए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने उनको रिलीव नहीं किया था। इसी आदेश को सामने रखते हुए सभासदों ने उनको पालिका से रिलीव करने का प्रस्ताव सदन में रखा और चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप से शासन के आदेश पर कार्यवाही करते हुए उनको रिलीव करने की मांग की है।

खाद्य, औषधि प्रशासन ने छापेमारी कर लिए नमूने

■ होली के मद्देनजर अलग-अलग स्थानों से लिए गए सैम्पिल

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने होली पर्व से पहले बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए कई स्थानों से खाद्य सामग्री के नमूने संग्रहित किए और अवैध रूप से बेची जा रही कचरी को सीज कर दिया गया। सोनू मोनू कचरी उद्योग जसवंत पुरी से पफ नमकीन का एक नमूना संग्रहित किया गया और लगभग 33,000 मूल्य की कचरी को सीज कर दिया गया। इसके अलावा, शादाब एंटरप्राइजेज पर बैलून पास्ता एवं खाद्य मसाले के दो नमूने संग्रहित किए गए और लगभग 12,600 मूल्य के बैलून पास्ता को सीज कर दिया गया।

मुस्कान फूड जसवंतपुरी से पफ कचरी एवं खाद्य मसाला के दो नमूने संग्रहित किए गए और लगभग 100 किलोग्राम पफ कचरी जिसका मूल्य लगभग 10,000 रुपये था, को सीज कर दिया गया। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा एवं मनोज कुमार आदि शामिल थे।

मुजफ्फरनगर : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम खाद्य पदार्थों के नमूने भरते हुए।

सैदपुरा खुर्द मामले में पांच महिला सहित नौ गिरफ्तार

■ बारात में आतिशबाजी के दौरान हुआ था संघर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। ग्राम सैदपुरा खुर्द में बारात के दौरान आतिशबाजी के चलते घर में पटाखे से लगी आग के बाद हुए संघर्ष की घटना में पांच महिला सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में कई लोग घायल हुए थे और पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से लाईसेंसी बन्दूक, मस्कट, कारतूस व लाठी-डंडे बरामद होने का दावा किया है।

एसपी देहात आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि छह मार्च को चरथावल थाना क्षेत्र के गांव से नंगला राई से तितावी थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर खुर्द में आई थी। और आतिशबाजी के दौरान पडौस के ही व्यक्ति के घर में पटाखा गिरने से सूखी लकडियों में आग लग गई थी। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हुआ। उन्होने बताया कि इस विवाद में गांव के लोगों ने लाठी-डंडो व धारदार हथियार से बारातियों पर हमला कर दिया था। इस मामले की वीडियो भी वायरल हुई और हमले में सात-आठ बाराती घायल हो गए थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया था और पीड़ित पक्ष की ओर से दी गईतहरीर के आधार पर पांच दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

पुलिस का कहना था कि मुकदमें में कुछ लोग नामजद हुए तो कुछ अज्ञात लोगों की नामजदगी की गई। एसपी देहात का कहना था कि मुकदमें के बाद पुलिस ने इस मामले में नामजद बेबी रानी पुत्री सत्तार, फूल पुत्री सत्तार, रिहाना पत्नी सुलेमान, आबिदा पत्नी सत्तार, यासिर पुत्र सत्तार, सुल. ेमान पुत्र सिकेन्दर व उसका भाई सरताज, जुनैद पुत्र तस्लीम निवासीगण सैदपुरा खुर्द को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी देहात ने बताया कि आरो. पियों के कब्जे से लाईसेंसी दो नाली बंदूक, मस्कट, कारतूस व लाठी-डंडे बरामद किए गए है।

सभी देशवासियों को माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
डा0 रिज़वान अली
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
डा0 मौ. शुऐब
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
डा0 ज़ैनब इनाम
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेष)
दीवान हॉस्पिटल
सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर-251001
☎ 0131-2634069, 9837335711

पागल ना होता तो हो सकता था साम्प्रदायिक बवाल

रात के समय कार का शीशा तोड़ने के बाद फैली तरह तरह की चर्चाएं

■ सीसीटीवी कैमरे की मदद से पहचान के बाद हुआ मामला शांत

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। देर रात कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर एक व्यक्ति द्वारा दूसरे समाज के व्यक्ति की कार का शीशा तोड़ने को लेकर साम्प्रदायिक बबाल होने से बाल बाल बच गया। सीसीटीवी कैमरे की मदद से व्यक्ति की पहचान होने के बाद मामला शांत हुआ।

कस्बे में शुक्रवार को उस समय साम्प्रदायिक बबाल खड़ा हो गया जब कोतवाली से चंद कदमो की दूरी पर सड़क किनारे खड़ी एक कार का शीशा टूटा देख कार मालिक में आक्रोश फुट पड़ा। जिसके बाद कार स्वामी द्वारा दूसरे समाज के लोगों पर कार का शीशा तोड़ने का आरोप लगाते हुय हंगामा खड़ा कर दिया।

उक्त लोगो द्वारा हंगामा करते देख और घटना की सचाई पता करने के लिए कुछ दुकानदारों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटरेज चौक की गई तो पूरा मामले की सचाई सामने आ गई। कार का शीशा किसी दूसरे समाज या संदिग्ध व्यक्ति ने नही बल्कि एक पांगल ने कार पर इट फैक कर कार का शीशा तोड़ा था। सीसीटीवी फुटरेज में पांगल व्यक्ति की पहचान करने के बाद मामला शांत हुआ।

कुछ लोगों का कहना था कि अगर समय रहते या आस पास सीसीटीवी कैमरे नही लगे होते तो कोई भी बड़ा साम्प्रदायिक बबाल हो सकता था। लेकिन गनीमत यह रही कि उक्त पांगल की पहचान होने से बबाल को होने से रोक दिया गया। इस घटना को लेकर काफी देर तक दोनों समाज के लोगों में अफरातफरी का माहौल बना रहा था।

वही इस घटना के बाद लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से नगर की सड़कों लर दिन रात घूमने वाले पांगल व्यक्तियों को पकड़ कर पांगल खाने भेजने की मांग उठाई लोगों का कहना था कि घटना पांगल व्यक्ति कर जाते है और उसके बाद दो समाज के लोगों में विवाद खड़ा हो जाता है जो कि कोई भी विवाद का बड़ा रूप ले लेता है। जिससे कस्बे की शांति भंग होने का भय लगा रहता है।

जौला यूथ क्लब ने अनावरण प्रोग्राम का लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला नहर के समीप कांधला रोड पर स्थित गायत्री वाटिका में स्थापित पन्नी में लिपटी चौधरी चरण सिंह की मूर्ति स्थल का शुक्रवार के दिन जौला यूथ क्लब के सदस्यो ने अवलोकन किया आठ मार्च के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की सभी तैयारियो को निहारा। जौला यूथ क्लब ने गायत्री वाटिका की साज सज्जा देख सिंचाई विभाग के अधिकारियों के काम की तारीफ की क्योंकि यहां पर नहर की सफाई और आसपास की सुंदरता को देखकर ग्रामीण बहुत ही खुश हैं। जौला यूथ क्लब के एक वरिष्ठ पदाधिकारी जीशान अहमद ने बताया कि आखिरकार आठ मार्च को चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण हो ही जाएगा। इसके लिए जौला यूथ क्लब

पिछले कई साल पहले इस मूर्ति के अनावरण कराए जाने की मांग कर चुका है लेकिन किसी भी सरकार के सिर पर जूं नहीं रेंगी। चौधरी अजित सिंह भी केंद्र में मंत्री रहे उन्होंने भी इस मूर्ति के अनावरण की तरफ कोई भी ध्यान नही दिया। अब चौधरी जयंत सिंह का भी ध्यान इस और नही गया। यह सब तो उनके और प्रदेश के एक मंत्री की मांग पर हुआ कि इस मूर्ति के दिन अब बहुर जाएंगे नही तो पिता और पुत्र ने तो आज तक भी इस और कोई भी ध्यान देने की जरुरत ही नही समझी।

एसपी देहात ने किया रैलीस्थल का निरीक्षण

बुढ़ाना। एसपी देहात आदित्य बंसल आज शुक्रवार की दोपहर में गांव जौला नहर पर स्थित गायत्री वाटिका पर पहुंचे और प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर सीओ गजेंद्र पाल सिंह और बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुढाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने एसटी देहात आदित्य बंसल को जानकारी देते हुए बताया कि पहले चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण होगा और फिर उसके बाद वाटिका के ठीक सामने पड़े भव्य मैदान में रैली का आयोजन होगा। जिसको केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह और यूपी के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह संबोधित करेंगे। लगभग 50 हजार लोगों के आने का प्रोग्राम है। इसके लिए अपने वालियेंटरों को उनकी ड्यूटी बता दी गयी है ताकि कांधला रोड पर जाम ना लग सके।

सर्राफा व्यापारी की दुकान पर ठगी

मीरापुर। नगर के सर्राफा व्यापारी लालजी ज्वैलर्स की दुकान पर दो ठगो द्वारा लाखो रूपये के जेवर धोखाधडी कर ठग लिये। इस धोखाधडी के प्रति व्यापारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर रोष प्रकट किया है। मीरापुर के सर्राफा बाजार में दर्शन लाल वर्मा की लाल जी ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। गुरूवार को तीन व्यक्ति उनकी दुकान पर खरीदारी करने के लिए आये व्यापारी को बातो में उल्झाकर लगभग दो लाख रूपये के सोने के जेवर लेकर फरार हो गये। थोडी देर बाद जब उनका बेटा दुकान पर आया तो उन्हे एक पेकेट कम दिखा तो दर्शन लाल ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरो के फुटेज लेकर व्यापारियों को जेवर बरामद करने का भरोसा दिया।

सड़क निर्माण में बाधा बनने का आरोप

खतौली। कस्बे में वार्ड 12 में काफी दिनों से सड़क निर्माण को लेकर विवाद चला आ रहा है। जिसके चलते सड़क निर्माण अधर में लटका पड़ा है। बैठक में इसी सड़क निर्माण को लेकर वार्ड सभासद विकास कौशिक ने समस्या उठाते हुय अधिकारियों से सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने पालिका प्रशासन पर सड़क का निर्माण न करने पर लापरवाही का आरोप लगाया। वही जब वार्ड सभासद कौशिक से इस बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है जिसके चलते निर्माण कार्य रुका पड़ा है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण में जिले भाजपा पार्टी के हाइकमान पदा. धिकारी पर सड़क निर्माण में बाधा बनने का भी आरोप लगाया बता दे कि विरोध करने वालो में भी भाजपा नेता है और सड़क निर्माण होने के पक्ष वाला भी भाजपा नेता है जो जिले के भाजपा हाइकमान से पालिका अधिकारियों पर दबाव बनाया जाता है इसी के चलते सड़क निर्माण कार्य महीनों से अधर में लटका पड़ा है। वही पालिका अधिका. रियों ईओ राजीव कुमार और जेई ने होली पर्व के बाद इस सड़क निर्माण की समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

दहेज एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा'' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

खतौली। श्री कुन्द कुन्द जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में शासन एवं माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को ''पढे विश्व. विद्यालय/पढे महाविद्यालय एवं बढे विश्वविद्यालय/बढे महाविद्यालय'' तथा ''दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा'' विषय पर कार्यक्रम को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष ई. आशीष जैन ने किया और उन्होने बताया कि कार्यक्रम माननीया राज्यपाल आनंदीब. न पटेल और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वाई. विमला की प्रेरणा से यह कार्यक्रम सामूहिक पठन संस्कृति को बढावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है, इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तक से पढने की आदत को प्रोत्साहित करना और उनके ज्ञान को बढाना है यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्म विश्वास और महत्वपूर्ण सोच को बढावा देगा। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. नीरजा गुप्ता ने अतिथियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को पुस्तक का वाचन कराया और बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज को दहेज व नशे जैसी बुराइयों से मुक्त करना है।

जान बचाने को चौकी में घुसे स्कूटी सवार

मुजफ्फरनगर। शादी में शामिल होकर घर जा रहे स्कूटी सवार दो युवकों पर जानलेवा कर दिया। दोनों युवक जान बचाने केलिए पुलिस चौकी में जा घुसे। मुकदमा दर्ज कर कर हमलावरों को तलाशा जा रहा है।

नई मंडी कोतवाली की आदर्श कॉलोनी निवासी सत्यम चौधरी ने पुलिस को बताया कि उसका बुआ का बेटा शांति नगर कॉलोनी निवासी गौरव चौधरी व उसका दोस्त शुभम शर्मा बुधवार देर रात अपनी दोस्त की बहन की शादी से शामिल होकर घर सकूटी पर घर जा रहा था।जैसे ही यह दोनों त्रिवकर्मा चौक के पास पहुचे तो कार में सवार होकर आए जितेंद्र तोमर, अमन तायल, लवी त्यागी व अन्य ने स्कूटी में टक्कर मार दोनों को गिरा दिया।

उन पर हमला कर दिया। दोनों युवक गांधी नगर पुलिस चौकी में जा घुसे। गौरव करा फोन भी तोड़ दिया। जान से मारने की धमकी देकर हमलावर फरार हो गए। उन्ऐं बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। नई मंडी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।।19रू40नई मंडी कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध हथियारों के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया, अधिकारियों के आदेश पर शुक्रवार को वांछित और शातिर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया था। इस दौरान एसआइ राहुल कुमार कांस्टेबल विपिन कुमार व प्रवीण कुमार के साथ शेरनगर गांव की तरफ चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्होंने संदेह के आधार चांदपुर पुलिस के पास दो लोगों को चेकिंग के लिए रोका। दोनों की तलाशी ली तो एक पास से तमंचा व एक पास से चाकू मिला। उन्होंने गिरफ्तार किए गए दोनों आरो. पितों के नाम आदिल पुत्र दिलशाद व नदीम पुत्र अख्तर निवासीगण शेरनगर गांव बताया। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

रविवार को बंद रहेगी कई मौहल्लों की विद्युत आपूर्ति

मुजफ्फरनगर । विद्युत नगरीय वितरण खंड टाउन हॉल के अधिशासी अभियंता ने बताया है कि दिनांक 09 मार्च 2025 (रविवार) को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र जिला अस्पताल को पोषित करने वाली 33 केवी लाईन के जर्जर पोलों को बदलने हेतु प्रातः 09:00 बजे से 12:30 बजे तक का शट डाउन रहेगा, जिस कारण जिला अस्पताल उपकेन्द्र से निर्गत समस्त 11 केवी फीडर्स की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण जिला अस्पताल उपकेन्द्र के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र मौहल्ला लद्धावाला, कम्बल वाली गली, किचलू वाला बाग, मोती महल, घास मण्डी, ब्रहमपुरी, गंगारामपुरा, मल्हुपुरा, रैदासपुरी, कच्ची सड़क, गाजावाली, उत्तरी रामपुरी के साथ जिला अस्पताल की सप्लाई व 11 केवी शनि धाम की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। असुविधा के लिए खेद है।उक्त क्षेत्रों के सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि उक्त शट डाउन की समयावधि में धैर्य बनाये रखे।

निक्षय मित्र योजना में डाक्टरों से मांगा सहयोग

बुढ़ाना। देश के पूर्व स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर निक्षय मित्र योजना का शुभ कार्यक्रम आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दोपहर दो बजे से लेकर सायं 4 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डाक्टर लोकेश गुप्ता ने कस्बे के सभी चिकित्सकों से निक्षय मित्र योजना में सहयोग मांगते हुए कहा कि हमें अपने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात को पूरी करते हुए इसी साल के अंत तक अपने भारत देश को टीबी जैसी बीमारी से मुक्त करना है। जिस पर भारद्वाज हास्पिटल, मलिक नर्सिंग होम, लाइफ केयर हास्पिटल और अशोक नर्सिंग होम सहित अन्य कई हस्पतालों के संचालकों ने दस-दस टीबी रोगी गोद लेकर

उनको अगले 06 महीने तक अपने खर्च से दूध पाउडर, दाल, आटा और सूखे राशन के पॉकेट आदि सामग्री भी देने की घोषणा की। यहां पर मुख्य रूप से सीएचसी प्रभारी डाक्टर अर्जुन सिंह, डाक्टर निशांत गर्ग, डाक्टर राहुल भारद्वाज, डाक्टर आकांक्षा भारद्वाज, डाक्टर अशोक कुमार, डाक्टर फरमान मलिक, डाक्टर सुरेन्द्र सिंह, डाक्टर ओमबीर मलिक, डाक्टर फरागत राणा, डाक्टर नियाज़ राणा व डाक्टर आदेश कुमार समेत कई चिकित्सक मौजूद थे।

थानाभवन पुलिस ने बुढ़ाना से पकड़ा गैंगरेप का आरोपी

बुढ़ाना। जिला शामली की थानाभवन पुलिस ने अर्धरात्री में बुढ़ाना कोतवाली में अपनी आमद कराई और बुढ़ाना पुलिस की मदद से एक मकान में छुपे गैंगरेप के आरोपी को पकड़ लिया। थानाभवन पुलिस आरोपी को अपने साथ थानाभवन ले गयी।

शामली के थानाभवन थाना क्षेत्र में गत दिवस किसी महिला के साथ कुछ युवकों ने गैंगरेप की घटना अंजाम दी थी। जिसमें पीड़िता की तहरीर पर थानाभवन पुलिस ने संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था और आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। इस गैंगरेप कांड में शामिल एक आरोपी कस्बा थानाभवन निवासी फरमान भी फरार चल रहा था। तब थानाभवन पुलिस ने उसके मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर आज शुक्रवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में बुढ़ाना कस्बे से एक स्थान से बुढ़ाना पुलिस की मदद से फरमान को गिरफ्तार कर लिया और उसे अपने साथ ले गयी। दूसरी और चर्चा है कि थानाभवन पुलिस ने रंजिशन फरमान को फंसाया है जबकि नामजद दो अभियुक्तों को मुकदमे से बाहर कर दिया गया।

आरोप है कि पुलिस ने फीलगुड करते हुए दो अभियुक्तों को क्लीन चिट दे दी है। बताया जाता है कि जिला शामली के थानाभवन में एक युवती ने एक अस्पताल के संचालक डॉक्टर नदीम, डॉक्टर गय्यूर और मुजम्मिल पर यह कहते हुए दुष्कर्म का आरोप लगाया था कि डॉक्टर नदीम ने उसकी नहाते वक्त वीडियो बनाकर उससे दुष्कर्म किया है। थानाभवन पुलिस से बात हुई तो उसने फरमान को दोषी बताया।

सनराइज क्लब नें किया होली मिलन का आयोजन

मुजफ्फरनगर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनराइज क्लब द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर की सम्मानित महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया डांस क्विज गेम प्रतियोगिता सभी का आनंद लिया इस प्रोग्राम की शुरुआत श्रीमती दीपा सोनी क्लब की पूर्व अध्यक्ष के द्वारा स्वागत संबोधन के साथ हुई श्रीमती सोनी नें सभी आने वालों का स्वागत किया और आगामी होली की शुभकामनाए दीं

स्वागत कार्यक्रम के बाद नृत्य के प्रोग्राम में नमिता वर्मा, स्तुति बंसल, सरिता वर्मा, बबली अहलावत, प्रियंका चौधरी, उमा जी ,राकेश जी, रूही जी, कविता जी,शिवानी अरोड़ा किरण वर्मा, स्तुति बंसल, दीपा वर्मा, आदि ने अपनी अपनी बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। क्विज का सभी प्रतिभागी महिलाओ नें खूब आंनद लिया

कार्यक्रम मे उपस्थित सभी महिलाओ नें निर्धन छात्रों के लिए आगामी सत्र मे किताबें देने का भी संकल्प लिया

होली मिलन समारोह मे सभी नें होली के गीत गाये कार्यक्रम के अंत में क्लब अध्यक्ष राना परवीन जी द्वारा सबका धन्यवाद दिया गया तथा सभी को पुरस्कार वितरित किए गए..।

मस्जिदों में रही भारी भीड़

बुढाना। कस्बे और क्षेत्र में शुक्रवार के दिन माह रमजान के पहले जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। इस दौरान पुलिस बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से एलर्ट रहा। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे और क्षेत्र में रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। होली और रमजान के मद्देनजर पुलिस ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की हुई है। सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बीते कल बुढाना कोतवाली परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक में गणमान्य व्यक्तियों से सुझाव लिए गए थे। पुलिस बल को विशेष निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों के आसपास और मुख्य बाजारों में विशेष पेट्रोलिंग की जा रही है। पुलिस प्रशासन त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

किताबों की पूर्ति इंटरनेट नहीं कर सकता

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। शुक्रवार को विद्योत्तमा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुलपति वाय विमला मां शाकंकुभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के आदेश अनुसार पढ़े महाविद्यालय बढ़े विश्वविद्यालय के तहत युवा पीढ़ी में किताबों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी पसंद की किताबों को महाविद्यालय परिसर में पढ़ा। तथा शिक्षिकाओं ने भी किताबों का अध्ययन किया। कॉमर्स डिपार्टमेंट की प्रवक्ता पारुल ने छात्राओं को यह बताया कि आजकल युवा पीढ़ी का ध्यान किताबों की अपेक्षा फोन में ज्यादा लग रहा है ।उन्होंने कहा कि किताबों को पढ़ने से ही हमें पूर्ण ज्ञान प्राप्त होगा किताबों की पूर्ति कोई भी इंटरनेट नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि पढ़ने से व्यक्ति की बुद्धि का मानसिक स्तर बढ़ता है तथा व्यक्ति की पर्सनैलिटी भी डवलप होती है ।

यह कार्यक्रम आउटरीज सेल के सदस्य कुंद कुंद पीजी कॉलेज खतौली के प्रोफेसर डॉ राजीव कौशिक व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के प्रोफेसर दिनेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर छात्राओं को किताब से लगाव रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्या व समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। तथा साथ ही साथ कुछ प्रवक्ताएं सहित महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कविता वर्मा ने गोद लिया हुआ गांव याहियापुर में जाकर वहां की ग्रामीण महिलाओं को दहेज न लेने व ना देने के लिए शपथ दिलाई। ग्रामीणों को नशा मुक्ति भारत बनाने के लिए भी जागरूक किया । उन्होंने कहा कि नशा करने से पूरा परिवार खत्म हो सकता है इससे आने वाली पीढ़ी को भी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य डॉक्टर कविता वर्मा ,साधना सोम, रीना चौधरी, प्रियंका ,अनीता सिंह, शिवानी उपाध्याय ,पारुल तथा समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

महिला क्लब में रंगों की बौछार के साथ मनाया होली महोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। महिला क्लब मुजफ्फरनगर में इस वर्ष होली उत्सव एक अनोखे अंदाज में मनाया गया, जिसमें रंग, उल्लास और संगीत की सरिता बह उठी। नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप जी मुख्य अतिथि रही, अध्यक्ष श्रीमती रीना अग्रवाल और सचिव डॉक्टर रिंकू एस गोयल की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, वहीं उपाध्यक्ष मोनिका गोयल और सोनिया लूथरा के कुशल संचालन ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मोनिका गोयल और सोनिया लूथरा द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर गीत से हुआ, जिसने पूरे समारोह को एक माला की तरह पिरो दिया। उपाध्यक्ष मंजरी कुमार और संयुक्त सचिव रेनू अग्रवाल ने इस भव्य आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में हास्य और सामा. जिक संदेश से भरपूर खिचड़ी नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें चारू महेश्वरी, डॉक्टर रेनू, मोनिका गोयल, अमिता अग्रवाल, पल्लवी स्वरूप ने शानदार अभिनय किया। उनकी उम्दा प्रस्तुति ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया और खूब तालियां बटोरीं।इस अवसर पर ग्रुप डांस और संस्ख्रतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। महिलाओं ने पारंपरिक होली गीतों पर जमकर नृत्य किया, जिससे माहौल में उमंग और उत्साह भर गया। उत्सव में फूलों की होली खेली गई, जहां सभी ने प्रेम और सौहार्द के साथ एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाइयाँ दीं। इसके बाद, डीजे की धुनों पर सभी के कदम थिरकने लगे और पूरा पंडाल

रंग-बिरंगे उत्साह से भर उठा। कार्यक्रम की रौनक बढ़ाने के लिए ग्रुप गेम्स का आयोजन भी किया गया, जिसमें डॉ मंजू प्रभाकर, गौरी, संध्या, प्रतिभा, अर्चना, डॉली जैन,प्रीति जैन सभी ने उत्साह से भाग लिया। अंत में सभी को रिटर्न गिफ्ट देकर यह शुभकामनाएं दी गईं कि यह होली उनके जीवन में खुशियों और रंगों से भरपूर रहे। इस आयोजन में 100 से अधिक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस यादगार होली को अपने दिलों में बसा लिया। क्लब बोर्ड की सभी सदस्य बीना शर्मा, डॉ ललिता महेश्वरी, नीति गोपाल, सानिया बिंदल, माधवी स्वरूप, पल्लवी स्वरूप, अंकिता बिंदल, आरती अग्रवाल, रेखा अरोड़ा, निरुपमा गोयल समेत कई गणमान्य महिलाओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को और खास बना दिया। महिला क्लब मुजफ्फरनगर का यह होली उत्सव सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं था, बल्कि प्रेम, सौहार्द और भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने का एक सुंदर उदाहरण भी पेश किया।

भाकियू तोमर का पुरकाजी उप केंद्र पर प्रदर्शन

पुरकाजी। भारतीय किसान यूनियन तोमर के जिला उपाध्यक्ष शमशाद अहमद के नेतृत्व सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पुरकाजी उपकेंद्र पर धरने पर बैठ गए विद्युत विभाग के जई व एसडीओ की तानाशाही के चलते आरोप लगाते हुए कहा कि किसान व आमजन का आए दिन शोषण किया जा रहा है नए कनेक्शन के नाम पर भी किसान व आम जन से अवैध वसूली की जा रही है किसानों पर 5000 हजार बकाया चलने पर कॉन्शस काट दिए जाते है उसपर रोक लगाई जाए आज सबसे ज्यादा बिजली बिलों में गड़ब चल रही है मीटर द्वारा बिल कम ज्यादा निकल जाता है जिसमें किसान व आमजन को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है इस को कैंप लगा कर सही कराए

जाए ऐसे ही अन्य समस्याओं को लेकर लगातार 2 दिन चला धरना प्रदर्शन वही धरना प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे `कव ने सभी समस्याओं का जल्द समाधान करने का मजबूत अ्रवासन दिया उस के बाद धरना समाप्त हुआ। इस मौके पर अजय त्यागी, इरशाद, अरुण कश्यप, दिलशाद प्रधान,मनीष मास्टर,सलीम मालिक, मोनू धीमान, फिरोज खान, अन्य उपस्थित रहे।

रैली की सफलता को लेकर की गई मंत्रणा

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। आठ मार्च की रालोद की रैली की सफलता को लेकर जहां रालोद के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूरे दिन एक्टिवघ दिखाई दिए वहीं भाजपा नेता दूर दूर तक भी दिखाई नहीं दिए।

इसको क्षेत्र के लोग रालोद की ही रैली बता रहे हैं जबकि इस रैली में भाजपा के यूपी के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी आ रहे हैं लेकिन ग्रामीण जनता उनके चेहरे को ना जानकर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की चाहना कर रहे हैं। शायद भाजपा के लोकल नेता भी इस रैली की सफलता के लिए रैलीस्थल पर विचार विमर्श करना तो दूर की बात रैली स्थल पर दिखाई नहीं दिए। रैली स्थल और

प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम स्थल पर यानी कि दोनों मैदानों में रालोद ही रालोद के कार्यकर्ता नजर आए। इस रैली की सफलता के लिए रालोद के कद्दावर नेताओं ने रैली स्थल पर ही गहन विचार विमर्श किया। जिसमें सबसे ज्यादा उत्सुक बुढाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक दिखाई दिए। उनसे बात हुई तो उन्होंने बताया कि आठ मार्च की सुबह आठ बजे से ही उनके नेतृत्व में सैंकड़ों ट्रेक्टर ट्रोलियां रैलीस्थल पर आना शुरु हो जाएंगी और ये ट्रेक्टर ट्रोलियां रैली शूरु होने तक रैली स्थल पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के किसी ना किसी गांव से लश्कर के रुप में आती रहेंगी। उन्होंने आज भी कई गांवों का दौरा किया और बीते कल से पहले भी ले इस रैली की सफलता के लिए आधा सैंकड़ा से भी अधिक गांवों का भ्रमण कर चुके हैं। उम्मीद है यह आठ मार्च की रैली रिकार्ड तोड होगी और चौधरी साहब का प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम पूर्ण रुप से उनके नेतृत्व में सफल होगा। दूसरी ओर इस संवाददाता ने जब रैलीस्थल के आसपास का लगभग दस किलोमीटर दूर तक का नजारा देखा तो सैंकडो बड़े और छोटे बैनर और होर्डिंग पर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के ही दिखाई दिए। कुल मिलाकर यह रैली पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का भविष्य तय करेगी यह बात बच्चे बच्चे की जुबान पर भी है।

टिकौला शुगर मिल ने किया 31.12 करोड़ का भुगतान

मीरापुर। टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष एम0सी0 शर्मा ने बताया कि शुगर मिल ने सत्र 2024-25 का 22 फरवरी 2025 से 01 मार्च 2025 तक खरीदे गये गन्ने का सम्पूर्ण भुगतान 31.12 करोड़ रु0 (इकतीस करोड़ बारह लाख रूपये) का समितियों के माध्यम से किसानों को कर दिया गया है। सभी किसान अपनी-अपनी सबंधित समितियों/बैंको के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर ले।

सूचना

सिद्धार्थ स्नातकोत्तर महाविद्यालय आखलौर खेड़ी परगना व तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर की प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 16/03/2025 दिन रविवार को सम्पन्न होगा।

चेयरमैन ।

कर्मचारी को हटवाने की मांग पर बोर्ड बैठक में हंगामा

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। नगर पालिका में बजट को लेकर बुलाई गई बोर्ड बैठक में सफाई कर्मचारी को हटवाने की मांग के बाद सभासद भाकियू नेता और सफाई कर्मचारी नेता के बीच जमकर हंगामा हुआ। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत किया जिसके बाद सफाई कर्मचारी जिलाअध्यक्ष ने पालिका में हंगामा करते हुय उक्त सभासद के वार्ड में सफाई न करने की चेतावनी दी। वही सभासद और भाकियू नेता ने भी उक्त सफाई कर्मचारी की शिकायत मुख्यमंत्री और जिला जिलाधिकारी से करने की बात कही। वही सभासदों ने जिलाध्यक्ष पर बोर्ड बैठक में अभद्रता का आरोप लगाते हुय अपने पदों से इस्तीफे देने की चेतावनी दी।

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद में 2025-26 के बजट पर चर्चा करने कर लिए बोर्ड बैठक बुलाई गई थी। बैठक में वार्ड 17 मिठूलाल सभासद शालू ने सफाई नायक कर्मचारी की वार्ड आये दिन गैरहाजरी को देखते हुय उसे हटाकर उसकी जगह दूसरे सफाई नायक को लगवाने की मांग की थी। जिसके बाद पालिका सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष सुधीर धामा आग बबूला होते हुय सभासद की मांग का विरोध करते हुय सफाई नायक को वार्ड से न हटाने की चेतावनी देते हुय सभासद भाकियू नेता पर छीटाकशी कर दी जिसके बाद बैठक में मौजूद अन्य सभासदों में भी जिलाध्यक्ष के प्रति आक्रोश फुट पड़ा और बैठक में ईओ राजीव कुमार और पालिका अध्यक्ष लालू के सामने सभासदों और सफाई कर्मचारियों समेत जिला अध्यक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ। पालिका अध्यक्ष और ईओ ने दोनों पक्षों को शांत किया। वही हंगामे के बाद सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ने सभागार के बाहर हंगामा करते हुय वर्ड 17 में सगाई व्यवस्ता न करने की चेतवानी दी। वही दूसरी और सभासदों ने भी आपातकालीन बैठक कर जिलाध्यक्ष के खिलाफ रणनीति बनाने की बात कहते हुय ईओ और पालिका अध्यक्ष को अपने इस्तीफे देने की चेतावनी दी। समाचार लिखे जाने तक पालिका अध्यक्ष लालू से वार्ता चल रही थी।

विकास कार्यों के लिए 66 करोड़ 85 हजार 599 रुपए का बजट पास

बिना हंगामे के सभी प्रस्ताव पास

शाहटाइम्स संवाददाता

खतौली। नगर पालिका परिषद में वित्तीय वर्ष के बजट के लिये नगर में विकास कार्य कराने हेतु बोर्ड बैठक की गई। जिसमें ईओ ने सभासदों को एजेंडे के सभी प्रस्ताव पढ़कर सुनाये। जिन्हें बोर्ड बैठक में मौजूद सभी सभासदों ने बिना विरोध के सभी प्रस्ताव को अपनी सहमति प्रदान की। बोर्ड बैठक में दिलचस्प बात यह रही, की पक्ष और विपक्ष के सभासद सभी ने एक सुर में होकर नगर के विकास कार्यो के लिये पेश किये गये बजट को एक साथ मिलकर हरि झंडी दिखाई। राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद में 2025/26 वित्तीय बजट में के सबन्ध में नगर में विकास कार्य कराने के लिये एक बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता पालिका चेयरमैन हाजी शाहनवाज अली व संचालन ईओ राजीव कुमार ने किया। बोर्ड बैठक में ईओ ने एजेंडे में शामिल 24 प्रस्ताव को सभासदों को पढ़कर सुनाया जिसमें कावड़ मेले लिये विचार विमर्श, राजस्व की बढ़ोतरी के लिये, श्रावण शिवरात्रि के अवसर कावड़ यात्रा में बिजली, पानी, सड़क आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने, आउटसोर्सिंग के माध्यम से नगर पालिका में कर्मचारी रखने पर विचार, नगर में गर्मी के दिनों में जगह,जगह वाटर कूलर, फ्रिज, हैंडपंप आदि की मरम्मत, पालिका में प्रयुक्त समस्त वाहनों जनरेटर आदि हेतु आवश्यक मरम्मत की सामग्री, नगर में साफ सफाई व्यवस्था और मच्छरों के प्रकोप से बचाव हेतु किंग फाग, मैराथन फिनायल आदि क्रय करने पर विचार पर बोर्ड बैठक में 24 प्रस्ताव पेश किये गये। जिन्हें सभी सभासदों ने हाथ उठाकर अपनी सहमति देकर कस्बे के विकास के लिए

66 करोड़ 85 हजार 599 रुपए का बजट पास कर दिया। बोर्ड बैठक में सभासदों ने किसी प्रस्ताव पर कोई विरोध नही जताया जिससे बोर्ड बैठक शांति पूर्ण सम्पन्न हो गयी।

बोर्ड बैठक में दो सभासद भी गायब रहे। इस दौरान बोर्ड बैठक में विकास कौशिक, शगुफ्ता प्रवीन,असद खान शालू, हारून, अफरोज, रीना, सद्दाम, एहतेशाम, आसमा प्रवीन,अमित चौधरी, सोनू फरीदी, दानिश मिर्जा, अजय भुजह्न, सौरभ जैन, मनोज सहरावत, संतोष गुज्जर आदि सभासद मौजूद रहे।

रोजे रखने की परंपरा और उसकी फजीलत

(भाग्य शर्मा)

शाहपुर। बताया जाता है कि इस्लाम में रोजा रखने की परंपरा दूसरी हिजरी में शुरू हुई है कुरान की दूसरी आयत सूरह अल बकरा में साफ तौर पर कहा गया है कि रोजा तुम पर उसी तरह से फर्ज किया जाता है जैसे तुम से पहले की उम्मत पर फर्ज था मोहम्मद साहब मक्के में हिजरत प्रवासन कर मदीना पहुंचने के एक साल के बाद मुसलमानों को रोजा रखने का हुकुम आया इस तरह से दूसरी हिजरी में रोजा रखने की परंपरा इस्लाम में शुरू हुई हालांकि दुनिया के तमाम धर्मों में रोजा रखने की अपनी-अपनी परंपरा है ईसाई यहूदी और हिंदू समुदाय में अपने अपने तरीके से रोजा यानी के उपवास रखे जाते हैं रमजान का महीना मुस्लिम समुदाय के लिए सबसे पाक महीना माना जाता है इस पूरे महीने में लोग अल्लाह की इबादत करते हैं और रोजा रखते हैं रमजान को इस्लाम कैलेंडर का नौवां महीना माना जाता है इस पूरे महीने मुसलमान सूर्योदय के बाद और सूर्य दस्तक के पहले हम पानी आग्रह नहीं करते उपवास के अलावा मुसलमानों को इस पूरे महीने अपने विचारों में शुद्धता रखना और अपनी बातों से किसी को नुकसान न पहुंचाना जरूरी होता है इस पूरे महीने शरीर की शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है और रमज़ान के मुबारक महीने में ज़कात भी निकाली जाती है जकात की रक़म ग़रीब लोगों तक पहुँचाई जाती है जिससे है कि उनके रमज़ान अच्छी तरह गुज़र सके और वो ग़रीब लोग अपनी ईद को भी अच्छी तरह मना सकें और मुस्लिम समुदाय अपने करीबी मिलने वालो को ज़कात की रकम पहुँचाते हैं और मुस्लिम समुदाय के लोग रमज़ान मे इस बात का भी खय़ाल रखते हैं की कोई भी उनका पड़ोसी बिना शहरी व इफ़्तार के रमजान मे रोजा तो नहीं रख रहा अगर ऐसा होता है तो वह उनके घरों पर खानें की सामग्री का प्रबन्ध कराते है और यह भी कोशिश करते की इस सामग्री का किसी व्यक्ति को ना पता चले कहाँ से आई है और किसने भिजवाई है बस मेरे रब के अलावा और रमज़ान आने से कुछ दिनों पहले से ही पवित्र महीने रमजान की तैयारियों में लग जाते हैं इस्लाम में रमजान की काफी अहमियत है इस पाक महीने में अल्लाह जन्नत के दरवाजे खोल देता है वह दोजक के दरवाजे को बंद कर देता है वही शैतान को कैद कर लेता है इसलिए रमज़ान मे युवा पीढ़ी बढ़चढ़कर नमाज़ अदा करता है और बुरे काम छोड देता है और अपने रब के बताए हुए मार्ग पर निकल पडता है और यह समझने लगता है की में रमज़ान के मुबारक महीने में अपने रब को राज़ी कर अपने सारी ग़लतियों माफ़ करा लू और इस महीने में अल्लाह ने कुरान नाजिल किया जिसमें जिंदगी गुजर बसर करने के अल्लाह ने तरीके बताए हैं अल्लाह ने रमजान के मुबारक महीने में न्फल काम करने पर फर्ज अदा करने का सवाब और फर्ज अदा करने पर 70 द्रजो का सवाब देता है मुसलमान मुबारक महीने रमजान के पूरे रोजे रखता है रोजा रखने के बाद 30 दिन या 29 दिन के बाद ईद मुबारक आती है और ईद की नमाज़ अदा करने से पहले सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों को फितरा देना होता है जिस्से यह मालूम होता है की मोहम्मद साहब के आदेश अनुसार मुस्लिम समुदाय के लोग अपने गरीब भाईयो को फितरा दे कर ईदगाह में जाते हैं क्योकि फितरा देना वाजिब होता है ईद मनाने के लिए मुसलमान नए कपड़े बनाता है उसके बाद शीर बनाता है उसके बाद मुल्क में रह रहे हैं सभी धर्मों के लोगों को अपने घर बुलाकर शीर खिलाने में बड़ी खुशी महसूस करता है और भाईचारा बढ़ता है बात यहीं नहीं रुकती इसी के साथ साथ वह शीर और मिठाइयां डिब्बे में पैक करा कर हिंदू भाइयों के घर में पहुंचाकर बहुत बड़ा फक्र समझता है और आपसी भाईचारा बढ़ाने में पहल करता है इसी तरह 30 दिन के रोजे रखने के बाद ईद यही पैगाम देकर जाती है कि आपस में प्यार और मोहब्बत से रहो। और अब पुरे मुल्क हिन्दुस्तान मे ईद मिलन प्रोग्राम होने लगे हैं जिसमे देश के बड़े बड़े नेता शिरकत कर मोहब्बत का पैग़ाम देकर जाते हैं।

एसडीएम ने किया थाना रतनपुरी का औचक निरीक्षण

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खतौली मोनालिसा जौहरी ने थाना रतनपुरी का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने थाना परिसर का गहन निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कार्यालय, हवालात, भोजनालय, बैरक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क और अभिलेख कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर उन्हें अद्यतन और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अपराधियों की सूची की समीक्षा कर वांछित एवं इनामी अपराधियों व गैर- जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी तेज करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारी को स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। एसडीएम ने बीट पुलिसिंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बीट पुलिसकर्मियों को अधिक सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीट स्तर पर अपराध नियंत्रण और खुफिया जानकारी जुटाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि किसी भी बीट क्षेत्र में लाप. रवाही या सुस्ती देखने को मिली तो सख्त कार्रवाई होगी। एसडीएम ने समुदाय की भागीदारी से पुलिस को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस मित्रों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करे, उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच समन्वय बढ़ाने से अपराधों की रोकथाम में और अधिक सफलता

मिलेगी।महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए एसडीएम ने महिला संबंधी अपराधों और शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि हर महिला शिकायतकर्ता की बात पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनी जाए और निष्पक्ष, त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों, तिराहों, चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए साथ ही थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार किया जाए। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उनकी शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण किया जाए। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना श्री गजेंद्र कुमार थाना प्रभारी रतनपुरी व अन्य पुलिसकर्मी सभी उपस्थित रहे।

मुसलमान सदका और खैरात जरुर करें : मुफ्ती

बुढ़ाना। कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान में स्थित मस्जिद ए कूबा के पेश इमाम मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी ने शुक्रवार के दिन जुमे की नमाज पढ़ाने से पहले एक बयान सदका खैरात के लिए किया। जिसमें उन्होंने बताया कि इस्लाम के 5 अहम स्तंभ माने जाने वाली बातों में एक में जकात भी शामिल है। इसके लिए हुक्म है कि साल भर में एक बार व्यक्ति अपने माल ओ जर, संपत्ति, कारोबार, नेट बचत से एक निश्चित राशि निकाले और इसके लिए मुस्तहिक व्यक्ति तक पहुंचाए। अदा की जाने वाली राशि का असेसमेंट भी खुद लोगों को ही करना होता है। एक बात ये भी है कि कोई भी जकात अदाकर्ता इस कैलकुलेशन में न तो कोई हेरफेर करता है और न ही इससे बचता है। ऐसा संपन्न व्यक्ति जो मान. सिक रुप से स्वस्थ्य है।

बाल वैज्ञानिक हर्षित सहरावत का इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना। इंटर कॉलेज भोकरहेड़ी के कक्षा 9 के छात्र हर्षित सहरावत का चयन भारत सरकार द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत हुआ है। हर्षित सहरावत को कॉलेज स्टाफ व कस्बावासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

विद्यालय के विज्ञान शिक्षक और कार्यक्रम के प्रभारी लेफ्टिनेंट अमित राणा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के अंतर्मन में वैज्ञानिक ख्रष्टिकोण उत्पन्न करना है। उनके अंदर नवाचार की भावना पैदा करना, नए-नए आविष्कार करने के विचार उनके मन में आएं और मुख्य उद्देश्य उनके द्वारा ऐसे नए आविष्कार हो, जिनका मानव समाज को लाभ

मिले। हर्षित सहरावत 82 यूपी बटालियन एनसीसी के अंतर्गत इंटर कॉलेज भोकरहेड़ी का एक एनसीसी कैडेट भी है। इस पुरस्कार के अंतर्गत हर्षित सहरावत को दस हजार रूपये नगद पुरूस्कार दिया गया है। यह राशि छात्र को अगले चरण की प्रतियोगिता के लिए अपने आविष्कार के लिए दी गई है। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रवीण भाल, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल नवीन पाराशर, एनसीसी अधिकारी कपिल कुमार ने हर्षित की इस उपलब्धि पर कैडेट को बधाई दी है। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य कैप्टन डॉ. प्रवीण चौधरी, रामेश्वर राम, सुरेशचंद, गोविंद वर्मा, दिनेश शर्मा, सुनील कुमार, उत्तम मलिक, ईशा सहरावत, कपिल कुमार, अमित कुमार आदि शिक्षकों ने छात्र का स्वागत किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। छात्र के पिता दीपक कुमार भी प्राथमिक विद्यालय भोकरहेड़ी में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के अध्यक्ष व समाज के सम्मानित लोगों ने किया प्रियांशु रोशवाल का भव्य स्वागत किया।

प्रियांशु रोशवाल पुत्र कृष्ण रोशवाल गांव गंगादासपुर तहसील जानसठने यूथ एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 में हाई जंप में सिल्वर मेडल जीता है। उनके परिवार की कड़ी मेहनत व कोच गौरव त्यागी ने उन्हें इस सफलता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गुर्जर समाज के लिए बड़े गौरव की बात है कि समाज के युवा पढ़ाई व स्पोर्ट्स में आगे बढ़ रहे हैं।

इस मौके पर चौख रविंद्र सिंह गुर्जर (राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय गुर्जर महासभा), पूर्व प्रधान राजपाल सिंह, प्रधान चौ. रशेंद्र सिंह (गांव खोकनी), चौ. हेमसिंह विकल,चौ.वीरेंद्र सिंह गुर्जर ठेकेदार, पूर्व प्रधान तेजपाल सिंह, चौ.पंकज प्रधान कासमपुर, चौ. आनंद पोसवाल, चौ.रविंद्र को. हली, चौखरामपाल बूटार, चौ.महेंद्र सिंह हूण, सतेंद्र शर्मा, अरविंद शर्मा व गांव के अन्य सम्मानित लोगों ने मिलकर प्रियांशु का भव्य स्वागत किया और उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर सभी बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों के एक विशाल प्रदर्शन का आयोजन स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के प्रांगण में किया। सभा को सम्बोधित करते हुये कामरेड आरपी शर्मा, मंत्री यूपी बैंक इम्पलाइज यूनियन, , कामरेड योगेश गुप्ता डीजीएस स्टेट बैंक आफिसर एसोसिएशन. वसाचत कामरेड अशोक शर्मा, कन्वीनर यूएफबीयू व कामरेड अनुज गुप्ता स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिऐशन ने बताया कि बैंकों में कार्यरत सभी आफिसर व कर्मचारी यूनियन अपनी मांगों जैसे बैंको में पर्याप्त भर्ती, 5 दिवसीय बैंकिंग लागू करना, सभी प्रकार की आउटसोर्सिंग बन्द करना, बैंकों की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, बैंकों के बोर्ड पर आफिसर व वर्कमैन डायरेक्टर को अविलम्ब नियुक्त करना, ग्रेच्यूटी की सीमा 25 लाख करना, पीएलआई से डीएफएस हटाना, पेंशन अपडेशन आदि लम्बित मांगों को पूरा करने के लिये संघर्षरत है।

होली एवं रमजान में साप्ताहिक अवकाश में छूट की मांग

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। खतौली उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारीओ ने शुक्रवार को उप जिलाअधिकारी मोनालिसा जोहरी को ज्ञापन देकर आगामी होली महापर्व एवं रमजान के दृष्टिगत बाजार साप्ताहिक अवकाश में छूट की मांग की।

व्यापारियों ने कहा कि रमजान और होली के पर्व पर खतौली बाजार में नगर व देहात के लोग खरीदारी करने आते है। लेकिन इस बार दोनों पर्व पर साप्ताहिक बंदी पड़ रही है जिसके चलते बाजार बंद होने से ग्राहकों और व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। होली और रमजान पर्व पर व्यापारियों द्वारा लाखों की कीमत का सामान बेचने के लिए लाया गया है साप्ताहिक बंदी होने के कारण

व्यापारियों को भारी नुकसान हो सकता है इसलिए सोमवार को दुकानें खोलने की परमिशन दी जाए। व्यापारियों का ज्ञापन लेने के बाद एसडीएम ने आ्वा. सन देते हुय कहा कि उपरोक्त ज्ञापन जिलाधिकारी को भेज दिया जाएगा और आपको जानकारी दे दी जाएगी। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष/नगर अध्यक्ष राजेश जैन, नगर महामंत्री अरविंद वर्मा, कोषाध्यक्ष भावेश गुप्ता, तहसील अध्यक्ष मदन छाबड़ा, संयुक्त महामंत्री मुकेश तायल, युवा अध्यक्ष रवि ग्रोवर, विपिन जैन, सुनील जैन, हरिओम टंडन, अनुपम जैन आदि व्यापारी शामिल थे।

दहेज व नशा मुक्ति के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में दहेज मुक्त व नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा का शपथ कार्यक्रम व पढे विश्वविद्यालय / पढे महाविद्यालय व बढे विश्वविद्यालय/ बढे महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन

एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आज माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के निर्देशानुसार दहेज मुक्त व नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा का शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी व छात्र / छात्राओं ने इस कुप्रथा को दूर करने की शपथ ली। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा निर्देशित पढे विश्वविद्यालय/पढे महाविद्यालय व बढे विश्वविद्यालय / बढे महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसके अन्तर्गत विभिन्न विषयों पर शिक्षक, कर्मचारी व छात्र/छात्राओं ने पुस्तक पढी ।

इस अवसर पर प्राचार्य डा0 सचिन गोयल ने कहा कि दहेज और नशा ये दोनो ही कुप्रथायें समाज को दिमक की तरह खोखला कर रही है इन दोनों कुप्रथाओं का अन्त केवल कानून बनाने से संभव नही है। इस समस्या से छुटकारा पाने में लोगों की सामाजिक और नैतिक चेतना को प्रभावी बनाना एवं महिलाओं को शिक्षा तथा आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करना मददगार हो सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होने स्वाध्याय की महत्ता को व्यक्त करते हुए छात्र / छात्राओं को पुस्तक पाठन के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन डीन डा0 नवनीत वर्मा द्वारा किया गया व कार्यक्रम के अंत में उन्होने सभी अतिथियों, शिक्षकों व उपस्थित छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में

महाविद्यालय विभागाध्यक्ष डा. रवि अग्रवाल, डा. मोनिका रूहेला, एकता मित्तल, डा. मानसी अरोरा, डा. जगमोहन सिह जादोन, अमन वर्मा, रोहित कुमार, डा0 महेन्द्र सिंह, सपना चौहान, डा0 स्वेता संगल, डा0 नीतू पंवार, वीरेन्द्र कुमार, नीरज कुमार, मोनिका पंवार, ओमकार सिंह, शेखर सिंह, वंशिका गुप्ता, अंजली त्यागी, राखी धीमान, शिखा पाल, शिवांगी वशिष्ठ, नीलू राठी, पिंकी पाल, शिवांगी पुण्डीर, कमर रजा, कृष्ण कुमार, संकेत जैन, अंकित धामा, शुभम तायल, अंकित कुमार, आशीष पाल, संध्या त्यागी, दीपक गुप्ता आदि का योगदान रहा।

भगवन्त ऑल इंडिया कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

मीरापुर। भगवन्त ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्शन्स संकल्प से सफलता तक निरन्तर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में सिल्वर जुबली मना रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों की उपलब्धि को खेलों के माध्यम से जन जन तक पहुँचाने छात्रों की प्रतिभा तराशने और भारत सरकार के मिशन खेलों इंडिया को प्रोत्साहन देने के लिए भगवन्त ऑल इंडिया कबढी टूर्नामेंट का आयोजन 7 व 8 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। जिसमे कई राज्यों की 24 कबडडी टीमों ने प्रतिभाग किया।

जिसमे चांदपुर, दिल्ली, मुजफ्फरनगर स्टेडियम की टीम, आसरा टीम चांदपुर, मवाना, इब्राहिम पुठी, भगवन्त ग्लोबल एकडेमी, उत्तराखंड कबढी की टीमों के लिए संस्थान ने पंजीकरण नि:शुल्क रखा। बहार की टीमों के लिए खाने व ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था की। कार्यक्रम का सुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ वीरपाल सिंह निर्वाल जी जिला पंचायत अध्यक्ष मुजफ्फरनगर, संस्थान के चेयरमैन डॉ अनिल सिंह, जिला पंचायत सदस्य भीष्म सिंह, पूर्व कप्तान भारतीय कबडडी टीम व चयन समिति के सदस्य, एशियन गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी विजेंद्र सिंह ताना, संस्थान के निदेशक डॉ अनुराग विजय अग्रवाल, उपनिदेशक डॉ अजय गुप्ता, सह निद. शक डॉ पुष्पनील वर्मा, जीएम. सी.ए. दुष्यंत कुमार, डीन डॉ अजय सिंह डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ आदित्य शर्मा कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डॉ कावेन्द्र यादव ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ वीरपाल निर्वाल, संस्थान के चेयरमैन डॉ अनिल सिंह ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर , कबडडी कोर्ट पर फीता काटकर एवं विधिवत तरीके से नारियल पूजन के उपरांत टॉस उछालकर कोर्ट पर टीमों के कप्तानों से परिचय करते हुए खेल प्रारंभ करने की अनुमति देते हुए उन्हें सफलता के लिए अग्रिम सुभ कामनाये प्रेषित की। इस कबढी मैच में जीतने वाली टीम के लिए 21000 धन राशि उपविजेता टीम के लिए 11000 धन राशि पुरुस्कार के रूप में प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक रामकुमार शर्मा, शुक तीर्थ मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरपाल सहरावत, ग्राम प्रधान कासमपुर खोला पंकज प्रधान, देवल ग्राम प्रधान तारा सिंह, निजामपुर ग्राम प्रधान सत्यवीर सिंह, पूठी इब्राहिम पुर ग्राम प्रधानपति व मीडिया कमह्न भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम के संयोजक डॉ कावेन्द्र यादव, एड्मिसन प्रभारी डॉ शीतल राजपूत बीआईटी के स्पोर्ट ऑफिसर तनुष देवल, सह स्पोर्ट ऑफिसर दिव्य सिंह, विभागाध्यक्ष गौरव राजपूत इंजीनियर निकुल चौधरी, डॉ विवेक अहलावत डॉ चित्रा शर्मा, कपिल शर्मा, अर्पित शर्मा, रिहाना भट, उर्वशी, सुरजन चौधरी, सूर्यकांत शर्मा। आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

संक्षिप्त समाचार

जुमे की नमाज में अमन-शांति के लिए दुआएं मांगी

मीरापुर। पवित्र रमजान माह के प्रथम शुक्रवार को कस्बे की मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई और देश में अमन-शांति के लिए दुआएं मांगी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों ने मस्जिदों में पहुंचकर इबादत की।

शाही जामा मस्जिद, थावर वाली मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में शुक्रवार को सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी। नमाज के दौरान मस्जिदों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस मौके पर शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना आस मोहम्मद ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह महीना आत्मसंयम, इबादत और परोपकार का है। उन्होंने रोजेदारों से समाज में भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देने की अपील की। रमजान के इस पाक मौके पर देश में अमन और शांति की दुआएं मांगी गईं। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया था। इस मौके पर मस्जिदों में विशेष व्यवस्थाएं की गईं, ताकि नमाजियों को किसी तरह की परेशानी न हो। मस्जिद कमेटियों द्वारा साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। शुक्रवार की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया।

अखिल गुप्ता हत्याकांड का आरोपी गुजरात पुलिस ने दबोचा

मुजफ्फरनगर। आसाराम बापू के रसोइया अखिल गुप्ता की हत्या की साजिश रचने का आरोपी तामराज उर्फ ताम्रध्वज उर्फ महावीर को गुजरात पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नाम बदलकर रह रहा था और वह अखिल गुप्ता हत्याकांड का आरोपी था और 10साल से पुलिस को उसकी तलाश थी। शहर के जानसठ रोड के गीता एंक्लेव निवासी अखिल गुप्ता दूध का व्यवसाय करते थे। 11 जनवरी 2015 को गंगा प्लाजा स्थित दुकान से स्कूटर पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। महालक्ष्मी एनक्लेव के पास दो बाइक पर आए हमलावरों ने अखिल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गुजरात के कार्तिक हल्दर ने मीरापुर के गांव कासमपुर खोला निवासी नीरज, सीतापुर जिले के सिंघौली निवासी राहुल उर्फ अंकित उर्फ सूरज, तामराज, प्रवीण, वकील और बलबीर के साथ मिलकर हत्या की थी। पुलिस अभी तक तामराज को नहीं पकड़ सकी थी। तामराज उर्फ ताम्रध्वज उर्फ महावीर पुत्र हरिराम छत्तीसगढ़ के जिला राजनाथगांव के गांव बडसूम का रहने वाला है। पुलिस जांच में सामने आया है कि वह नोएडा में नाम बदलकर रह रहा था। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने आरोपी प्रवीण शिवाजी को दो साल पहले गिरफ्तार किया था।पुलिस ने प्रकरण में अलग-अलग आरोप पत्र दाखिल किए थे। प्रकरण की सुनवाई मुख्य पॉक्सो कोर्ट में चल रही है। अभी तक सिर्फ एक गवाह की गवाही हुई है। गवाह पत्रकार विजय सैनी की गवाही अभी तक नहीं हो सकी है। सुनवाई के लिए 19 मार्च नियत है।

अनोखे ढंग से हुई ठगी

मुजफ्फरनगर। आन लाइन ठगी का अनोखा मामला सामने आया है यह वारदात सुनने में पूरी तरह फिल्मी लगती है, लेकिन हकीकत में मुजफ्फरनगर के एक शख्स को फिल्मी अंदाज में ठगा गया है। पूरी कहानी दंग करने वाली है। वो साइबर ठगां के जाल में फंसकर लूट जाता है। सिविल लाइन थाने के साकेत का रहने वाला कंवरपाल धीमान के साथ यह ठगी की अनोखी वारदात है। धीमान के मोबाइल नंबर पर अनजान नंबर से वीडियों कॉल आती है। कंवरपाल कॉल को रिसीव कर लेते है। वीडियो में थाने में वर्दीधारी बैठा नजर आता है। कॉल करने वाला शख्स अपना परिचय अमित लोठा के रूप में देते हुए खुद को साईबर क्राइम मुम्बई का निरीक्षक बताता है। वो बताता है कि मुम्बई में किसी प्रशान्त गोयल द्वारा 247 फर्जी बैंक खाते खोले गए है। इन खातों की सूची में क्रमांक 198 पर उनके नाम का खाला दर्शित है। इन खातों के माध्यम से मनी लान्ड्रिग जैसे जघन्य अपराध को अन्जाम दिया गया है। अगले दिन फिर वीडियों कॉल के जरिए कंवर पाल को एक कोर्ट दिखाई जाती है। कुर्सी पर बैठा जज कहता है कि पुलिस द्वारा आपकी आयु और बीमारी के आधार पर आपकी जमानत चाही है। इसलिए 2 लाख 10 हजार की धनरा. शि पर जमानत मंजूर की जाती है। साथ ही बताया जाता है कि खाता नंबर के साथ बाकायदा आईएफएससी कोड और शाखा का नाम बताया जाता है। जमानत मिलने की बात सुनकर कंवर पाल यह धनराशि बताए गए खाते में टांसफर्र कर देते है। और डिमांड होने पर कंवरपाल को ठगी का अहसास हुआ तो उसने साइबर क्राईम शाखा में ऑनलाईन शिकायत की। प्राथमिक जांच पडताल में साक्ष्यों का संकलन करने के बाद साइबर क्राइम शाखा सिविल लाइन थाने में ऑनलाइन हुई अनोखी ठगी का मुकदमा दर्ज करा देते है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

दावत खाने आए थे, पहुंच गए अस्पताल

शादी समारोह के खाने से हुई फूड प्वाइजनिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। गांव दरगाह पुर में बृहस्पतिवार को एक शादी समारोह में देर शाम खाना खाने के बाद 60 से 70 लोगों की उल्टी-दस्त होने से तबियत बिगड़ गई थी, जिसमे कुछ मरीजों को देर रात तथा सभी मरीजों की दोपहर तक हालत सामान्य होने पर छुट्टी दे दी गई है।

बृहस्पतिवार को क्षेत्र के गांव दरगाह पुर में खोड़समा से आई बारात के लोगों, रिश्तेदारों तथा दावतियों की शादी में बने खाने के बाद हालत बिगड़ गई थी, जिसमे पांच साल से लेकर साल के बच्चे से लेकर 60 वर्ष से महिला पुरुष फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए थे, जिन्हे देर शाम तक उनके परिजन झिंझाना में निजी अस्पतालों में भर्ती कराया था। अलग अलग निजी चिकित्सकों के यहां भर्ती कई मरीजों को देर रात तक छुट्टी दे दी गई। आईबीएम हॉस्पिटल के चिकित्सक मसीउल्लाह ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर तक अनुभव 7 वर्ष, महिमा 6 वर्ष, दिव्या 17 वर्ष, रीना 26 वर्ष, तनु 16 वर्ष, रविता 28 वर्ष, समन, राधा, राहुल, आदेश, अविनाश तथा सरोज देवी आदि सभी रोगियों को सामान्य होने पर घर भेज दिया गया है।

चिकित्सकों ने फूड प्वाइजनिंग की वजह से लोगों को उल्टी दस्त होने की संभावना बताई है। झिंझाना क्षेत्र के गांव गांव दरगाह पुर में सुरेंद्र की लड़की के बरात क्षेत्र के खोड़समा गांव से आई थी। शादी समारोह में दोपहर का खाना चल रहा था। सभी बराती व घराती ने खाना खाया। इसी दौरान शाम करीब चार बजे खाना खाने वाले कुछ महिला पुरुषों और बच्चों की उल्टी दस्त होने से तबियत बिगड़ गई थी। वहीं बताया जा रहा है कि बारात में बने खाने का सामान कस्बे के एक चर्चित व्यापारी की दुकान से खरीदा गया था। जिसमें एक्सपायरी सामान का भी प्रयोग हुआ है।जब मामले में हड़कंप मच गया तो हर कोई सामान को लेकर व्यापारी पर उंगली उठाते नजर आए।

पूर्व में भी प्रचून के व्यापारी के साथ खराब सामान को लेकर हंगामा हो चुका है। लेकिन व्यापारी द्वारा मामले को सेटिंग कर रफा-दफा कर दिया जाता है।झिंझाना क्षेत्र के गांव गांव दरगाह पुर में सुरेंद्र की लड़की के बरात क्षेत्र के खोड़समा गांव से आई थी। शादी समारोह में दोपहर का खाना चल रहा था। सभी बराती व घराती ने खाना खाया। इसी दौरान शाम करीब चार बजे खाना खाने वाले कुछ महिला पुरुषों और बच्चों की उल्टी दस्त होने से तबियत बिगड़ गई थी। फूड इंस्पेक्टर विनोद कुमार से जब मामले को लेकर बातचीत की गई तो उन्होंने बताया मामला स्वास्थ्य विभाग का है।वहीं एसीएमओ डाक्टर अतुल बंसल ने बताया मामले की सूचना मिली थी मामला खाद्य आपूर्ति विभाग का है जो जांच कर बताइगे।

10 लीटर कच्ची शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। गत रात्रि पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आद. ेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी, बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा एक अभियुक्त लक्खा सिंह पुत्र बलजीत सिंह निवासी डेरा बखशीश मजरा ग्राम अजीजपुर को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

भवन कर व जलकर बढ़ाए जाने के प्रस्ताव पर जताया रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शामली के नगर पालि. का परिषद के अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर में भवन कर व जलकर को कई गुना बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श हेतु व्यापारियों की एक बैठक सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित व्यापार मंडल के प्रांतीय मुख्यालय पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में हुई जिसमें उपस्थित व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद द्वारा भवन कर व जलकर बढाए जाने के प्रस्ताव पर रोष व्यक्त करते हुए वापस लेने की मांग की बैठक में उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा की शामली एक छोटा शहर है भले ही वह जिला बन गया हो यहां पहले से ही भवन कर व जल कर अन्य शहरों के मुकाबले ज्यादा है अत: ऐसी स्थिति में भवन कर व जलकर बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है यदि नगर पालिका परिषद के अधिशासी

अधिकारी द्वारा अपनी मनमानी करते हुए शामली नगर में भवन कर व जलकर बढ़ाया गया तो नगर के व्यापारी व नागरिक मिलकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे तथा किसी भी हालत में भवनकर व जलकर नहीं बढ़ने देंगे बैठक मे उपस्थित सभी व्यापारियों एवं पदाधिकारीयों ने नगर पालिका जाकर वहां उपस्थित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी माननीय सोलंकी जी को भवनकर व जलकर बढाए जाने के प्रस्ताव को वापस लेने हेतु एक ज्ञापन सौंप कर भवन करव जलकर बढाए जाने के प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री, नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, रवि संगल नगर महामंत्री ,अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, महेश धीमान नगर कोषाध्यक्ष पूर्व सभासद ऋषभ जैन, वैभव गोयल, पवन गोयल ,आशुपुरी सुधीर सिंगला, आशु बत्रा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

मजदूरी के पैसे मांगने पर मिली धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़ीपुख्ता। थाना क्षेत्र के गांव भाटू निवासी एक राजमिस्त्री को अपनी मजदूरी के पूरे पैसे मांगना महंगा पड़ गया। गांव के ही एक व्यक्ति पर दबंगई दिखाने, धमकी देने और पैसे न देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने थाना गढ़ी पुख्ता में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण अब उसने पुलिस अधीक्षक शामली से न्याय की गुहार लगाई है।

गांव भाटू निवासी गौरव पुत्र ब्रह्मपाल पेशे से राजमिस्त्री है। उसने बताया कि करीब चार महीने पहले गांव के ही मुस्तफा पुत्र कुंगा ने अपने यहां पर चिनाई का कार्य कराया था, जिसमें गौरव की ष्8000 मजदूरी बनी थी। आरोप है कि कई बार पैसे मांगने के बावजूद मुस्तफा ने भुगतान नहीं किया और टालमटोल करता रहा।गौरव का कहना है कि जब उसने बार-बार मजदूरी के पैसे मांगे तो मुस्तफा ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इतना ही नहीं, दबंगई दिखाते हुए उसने धमकी दी कि वह पैसे नहीं देगा और जो करना हो कर लो।पीड़ित गौरव ने 24 फरवरी को थाना गढ़ी पुख्ता में शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

थाने के दरोगा ने समझौते के नाम पर रु. 5000 में मामला निपटाने की बात कही, लेकिन जब गौरव ने अपने पूरे रु. 8000 की मांग की तो दरोगा नाराज हो गए और उसे वहां से टरका दिया।गौरव का आरोप है कि मुस्तफा थाना में चौकीदार है, और इसी का फायदा उठाकर उसने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकाया। न्याय न मिलने पर गौरव ने पुलिस अधीक्षक शामली के पास जाकर न्याय की गुहार लगाई है।

बच्चों ने रखा पहले जुमे का रोजा

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज में रोजदारों की खासी भीड़ रही। छोटे बच्चों ने भी पहले जुमे का रोजा रखा वहीं कुछ बच्चे लगातार रोजे रख रहे हैं। उलेमाओं ने लोगों से रमजान में कुरान की तिलावत के साथ-साथ गरीबों को सदका, जकात, फितरा देने पर जोर दिया। जुम्मे के कारण बाजारों में भी रौनक रही। शुक्रवार को कस्बे के साथ-साथ देहात क्षेत्र में भी रमजान के पहले जुमे को लेकर हर तरफ उल्लास का माहौल दिखा। मुस्लिम बस्तियों में जुमे की नमाज अदा करने को लेकर सुबह से चहल पहल शुरू हो गई।खासकर बच्चे तथा नौजवान तबका सबसे पहले जमा मस्जिद में पहुंचने को उतावले दिखे। इस बार रमजान उल मुबारक में अभी भी सर्दी का मौसम चल रहा है जिस कारण छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं है। फैज पब्लिक स्कूल की कक्षा एक की छात्रा समरा ने अपना पहला रोजा रखा, वही इसी कक्षा की अलीना

तथा इल्मा इस रमजान के अब तक सभी रोजे रख रही है। दोनों छात्राओं ने कहा कि वह पूरे रोजे रखेगी। कस्बे की शाही जामा मस्जिद नीला रोजा में मौलाना याकूब ने लोगों को खिताब करते हुए कहा कि रमजान का पहला अशरा चल रहा है। जिसका पहला जुमा है। जिन लोगों ने अपने माल की जकात अदा नहीं कि वह माल का हिसाब कर ढाई प्रतिशत के हिसाब से गरीबों, असहाय लोगों को अपनी जकात अदा करें। इस्लाम के पांच रुकुन में से एक जकात अदा करना भी है। खारे वाली मस्जिद में मौलाना शुऐब ने जुमे के खुतबे से पहले लोगों को रोजे की फजीलत तथा तरावीह के सवाब के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि कुरान की तिलावत के साथ गरीबों, मिस्कीनों को सदका, जकात, फितरा देना चाहिए। मदरसा नूरिया वाली मस्जिद में मौलाना आजम ने, तकए वाली में हाफिज कलीम ने, सालारे वाली में हाफिज इरशाद ने, मस्जिद खातियान ने कारी इशाक ने मदरसा नूर मोहमादिया वाली में मौलाना अजफर ने, मनिहारों वाली में हाफिज अब्दुर्रहमान ने, कुरैशयान ने हाफिज सालिम ने जुमे की नमाज अदा कराई तथा नमाज से पहले लोगों को खिताब किया। जिससे स्थानीय बाजार में खासी भीड़ रही, वहीं जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सतर्क रही तथा क्षेत्र में शांतिपूर्वक पहले जुमे की नमाज अदा की गई।

गन्ना भुगतान न मिलने पर किसानों में आक्रोश, 9 मार्च को बजाज शुगर मिल के खिलाफ दी धरने की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। क्षेत्र के गांव हरड़ के किसानो ने बजाज शुगर मिल द्वारा गन्ना भुगतान न किए जाने के विरोध में आंदोलन की हुंकार भर दी है। किसानों का कहना है कि मिल प्रबंधन लगातार उनके भुगतान में देरी कर रहा है, जिससे वे आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं।गांव के बुजुर्गों और किसान संघर्ष समिति ने मिल प्रबंधन को बेईमान करार देते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो मजबूरन 9 मार्च को बजाज शुगर मिल के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।पहले यह धरना 7 मार्च को प्रस्तावित था, लेकिन किसानों की सहमति के बाद अब 9 मार्च को मिल के सामने जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों ने मिल प्रबंधन को स्पष्ट

संदेश दिया है कि अगर उनकी मेहनत की कमाई नहीं मिली तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।किसान संघर्ष समिति ने सभी किसानों से इस धरने में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है, ताकि अपनी आवाज बुलंद की जा सके और जल्द से जल्द बकाया भुगतान मिल सके। इस मौके पर धीरज राणा प्रेमसिह हरेन्द्र राणा लाल्ला ठाकुर संजीव सैनी मेनपाल सिंह देवेन्द्र राणा आदि लोग मौजूद रहे।

सड़कों से गंदगी उठाकर अधिकारियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। जिले की समृद्ध, सांस्कृतिक विरासत और स्वच्छता अभियान को समर्पित शामली महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हो गया। सवेरे वीवी पीजी कालेज से स्वास्थ्य की राह दौड हुआ। साथ ही सडकों पर फैली गंदगी को उठाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया।

शुक्रवार सवेरे शहर के वीवी पीजी कालेज शामली महोत्सव स्थल से डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एसपी रामसेवक गौतम, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम संतोष कुमार सिंह ने प्रसिद्ध प्लॉगमैन रिपुदमन बेवली संग दौड़ते हुए रास्ते में पड़ा कचरा उठाया जिससे न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाई।

मुख्य रूप से शामली स्वास्थ्य मार्च वीवी डिग्री शामली से प्रारंभ होकर टंकी कॉलोनी से होते हुए रेलवे फाटक से शिव चौक और वहां से भिक्की मोड होते हुए पुन: वी वी डिग्री शामली पर समापन हुआ। यहां पहुंचकर प्रसिद्ध प्लॉगमैन रिपुदमन बेवली ने सभी को शपथ दिलाई। जिसमें उन्होने कहा कि ना कूड़ा फैलाएंगे ना किसी को फैलाने देंगे अपने शहर को स्वच्छ रखेंगे। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने सभी नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय प्रतिष्ठानों और नागरिक समूहों से इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शामली में पहली बार आयोजित हो रहा शामली महोत्सव सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है।

यह हमारी परंपराओं, लोक. कला, संगीत और स्वादिष्ट व्यंजनों का मंच होगा, जहां शामली के नागरिक अपनी जड़ों से जुड़ने का अनुभव करेंगे। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का एक विशेष आकर्षण स्वच्छता मार्च प्लॉगथॉन हुआ, जो प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के विजन को समर्पित है।

इस अवसर पर एडीएम न्यायिक परमानन्द झा, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, चेयरमैन अरविन्द संगल, अंकित गोयल, आशीष जैन आदि मौजूद रहे।

शामली। श्रमदान कर सभी को संदेश देते डीएम व अन्य अधिकारीगण। छाया शाह टाइम्स

आज आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के पालन में आज राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत की नोडल अधिकारी मती सीमा वर्मा अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली की सचिव मती प्रतिभा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली ने बताया कि कार्यक्रम की लोक अदालत की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश विकास कुमार करेंगे। लोक अदालत में बैंकों से संबंधित,बिजली विभाग,सूक्ष्म आपराधिक मामले,दीवानी मामले, पारिवारिक मामले,चेक बाउंस आदि से संबंधित मामलों के निस्तारण किए जाएंगे।

महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। इनर व्हील क्लब शामली द्वारा शहर के बुढ़ाना रोड़ स्थित प्राइमरी पाठशाला में महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एक दिव्यांग महिला को व्हीलचेयर भी प्रदान की गई। शुक्रवार को शहर के बुढाना रोड़ स्थित प्राईमरी पाठशाला में इनर व्हील क्लब शामली द्वारा महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ क्लब अध्यक्षा अर्चना गोयल ने किया। इस दौरान महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचारों को व्यक्त किया। स्कूल के सभी विद्यार्थियों को होली के शुभ अवसर पर मिष्ठान में होली संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। क्लब द्वारा एक दिव्यांगजन महिला को क्लब की तरफ से व्हीलचेयर प्रदान की गई। साथ ही दिव्यांगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर ऊषा गोयल, बीना अग्रवाल, प्रिया भटट, बीना गर्ग, मिनाक्षी महेश्वरी, ब्रजलता अग्रवाल, पूनम गर्ग, शशि अरोरा आदि मौजूद रही।

रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

शाह टाइम्स टीम

गढ़ीपुख्ता। रमजान के पाक महीने के पहले जुम्मे को लेकर पूरे कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही अकीदतमंदों में खासा उत्साह देखा गया। लोग मस्जिदों की ओर रवाना होने से पहले विशेष तैयारियों में जुटे रहे। जुम्मे की नमाज को लेकर मस्जिदों में विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कस्बा गढ़ीपुख्ता की प्रमुख मस्जिदों सहित अकीदतमंदो में भी जुम्मे की नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में रोजेदारों ने मस्जिद पहुंचकर खुदा के आगे सजदा किया और हाथ उठाकर मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं। इमाम साहब ने अपने खुतबे में रमजान की फजीलत और जुम्मे की अहमियत पर रोशनी डाली। हाफिज, मौलानाओ ने रमजान का यह पाक महीना इबादत, रोजा और नेकियों का महीना बताया है, जिसमें हर नेक अमल का कई गुना सवाब मिलता है। पहले जुम्मे की तरह आने वाले जुम्मों को भी खास माना जाता है और अकीदतमंद पूरे जोश और

मौलाना शौकीन।

सिद्दत के साथ इबादत में मशगूल रहते है

शामली। माहे रमजान के छठे दिन पहले जुमे की नमाज जिलेभर की मस्जिदों में अदा कराई गई। जुमे की नमाज अदा कर अकीदतमंदों ने खुदा से देश में अमन चैन की दुआ मांगी। खुतबे से पहले मस्जिद में ब्यान करते हुए मौलाना शौकीन ने कहा कि यह अशरा रहमत का है। दूसरा मगफिरत का है और तीसरा अशरा जहान्नुम से आजादी का है। रोजा रखने के बाद पूरे जिस्म का रोजा होता है। इसलिए आंखों, काान, जबान और हाथों की हिफाजत की जाए।

शुक्रवार को जुमे की नमाज से पहले ब्यान करते हुए शाही जामा मस्जिद में मौलाना शौकीन ने कहा कि अल्लाह तआला गलत बात को पसंद नहीं फरमाते। मगर अगर कोई मजलूम अपने ऊपर किए जाने वाले जुल्म के खिलाफ आवाज उठाए तो उसे ऐसा करने की इजाजत है। सच्चे मोमिनों का काम यह होता है कि वो अल्लाह और उसके रसूल के तमाम एहष्काम को मानते हैं और अल्लाह के तमाम रसूलों को पर ईमान रखते हैं। कहा कि पुख्ता इष्ल्म वाले लोग जो कुरान और पहली आसमानी किताबों पर ईमान लाते हैं और नमाज कायम करते हैं और जकात अदा करना शुरू कर देते हैं और आखिरत पर ईमान ले आते हैं, तो उनके लिए अल्लाह तआष्ला ने बहुत बड़ा अज्ञ तैयार कर रखा है। कहा कि जो एक इंसान का नाहक कत्ल करता है, वह एक इंसान का नहीं बल्कि पूरी इंसानियत का कत्ल करता है। और जो एक आदमी की जिंदगी बचाता है वह किसी एक की नहीं बल्कि पूरी इंसानियत की जिंदगी बचाता है। इस दौरान मुस्लिमों ने नमाज अदा कर देश में अमन चौन कायम करने की दुआ मांगी। शुक्रवार को शहर की जामा मस्जिद, मस्जिद फतेहपुरी, मस्जिद कुरैशियान, मस्जिद मुहम्मदी, मस्जिद कलंदरशाह, मस्जिद चांद, मस्जिद नूरानी, मस्जिद गढीवाला और दिल्ली रोड स्थित मदरसा में जुमे की नमाज अदा हुई। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस फोर्स भी तैनात रहा।

जलालाबाद। रमजानुल मुबा. रक के पहले रोजे पर मुस्लिम अकीदतमंदों ने सुबह से ही नमाज की तैयारियां शुरू कर दी थी। बच्चों, नौजवानों और बुजुर्गों ने नहाने के बाद नए कपडे पहने और खुशबू लगाई। जुमे का खास दिन होने के कारण बच्चों ने रोजे रखे और नमाज का भी अहतमाम किया। इस दौरान बाजारों किरयाना, फल सब्जी आदि की खरीदारी करने वालों की भारी भीड रही। जलालाबाद की जामा मस्जिद में मौलाना एनुल हक साहब ने नमाज अदा कराई, मौलवियों वाली मस्जिद में मौलाना सैयद शारिक हुसैन ने, मेम्बर वाली मस्जिद में मुफ्ती दानिश साहब ने, मदरसे वाली मस्जिद में मौलाना वली उल्लाह ने, अब्बाजी वाली मस्जिद में मौलाना साजिद, शाम बाबू खां वाली मस्जिद में अनवार खां, मुन्ने खां वाली मस्जिद में मौलाना गुलश. ेर ने नमाज अदा कराई। इस मौके पर मौलाना सैयद शारिक हुसैन ने अपने ब्यान में पवित्र माह रमजान की फजीलत पर विस्तार से ब्यान किया। उन्होने कहा रमजानुल मुबा. रक सबसे पवित्र महीना है इस महीने में इबादत करने से सवाब अधिक होता है। उन्होने कहा इस महीने में अल्लाह की तरफ से रिज्क बढा दिया जाता है। नमाज के बाद देश की तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की गई।

कैराना। क्षेत्र में पवित्र रमजान के पहले जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस अवसर पर अकीदतमंदों ने अमन चौन, प्रेम भाईचारा और आपसी सौहार्द की विशेष दुआएं मांगी।इस दौरान सीओ व कोतवाल ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

मुकद्दस महे रमजान के पहले जुमे की नमाज के दृष्टिगत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में विशेष तैयारियां की गई गई थी। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा। मस्जिदों में अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। इसके पश्चात अकीदतमंदों ने अमन चौन, प्रेम भाईचारा, आपसी सौहार्द व खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। सीओ श्याम सिंह भी नगर में भ्रमण पर पहुंचे। उन्होंने धर्मस्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान मौलाना इरफान ने कहा कि माहे रमजान रहमत व कबूलियत का महीना है,हमें अपने गुनाहों की तौबा करनी चाहिए। साथ ही इस मकद्दस माह में कुरान शरीफ की तिलावत व नमाज का एहतमाम करना चाहिए,जिससे हमारी गुनाहों की माफी मिल सके।

शामली चीनी मिल ने किसानों के खातों में भेजा 13.57 करोड़ का गन्ना भुगतान

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। 4 मार्च, 2025 तक चीनी मिल द्वारा 54.34 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई की जा चुकी है तथा मिल संचालन प्रारम्भ होने के 99 दिन के अन्दर पेराई सत्र 2024-25 का कुल 170.87 करोड़ रूपये गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। इस प्रकार शामली चीनी मिल गन्ना मूल्य भुगतान में जनपद में लगातार प्रथम स्थान पर बनी हुई है। चीनी मिल के लगातार भुगतान, सुचारू संचालन एवं बेहतर व्यवस्था से किसान अति उत्साहित है। उपरोक्त के विषय में सतीश बालियान, महाप्रबन्धक (गन्ना) द्वारा बताया गया कि आगे भी गन्ना मूल्य भुगतान निर्बाध होता रहेगा। उन्होनें यह भी बताया कि इस समय कहीं-कहीं पर चोटी बेधक कीट की तितली दिखाई देने लगी है तथा अगले दस दिनों में इस कीट की प्रथम पीढ़ी द्वारा गन्ने की फसल को भयंकर नुकसान पहुंचाने की सम्भावना है। अत: सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि आज से लेकर 15-20 मार्च तक अपने गन्ने के प्रत्एक खेत में इमिडा क्लोप्रिड 200 मिलीलीटर, कार्बनडाजिम 100 ग्राम, शैम्पू 50 मिलीलीटर अथवा एक मुट्ठी सर्फ को 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। खेत में पोगला ना होने की स्थिति में भी फैली हुई सूखी पत्तियों, मेड़ो व आस-पास की झाड़ियों पर भी छिड़काव करें, इससे चोटी बेधक कीट के साथ-साथ मिली बग, स्केल इन्सेक्ट व व्हाइट फ्लाई आदि कीटों का भी नियन्त्रण होगा। किसान भाई अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना चीनी मिल पर ही आपूर्ति करें। आपकी चीनी मिल आपका समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना पेराई हेतु कटिबद्ध है।

विद्यालय को पांच पंखे

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर ने बताया कि शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर मुरादाबाद रोड स्योहारा को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के मैनेजर अभिमन्यु आदर्श, कैशियर शमशाद आलम व रवि कुमार के द्वारा विद्यालय को पांच पंखे प्रदान किए गए।

ट्रेन की चपेट में आकर महिला की दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

नागल। स्थानीय रेलवे स्टेशन के निकट एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई जिसकी शिनाख्त गांव खजूरवाला निवासी विमलेश के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार की शाम करीब सात बजे स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचित किया कि गाड़ी संख्या 19020 से अचानक एक महिला टकरा गई। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर बिखरे क्षत विक्षत शव को इकट्ठा कर शव की पहचान कराने के प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

मृतका महिला की उम्र करीब 32 वर्ष प्रतीत हो रही थी। जिसके एक हाथ पर दिल का निशान बना था जिसमें डत लिखा हुआ है। पुलिस ने सोशल मिडिया के जरिये शिनाख्त कराने पर पता चला कि मृतका गांव खजूरवाला निवासी सुभाषचंद्र की पत्नी विमलेश है। परिजनों के अनुसार वह घर से अपने मायके रसूलपुर खेडी जाने के लिए कहकर निकली थी।

निगम सुविधाएं उपलब्ध कराने को तत्पर: डा.अजय

मेयर ने विधायक राजीव गुंबर के साथ सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 26 में नगर निगम निधि से निर्मित होने वाली सड़क के कार्य का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस कार्य पर करीब 15 लाख रुपये की लागत आयेगी।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 26 के प्रकाश लोक कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स से निर्मित होने वाली सड़क का विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद नारियल फोड़कर व रिबन काटकर शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि प्रकाश लोक कॉलोनी व क्षेत्रीय लोगों द्वारा की जा रही लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए आज इस सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। निगम निधि से निर्मित की जा रही इस सड़क पर लगभग 15 लाख रुपये की लागत आयेगी।

महापौर ने कहा कि नगर निगम अपने नागरिकों को पेयजल, बिजली, सड़क व सफाई आदि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में नगर निगम ने शहर में विकास का एक नया खाका खींचा है। सहारनपुर एक आदर्श शहर की ओर बढ़ रहा है।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि नगर निगम ने सहारनपुर के विकास में नये आयाम स्थापित किये है। शहर के चारों ओर सड़कों का जाल बन गया है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद वीरेंद्र उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष संदीप धीमान, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, राकेश राणा, राजेश गुप्ता, पूर्व पार्षद प्रदीप पंवार व शाहिद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल रहे।

जंगली जानवरों के हमले में घायल युवक ने दम तोड़ा

नकुड़। कोतवाली क्षेत्र के गांव नसरूल्लागढ़ में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को हिलाकर रख दिया। जहां बीती रात एक युवक की जंगली जानवरों के हमले में मौत हो गई।

हादसा उस समय हुआ जब विजेंद्र सैनी पुत्र सीताराम सैनी निवासी ग्राम नसरूल्लागढ़ एक शादी समारोह से लौट रहे थे। बताया जाता है कि वह अपनी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी पर सवार थे। रास्ते में अचानक जंगली जानवरों के झुंड ने उन्हें घेर लिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद उनके परिजनों जैसे ही खबर लगी तो वह तुरंत ही घटना स्थल पर पहुंचे। तथा घायल विजेंद्र को निकट के ही एक डॉक्टर के पास इलाज के लिए पहुंचे। जहां विजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। इन दिनों आवारा पशुओं के झुंड घूमते फिर रहे हैं। जिस कारण इस प्रकार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। विजेंद्र की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। तथा गांव वासियों की सुरक्षा की जा सके।

पेराई सत्र के समापन का निर्णय

नागल। गांगनौली स्थित बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल में पर्याप्त गन्ना आपूर्त न होने से पिछले कई दिन से नो केन की स्थिति चलने पर प्रबंधन तंत्र ने निर्णय लिया है कि आगामी 10 मार्च को चीनी मिल का चालू पेराई सत्र समाप्त कर दिया जायेगा।

कारखाना प्रबंधक अखिल सिंह के मुताबिक किसानों को उनके सट्टे के सापेक्ष जारी की जाने वाली समस्त गन्ना पर्चियां किसानों को 26 फरवरी 2025 को ही जारी की जा चुकी है। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए चीनी मिल गेट के साथ-साथ चीनी मिल के सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों को फ्री पर्ची की सुविधा प्रदान कर दी गई है। ताकि किसान अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना बिना किसी परेशानी के चीनी मिल को आपूर्ति कर सके। यूनिट हैड हरविश कुमार मलिक ने सभी किसानों से अपील की है कि वह अपना समस्त गन्ना चीनी मिल को अंतिम रूप से10 मार्च 2025 तक या उससे पहले आपूर्ति कर दे। चीनी मिल के गन्ना विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी निर्देश जारी किये गए कि सभी अपने क्षेत्र के किसानों से सम्पर्क कर ले और यदि किसी किसान के पास पेराई योग्य गन्ना हो तो उसे चीनी मिल में आपूर्ति करवा दे।

मानव अपने विवेक से ले निर्णय: आचार्य सुभाष

चिलकाना। सुलतानपुर नगर में एकता जनसेवा समिति के तत्वाधान में हो रही श्री राम कथा के छठे दिन परशुराम, लक्ष्मण संवाद तथा राम बनवास की लीला का का सुंदर वर्णन किया गया।

नगर के न्यू कैंब्रिज स्कूल में श्री राम कथा सुनाते हुए आचार्य सुभाष शर्मा ने कहा कि मानव को अपने विवेक से यह निर्णय लेना चाहिए कि उसे क्या करना और क्या नही करना चाहिये। जब तक मनुष्य स्वयं पर आत्मविश्वास करता रहेगा तब तक वह सफतला प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि श्री राम व सीताजी के विवाह के उपरांत अयोध्या में खुशियां मनाई जाती है। कुछ समय बाद श्री राम को राजा बनाए जाने की तैयारियां होने लगती है तो इस खबर से मंथरा खुश नहीं हुई। मंथरा के कहने पर केकैयी राजा दशरथ से

अपने दो वरदानों में भरत को राज तथा राम को 14 वर्ष का वनवास मांगती है। कथा में यजमान धर्मपाल गुप्ता व मुख्य अतिथि महापौर डा. अजय कुमार सिंह रहे। इस दौरान महापौर ने कहा कि राम कथा मानव को भव सागर से पार उतारने में सक्षम है। कथा में रेनू मां सरसावा, श्याम कुमार सैनी, बालकृष्ण शर्मा, डॉ दीपक, डॉ कुलदीप चौधरी, राजबीर सिंह, डा.हुक्म सिंह सैनी, तरूण चौधरी सभासद सरसावा, विजय कालडा, पाल्ली कालड़ा, पूर्व प्रधान तेलीपुरा ब्रह्मपाल सिंह, नवाजिश खान, डॉ सुशील मोगा, शक्ति चौधरी सरसावा, अमित उपाध्याय, डॉ विकास धीमान, पवन गुम्बर आदि लोग मौजूद रहे।

आश्वासन पर किसानों का धरना समाप्त

शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर मनिहारान। तहसील परिसर में आयोजित किसान मजदूर संगठन की मासिक बैठक में संगठन द्वारा सूचना दिए जाने के बावजूद अधिकारियों के न पहुंचने से नाराज पदाधिकारियों ने अनिश्चित कालीन धरने की घोषणा कर दी। मौके पर पहुँचे तहसीलदार ने आश्वासन देकर धरना निरस्त कराया।

किसान मजदूर संगठन द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार तहसील परिसर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।ब्लॉक अध्यक्ष कुशलपाल सिंह को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया।बैठक में समस्याओं के समाधान को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भी पूर्व में ही सूचना दे दी गई थी।लेकिन सभी विभागों के अधिकारी बैठक में नहीं पहुँचे जिससे संगठन के पदाधिकारी नाराज हो गए और संगठन के जिलाध्यक्ष ठाकुर अजब सिंह ने बैठक को अनिश्चित कालीन धरने में बदलने की घोषणा कर

दी और आगे की तैयारियों में जुट गए।जानकारी मिलने पर मौके पर पहुँचे तहसीलदार राधेश्याम शर्मा ने संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता की और आगामी मंगलवार 11 मार्च को सभी अधिकारियों के उपस्थित रहने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मोंटू राणा,हेम सिंह राणा, तहसील अध्यक्ष कुशलपाल सिंह, वेदपाल फौजी, नीरज राणा, राजीव राणा, जॉनी राणा, विनोद राणा, श्यामवीर प्रधान, महेश त्यागी, सुनील त्यागी, विकास राणा, सुरेश पाल, पवन राणा, कर्म सिंह, कृष्ण पाल, विशाल आदि मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर नगर निगम में महिलाएं सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर आज नगर निगम द्वारा निगम में सेवारत करीब दो दर्जन महिला कर्मचारियों को निगम अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया और उनसे कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी व समर्पण भाव के साथ कार्य करने की अपील की गयी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में निगम के विभिन्न विभागों में सेवारत महिला कर्मचारियों को माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी द्वारा तथा सम्मानित किया गया। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने महिला कर्मचारियों की

निष्ठा, समर्पण भाव व ईमानदारी से कार्य करने की अपील

सेवाओं का उल्लेख करते हुए अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आजम ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी महिलाओं से अपील की कि वे अपने घर परिवार के अतिरिक्त अपने आस पास की सभी बालिक. ाओं को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। सम्मानित होने वालों में डॉ. सपना सिंह, दीपाली, मंजू, मुनेश, इंदु, अलका, मेघा, मधु, शिप्रा, नीलम, नीतू, सुनीता, सुशील आर्य, आरती, शिवा शामिल रही।

मेले का शुभारंभ

तीतरों। गांव धानवा के मां शाकंभरी देवी के मंदिर परिसर में हवन यज्ञ के बाद तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ।

मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य पुजारी सेठपाल शर्मा ने मां शाकुंभरी देवी की पूजा अर्चना संपन्न कराई। इस दौरान सेतपाल शर्मा ने कहा कि मां भगवती की पूजा अर्चना करने से सभी मनोरथ पूरे होते हैं। मां शाकंभरी देवी क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी है। घर में कोई भी मंगल कार्य करने से पहले उनकी पूजा अर्चना करनी चाहिए। उद्देश्य के लिए पूजा तभी सफल हो पाती है।

इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। मेले के उद्घाटन समारोह में बलराज सैनी, मानसिंह, ग्राम पंचायत सहायक विशाल, वंश, राहुल, सोमप्रकाश, रमेश सैनी, सचिन सैनी, शुभम, सौरभ, अंकुल पाल, अंकित, अरविंद प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

एमएलसी विजय का भाजपाइयों ने किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। कस्बा छुटमलपुर में विधान परिषद सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक का माता शाकुंभरी देवी के लिए जाते समय कस्बे में मंडल अध्यक्षअमित सेन के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पटका और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने कहा कि सरकार गांव, गरीब किसान, महिला, नवयुवकों के उत्थान एवं प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान डी सी डीएफ चौयरमेन सोनेद्र राणा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मान में भाजपा सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास को सार्थक करने का काम कर रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अमित सेन वरिष्ठ भाजपा नेता उपेंद्र सैनी समाजस. ेवी नीरज जैन पंजाबी समिति अध्यक्ष नवीन खुराना व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश राणा युवा भाजपा नेता विशाल बंसल वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील चौधरी मंडल उपाध्यक्ष अंकुर सैनी डॉक्टर अक्षय दीक्षित वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद गोयल सुधीर सैनी विकास राठौर आदित्य राठौर नवीन जैन गौरक्षा प्रमुख सोना पांडे गगन वर्मा संदीप रोहिल्ला राजीव शर्मा चौधरी बृजेश कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रभा ज्ञान स्कूल में बच्चों ने खेली होली

शाह टाइम्स ब्यूरो

गंगोह। प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में रंगों के पर्व होली व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास और धूम धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने राधा कृष्ण की पोशाक पहनकर रासलीला प्रस्तुत की और फूलों व गुलाल से होली खेली।

स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को विशेष रूप से मनाया गया। अध्यापिका सोनम ने भाषण के माध्यम से बच्चों को महिला सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान के बारे में जागरूक किया। इसके बाद विद्यालय में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने होली से संबंधित आकर्षक हस्तशिल्प कलाकृतियाँ बनाई। जिनमें गुब्बारे, पिचकारी व होली के अन्य प्रतीक चिन्हों को बनाएं। नन्हें मुन्ने बच्चों ने राधा कृष्ण की पोशाक पहनकर रासलीला प्रस्तुत की और फूलों व गुलाल से होली खेली।

छात्र छात्राओं ने आपस में हर्ष और उमंग के साथ होली खेली। अध्यापक गण भी इस उल्लास में बच्चों के साथ सम्मिलित हुए। विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और एकता का पर्व है, जो सभी धर्मों और संप्रदायों को जोड़ता है।

कस्बा व देहात क्षेत्रों में अदा की गई रमजान माह के पहले जुमे की नमाज

चिलकाना। सुल्तानपुर नगर एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में रमजान के पहले जुमा की नमाज शांतिपूर्ण रूप से अदा की गई। इस बार जामा मस्जिद चिलकाना व नगर की अन्य मस्जिदों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस का पहरा देखने को नही मिला।

शुक्रवार को नगर की मस्जिदों में रमजान के पहले जुमा की नमाज शांतिपूर्ण रूप से अदा की गई। नमाज के बाद सभी अकीदतमंदों ने हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की, सलामती, आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान जामा मस्जिद कुरैशियान चिलकाना के इमाम मौलाना मुअव्वज ने सभी लोगों को आगामी जुमा व होली के त्यौहार को लेकर खास हिदायत भी की। उन्होंने कहा कि आने वाले जुमा को हमारे मुल्की भाईयों का पर्व होली भी है।

इसलिए सभी लोग कोशिश करे कि आगामी जुमा की नमाज अपनी नजदीकी मस्जिदों में ही अदा करें। यदि जामा मस्जिद में ही नमाज अदा करने के लिए आना हो तो उन रास्तों से न आये जहां पर होली खेली जा रही हो। सभी लोग समझदारी का परिचय दे, जिससे कि किसी भी किस्म का कोई वाद विवाद उतपन्न न हो और शांतिपूर्ण रूप से जुमा की नमाज व होली का पर्व सम्पन्न हो सके। सभी लोग शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग करें।

जुमा की नमाज जामा मस्जिद कुरैशियान में मौलाना मुअव्वज, मस्जिद अंसरियान में मुफ्ती हैदर अली, मस्जिद आयशा में कारी राशिद, मस्जिद जंगल वाली में मौलाना इस्माईल, मस्जिद शाही में मौलाना मासूम, मस्जिद छप्पर वाली में कारी नदीम, मस्जिद जोहड़ी वाली में मौलाना अब्दुल माजिद, मदरसा तहफिजुल कुरान नया बांस में मौलाना अहबाब ने अदा करवाई।

वहीं क्षेत्र के ग्राम पठेड़, बुड्ढाखेड़ा, कातला, संगमौर, पटनी, सीकरी, पटना, दुमझेड़ा, दुमझेडी, चालाकपुर, टोडरपुर, दूधगढ़, सलीरी, गुमटी, मलकपुर, खेडा मवात, फिरोजाबाद आदि गांवों में भी जुमा की नमाज शांतिपूर्ण रूप से अदा की गई।

छुटमलपुर। मुकद्दस रमजान के पहले जुमा की नमाज नगर और आसपास के क्षेत्रों में अकीदत तथा शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। रमजान के पहले जुमे की नमाज के मौके पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रखें थे। नगर पंचायत द्वारा भी साफ-सफाई की व्यवस्था नगर की शाही जामा मस्जिद के बहार एवं अन्य स्थानों पर बेहतर ढंग से की गई।

शाही जामा मस्जिद में जुमा की नमाज मौलाना अबू बकर ने अदा कराई तथा जुमा की नमाज से पहले अपने खुतबे में मौलाना अबू बकर ने रोजा व नमाज की जानकारी विस्तार से दी। मौलाना अबू बकर ने कहा की रोजा सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह शरीर के साथ साथ मनुष्य की सारी बुराइयों की भी सफाई करता है रोजा हमें सिखाता है कि किसी भूखे-प्यासे व्यक्ति के साथ हमें कैसा व्यवहार करना है। मौलाना अबू बकर ने कहा कि रमजान की फजीलत यह है कि एक नेकी जो इंसान करता है उसका जवाब सत्तर गुना मिलता है, इसीलिए रमजान में जब भी कोई व्यक्ति अच्छे अमल करता है या दान-दक्षिणा करता है, उसको 70 गुना उसका फल(सवाब) मिलता है। उन्होंने जकात के बारे में कहा कि जकात रमजान में ज्यादा इसलिए दी जाती है कि उसका सवाब भी 70 गुना ही जकात देने वालों को मिलता है फितरे की रकम के बारे में

ऐलान किया कि इस वर्ष पैंतालीस रुपए का फितरा प्रति व्यक्ति दिया जाएगा। जिसके परिवार में जितने सदस्य हैं उनको पैंतालीस रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से ईद की नमाज से पूर्व अदा करना होगा जो गरीब और मिस्किनों व जरूरतमंदों को दिया जाना चाहिए। इस मौके पर राव शाहिद प्रधान, हाजी तोहिद सुलेमान, हाजी एहसान, हाफिज नाजिम राशिद शमशाद गजनफर अली मोहम्मद सलीम मोहम्मद शान अहमद मोहम्मद अतहर, दानिश मास्टर, शहजाद अंसारी, मुकीम, जीशान राणा, सुफियान, आदिल सभासद आदि ने बड़ी संख्या में नमाज अदा की। नमाज जुमा के बाद मौलाना अबू. बकर ने मुल्क की खुशहाली,कौम की तरक्की व अमन-शांति और भाईचारे की दुआ कराई।

बेहट। कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पवित्र रमजान माह के पहले जुमे की नमाज हजारो नमाजियों ने नमाज अदा कर मुल्क में अमनोअमान, खुशहाली व तरक्की के साथ-साथ कौम की सलामती के लिए दुआएं माँगी। इस मौके पर पुलिस के जवान मस्जिदों के आस पास मौजूद रहे पवित्र रमजान माह के पहले जुमे की नमाज नमाजियों ने अकीदत के साथ अदा की।

नगर की शाही जामा मस्जिद में शाही इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी, बस स्टैंड वाली मस्जिद में मुफ्ती असजद अली, जाहिद वाली मस्जिद में मुफ्ती आमिर, मस्जिद अबू बकर में कारी सनाउल्लाह,इमामबाड़े वाली अलीशान मस्जिद में कारी तस्लीम, मनिहारान मस्जिद में मुफ्ती तकीउल्लाह, मदरसा कसरुल उलूम में काजी साजिद अहमद, उमर फारूक मस्जिद में कारी उस्मान ने नमाज अदा कर कौम की सलामती व मुल्क में अमनोअमान, खुशहाली व तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में संसारपुर, कलसिया, मिर्जापुर, रायपुर,बादशाही बाग, ताजपुरा, मुजफ्फराबाद, मगनपुरा,ताजपुरा,सलेमपुर,दबकोरा आदि गाँवो में भी पवित्र रमजान माह के पहले जुमे की नमाज नमाजियों ने अदा की। पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र प्रकाश सिंह भारी पुलिस के साथ तैनात रहे। बेहट नगर पंचायत की तरफ से सभी मस्जिदों के आस पास साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम बेहट नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान शालु के निर्देश पर रहे... इस दौरान नगर पंचायत का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।इस मौके पर बाजारों में खरीदारों

की काफी भीड़ दिखाई दी।

नकुड़। रमजान उल मुअज्जम के प्रथम जुमे की नमाज नगर में शान्ति पूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ अदा की गई। नमाज के बाद अल्लाह की बारगाह में रोजेदारों द्वारा हाथ उठाकर रो रोकर अपने गुनाहों की तौबा की गई। शुक्रवार को रमजान उल मुअज्जम के पहले जुमे की नमाज पढ़ने के लिए गांव देहात तथा नगर से आए मोमिनों ने नगर की जामा मस्जिद में मौलाना मुनव्वर हुसैन की इमामत में जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम, अतिरिक्त इंस्पेक्टर सिरा. जुद्दीन, पुलिस बल के साथ लगातार गश्त पर थे। प्रथम जुमे की नमाज नगर की लक्कड़ वाली मस्जिद मरकज मस्जिद बंजारान, मस्जिद हमजा, मस्जिद उमर, मस्जिद शेखजादगान, पठानों वाली मस्जिद, इमली वाली मस्जिद, ढापवाली मस्जिद, कलंदर वाली मस्जिद, मदनी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी रमजान के पहले जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से आधार की गई। नमाज के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष शाहनवाज खान, सभासद अमजद खान, जुनैद असगर, हसीब निजामी, फरमान निजामी, आमिर कुरेशी, अमीर आलम, राव जीशान, पूर्व सभासद इनाम निजामी, इरशाद निजामी, आदि ने निगरानी करते हुए भूमिका निभाई। नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर में सफाई व्यवस्था दरुस्त की गई।

गंगोह। मुकद्दस रमजान के पहले जुमे की नमाज क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई।

पवित्र रमजान माह में मुसलमान बड़े ही अदब-अहतराम के साथ नमाज रोजे में लगे हैं। शुक्रवार को इस पवित्र माह के पहले जुमे की नमाज विभिन्न मसजिदों मे बड़े ही अकीदत के साथ पढ़ी गई। अनेक मस्जिदों में नमाज अदा की गई। हजारों लोगों ने नमाज में हिस्सा लिया। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई। नगर पालिका ने भी इस अवसर पर सफाई करा कर चूना डलवा दिया। रमजान के मौके पर सवैंयो, खजला आदि की बिक्री भारी मात्रा मे होती है। इनकी दुकानें लोगों ने सजा ली है। यही नही सूखे मेवे रेडीमेड कपड़े व अन्य सामान के आवश्यकता अनुसार आर्डर भी दुक. ानदारों ने भेज दिए है। रमजान को देखते हुए फलों के दाम भी बढना शुरू हो गए है। महंगाई को देखते हुए शुरू में बाजार फीके रहने की संभावना है। रमजान शुरू होते ही दूर दराज के गांवों में रहने वाले लोगों ने खरीदारी की।

रामपुर मनिहारान। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रमजान उल मुबा. रक के पहले जुमा की नमाज अदा कर अपने वतन भारत सहित पूरी दुनिया में अमनो अमान की दुआएं की।खरीदारों की भीड़ से बाजार भी गुलजार हो गए।

रमजान उल मुबारक का हर लम्हा मुसलमानों के लिए बेहद कीमती है।जुमा के दिन को सभी दिनों में फजीलत दी जाती है।इसीलिए सुबह से ही जुमा की तैयारियां शुरू कर दी गई थी।उलेमा ए दीन ने रोजा नमाज और दीगर इबादतों के बारे में तफ्सील से बताते हुए फर्ज और सुन्नतों पर अमल करने की हिदायत की।अकीदत के साथ मस्जिदों में जुमा की नमाज अदा की गई और अपने वतन भारत सहित पूरी दुनिया में अमनो अमान की दुआएं की गई।नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी।बाद में लोगों ने बाजारों में जाकर जमकर खरीदारी की जिससे बाजार गुलजार हो गए और दुकानदारों के चेहरे खिल उठे।उधर शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर संजीव कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त करते रहे।

सूचना

मैने अपने पुत्र मौ. नदीम को अभद्र व्यवहार व गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

मौ. शफीक अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी ककराला, थाना कुतुबशेर, जिला सहारनपुर।

कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

पत्रांक 2783 / स.वि.प्रा./ जॉन-5/2024-25 दिनांक 07 मार्च, 2025

सार्वजनिक सूचना

श्री गोविन्द राठी व श्री राघव राठी पुत्रगण श्री उमेश चन्द राठी व श्री शिवम राठी पुत्र श्री रूप किशोर राठी द्वारा एम.पी.एल. नं. 2बी/2187, खसरा सं. 349, ग्राम पठानपुरा, दर आबादी शंकर नगर, सहारनपुर में स्टिल्ट फ्लोर पर पार्किंग, अपर ग्राउण्ड व प्रथम तल पर शोरूम व द्वितीय तल पर स्टोर/हॉल क्रिया के सम्बन्ध में व्यवसायिक शमन मानचित्र संख्या SDA/ANI/2024/0002640 (क्षेत्रफल 334.44 वर्गमीटर) स्वीकृति हेतु 'निर्मित क्षेत्र' के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। महायोजना के जोनिंग रेगुलेशनस के प्रावधानों के अन्तर्गत 'निर्मित क्षेत्र' भू-उपयोग के अन्तर्गत क्रिया/निर्माण अनुमन्य की श्रेणी में आता है। प्रश्नगत स्थल पर उक्त शमन मानचित्र को शमन/स्वीकृत करने से पूर्व जोनिंग रेगुलेशनस के प्राविधानों के अनुसार दो समाचार पत्रों के माध्यम से जनसामान्य से एक माह के अन्दर आपत्ति / सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान है।

अत: जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत स्थल पर उक्त शमन मानचित्र को स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि के एक माह के अन्दर उपाध्यक्ष, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर को उपलब्ध कराये जा सकते है।

उपाध्यक्ष
सहारनपुर विकास प्राधिकरण
सहारनपुर।

अकीदतमंदों ने जुमे की नामाज़ की अदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। मुकद्दस माह ए रमजान के पहले जुमा की नमाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो की प्रमुख मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। लोगों ने नमाज अदा कर अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर देश व दुनिया में अमन व शांति व भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। नमाज़ के बाद आसपास के गांव से आए लोगो ने इफतार व सहरी के लिए खरीदारी की जिससे बाजारो में भारी भीड़ होने के कारण लोगो को आने जाने में भी काफी परेशानी हुई।सुरक्षा की दृष्टी से नगर के चौराहो पर पुलिस बल तैनात रहा।

दारुल उलूम की प्रसिद्ध मस्जिद रशीदिया में प्रसिद्ध आलिम मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने जुमा की नमाज अदा कराई। इस दौरान उन्होंने रमजान के महीने की फजीलत और रोजों की अहमियत पर रोशनी डाली। कहा कि रमजान का महीना सब्र करना सिखाता है। रोजेदार हर हालत में अल्लाह की रजा (खुशी) में राजी रहता है। जिसके चलते वह अल्लाह के करीब हो जाता है और उसकी दुआएं कुबूल होती हैं। उन्होंने मुल्क में अमनो अमान, आपसी सौहार्द और भाईचारे के लिए दुआ कराई। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण इलाकों से लोग नमाज अदा करने मस्जिद रशीद पहुंचे थे।

दारुल उलूम की छत्ता मस्जिद में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने नमाज अदा कराई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुसलमान अपने रब को राजी करें ताकि अल्लाह की रहमतें उनपर नाजिल हों। इसके अलावा नगर एवं देहात क्षेत्र के तल्हेड़ी बुजुर्ग, चंदेना कोली, साखान खुर्द, अंबोली आदि गांवों की प्रमुख मस्जिदों में अकीदत

के साथ जुमा की नमाज अदा की गई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए नगर की मस्जिदों व चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा।

पुलिस के हत्थे चढ़ा नशा तस्कर

देवबन्द। पुलिस ने मेला ग्राउंड से नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से बड़ी मात्रा में चरस बरामद की। जिसे वह ट्रक चालकों को बेचने का काम करता था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेला ग्राउंड से मोहल्ला फौलादपुरा सांपला मार्ग निवासी आशू उर्फ आस मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से 500 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह कम पढ़ा लिखा है और नशा करने का आदी है। कम दामों में बाहर से चरस खरीदकर लाता है। जिसे वह खुद इस्तेमाल करता है और यहां से गुजरने वाले ट्रक चालकों को महंगे दामों में बेचता है।

सैनी समाज ने महाराज को कहा दो टूक

मंदिर मुद्दे पर राजनीति न करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। बघरा आश्रम के पीठाधीश्वर यशवीर महाराज के नौ मार्च को देवबंद पहुंचने के कार्यक्रम पर सैनी समाज ने आपत्ति जताई है। भगीरथी शिव मंदिर सेवा समिति की बैठक में समाज के लोगों ने महाराज को दो टूक कहा कि वह मंदिर मुद्दे पर राजनीति न करें और न ही देवबंद का माहौल खराब करने का प्रयास करें।

बता दें, कि कुछ दिन पूर्व बघरा आश्रम के पीठाधीश्वर यशवीर महाराज ने बयान जारी किया था। इसमें उन्होंने देवबंद के मोहल्ला बेरुन कोटला में मुस्लिम आबादी के बीच बंद सैनी समाज के शिव मंदिर का जीर्णोद्वार कराने के लिए नौ मार्च को देवबंद पहुंचने की घोषणा की हुई है। लेकिन यशवीर महाराज की इस घोषणा पर सैनी समाज ने आपत्ति उठाई है। शुक्रवार को आयोजित हुई सैनी समाज की बैठक में समिति के जिला मंत्री उमेश सैनी ने कहा कि सैनी समाज ने 50 वर्ष पूर्व मंदिर स्थापित किया था। लेकिन किन्हीं कारणों से समाज के लोग 12 वर्ष पूर्व नगर में अलग-अलग स्थानों पर निवास करने लगे। तभी मंदिर से मूर्तियां भी अपने साथ ले गए थे। जिन्हें अंबहेटा मार्ग स्थित इंदिरा विहार कॉलोनी में मंदिर बनवाकर विधिविधान के साथ स्थापित कर दी गई थी। उसी समय सैनी समाज ने प्रशासन से मंदिर के लिए भूमि की मांग भी की थी। नगर अध्यक्ष राजू सैनी ने कहा कि मंदिर या कोई भी

सैनी समाज की आयोजित बैठक में नौ मार्च को देवबन्द पहुंचने के कार्यक्रम पर जताई आपत्ति।

धर्मस्थल किसी व्यक्ति विशेष का नहीं होता। बल्कि सर्वसमाज का होता है। जिसकी संचालन समिति होती है। इसमें किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। क्षेत्र के लोग नहीं चाहते हैं कि यशवीर महाराज मंदिर मुद्दे पर राजनीति करें और यहां का माहौल खराब करें। इस मौके पर रामकला सैनी, ओमप्रकाश सैनी, आदेश सैनी, मांगेराम सैनी, कल्लू राम सैनी, सोनू सैनी, सुनील सैनी आदि मौजूद रहे।

रोजेदार हेल्पलाइन पर पूछ रहे सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा के नेतृत्व में शुरू हुई हेल्पलाइन पर रोजेदार लगातार सवाल पूछ रहे हैं। मुफ्ती इनका जवाब शरीयत की रोशनी में दे रहे हैं। एक सवाल के जवाब में कारी इस्काक गोरा ने कहा कि नाबालिग और कमजोर बच्चे से जबरन रोजा रखवाना जायज नहीं है।

सवाल: मुजफ्फरनगर की साइमा ने पूछा कि उनके आठ साल के बेटे की सेहत नाजुक है, लेकिन ससुराल वाले उसे रोजा रखने पर मजबूर कर रहे हैं, क्योंकि उनके खानदान में यह रिवाज है कि बच्चे छोटी उम्र से ही रोजा रखते हैं, चाहे उनकी सेहत सही हो या नहीं। शरीयत इस बारे में क्या कहती है।

जवाब: कम उम्र के बच्चों को सिर्फ रस्म, रिवाज या नाम के लिए रोजा रखवाना नाजायज है। शरीयत में रोजा बालिग (यानी जो लड़का-लड़की 15 साल के हो चुके हों या जिनमें इससे पहले ही बालिग होने की निशानियां आ जाएं) के लिए फर्ज है। हां, बच्चों को रोजे की आदत डालने के लिए 10 या 11 साल की उम्र से कभी-कभी रोजा रखवाना अच्छा तरीका है। लेकिन किसी बच्चे को जबरदस्ती रोजा रखवाना, खासतौर पर अगर वह कमजोर हो तो नाजायज है।

सवाल: कैलाशपुर के शाकिर अली ने पूछा कि क्या रोजे की हालत में सिर पर तेल लगाने से रोजा टूट जाता है। उनके दोस्तों का कहना है कि तेल लगाने से रोजा टूट जाएगा।

जवाब: मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने

शरीयत में कम उम्र के बच्चों को सिर्फ रस्म, रिवाज या नाम के लिए रोजा रखवाना जायज नहीं।

कहा कि यह सरासर गलत है। शरीयत के मुताबिक रोजे की हालत में शरीर के किसी भी हिस्से पर तेल लगाना बिल्कुल जायज है और इससे रोजे पर कोई असर नहीं पड़ता। इसी तरह रोजे की हालत में सुरमा, इत्र या बालों में तेल लगाना पूरी तरह से मुना. सिब और जायज है।

इंसानियत का सबक याद दिलाने आता है रमजान: शहर इमाम

शाह टाइम्स संवाददाता

शेरकोट। इस्लाम का मुकद्दस महीना रमजानुल मुबारक शुरू हो चुका है, जिसके अन्दर दुनिया भर में मुसलमान अल्लाह को राजी करने के लिए मस्जिदों में जाकर नमाजों की पाबंदी और क़ुरआन पढ़ने का एहतमाम करते हैं। साथ ही तरावीह भी अदा करते हैं।

शहर इमाम मुफ्ती मुहम्मद जकी एजाज खान कासमी देवबंदी (खतीब जामा मस्जिद व शहर काजी शेरकोट) ने अपने बयान में कहा कि माहे रमजान की अहम इबादत रोजा है जो अल्लाह की मोहब्बत में भूख प्यास बर्दाश्त करना सिखलाता है। नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि यह महीना सब्र और

आपसी हमदर्दी का महीना है, जिसके जरिए मुसलमानों में दूसरे इंसानों की भूख प्यास की तकलीफ और उनके दुख दर्द को समझने और साझा करने की आदत पैदा की जाती है। रमजानुल मुबारक के पहले जुमे के मौके पर खिताब करते हुए उन्होंने कहा कि शुरू के 10 दिन रहमत का अशरा कहलाते हैं, जिसमें हर तरफ अल्लाह की रहमतें और बरकतें बारिश की बूंदों से ज्यादा दिन रात बरसती हैं।

जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नम को बंद कर दिया जाता है। माहे रमजान में नेकियों का सवाब बढ़ा दिया जाता है और शैतान को कैद करके अच्छाई और भलाई के रास्ते पर चलने के लिए मुसलमान की मदद की जाती है। अगर इस महीने के अंदर कोई भी मुसलमान अल्लाह को राजी करने से महरूम रह गया तो उससे बड़ा बदनसीब दूसरा कोई हो ही नहीं सकता।

एक नजर

हत्या के प्रयास का वांछित आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। हत्या का प्रयास करने के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायक हिरासत में भेज दिया गया।

अंबहेटा शेखां गांव निवासी नदीम ने तीन मार्च को कोतवाली में तहरीर देकर गांव निवासी सादिक पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर करने का आरोप लगाया था। जिसमें वह गोली लगने से बाल बाल बच गया था। पुलिस तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तभी से आरोपी की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने अंबहेटा में रेलवे पुल के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है। आरोपी सादिक ने पूछताछ में बताया कि दो माह पूर्व नदीम से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश में उसने रास्ते से गुजर रहे नदीम पर गोली चलाई थी। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

स्वर्ण रथ यात्रा महोत्सव के दूसरे दिन श्रीजी का सामूहिक अभिषेक

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय 140 वे वार्षिक स्वर्ण रथ यात्रा महा महोत्सव के दूसरे दिन मंदिर में श्रीजी का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनेक जैन धर्मावलंबी परिवारों ने सहभागिता की। इस दौरान कार्यक्रम स्थल मूल नायक 1008 श्री चंद्रप्रभ भगवान पार्श्वनाथ भगवान तथा 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर आदि तीर्थंकरों के पारंपरिक एवं पावन जयकारों से गूंज उठा। तीन दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मंगल प्रवचन कार्यक्रम में पंडित प्रदीप कुमार शास्त्री ने उपस्थित परिवारों को अपने आध्यात्मिक विचारों से लाभान्वित कराते हुए जैन धर्म से संबंधित अनेक तथ्यात्मक बिंदुओं की जानकारी दी। 8 मार्च को तीन

दिवसीय महा महोत्सव के अंतर्गत प्रात: 7:00 बजे श्री जी का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन होगा तथा 11:00 बजे रथ यात्रा के लिए बोलियो का आयोजन किया जाएगा तथा 11:30 बजे नगर में विशाल स्वर्ण रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस रथ यात्रा के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग स्थित शुभम मंडप में पांडुक शिला पर श्रीजी का अभिषेक होगा एवं आरती आदि कार्यक्रम संपादित कराए जाएंगे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली में कार की टक्कर से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

तल्हेडी बुजुर्ग। गांव साखन खुर्द के निकट हाईवे पर ट्रेक्टर ट्राली में कार की जोरदार टक्कर लगने से कार व ट्राली क्षतिग्रस्त हो गई जबकि दोनों वाहनों के सवार बाल बाल बच गए।

शुक्रवार को शाम के समय तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव साखन खुर्द निवासी अजय पुत्र छोटेलाल ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी भरकर हाईवे पर चल रहा था जैसे वह गांव के समीप पहुंचा तो सहारनपुर की और से आ रही तेज रफ्तार कार यूपी 11 सी डी 4886 अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रॉली में जा टकराई, जिसके कारण ट्रॉली और कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गई। देखते ही देखते हाईवे पर राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई जिसके बाद दोनों वाहनों के चालकों के बीच तू तू मैं मैं होने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आपस में झगड़ रहे लोगों को शांत कराया। तत्पश्चात मौके पर पहुंचे साखन खुर्द के ग्राम प्रधान मोंटी और कुछ सम्मानित लोगों ने कार चालक मोहम्मद फरहान पुत्र शहीद अहमद निवासी लबकरी और ट्रैक्टर चालक अजय के बीच समझौता कराकर मामले को सूलझाया।

एक नजर

मोहम्मद हमजा ने रखा पहला रोजा

धामपुर। साइकिल कारोबारी नदीम अहमद के 7 वर्षीय पुत्र मोहम्मद हमजा के पहला रोजा रखने पर रिश्तेदारों व परिवार वालों ने उसकी हौसला अफजाई की। मोहल्ला दिलशाद कॉलोनी निवासी नदीम के 7 वर्षीय पुत्र हमजा ने पढ़ाई के साथ-साथ कम उम्र में ही धार्मिक इबादत भी करता है। हमजा ने जीवन का पहला रोजा रख कर एक मिसाल पेश की है। हमजा के परिजनों ने कहा कि बच्चों में इबादत व तालीम देखकर दिल को सुकून मिलता है। बच्चों के परिजनों ने हमजा के उज्जवल भविष्य और स्वास्थ्य के लिए दुआएं की।

आरबीडी में रेंजर्स शिविर का समापन

बिजनौर। रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या के निर्देशन में पांच दिवसीय निपुण शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। रेंजर्स की दो टोलीयां रानी लक्ष्मीबाई टोली में रशिका, मानवी, नजराना, सुहाना, मुस्कान, निदा, सुषमा, नूतन रही एवं किरण बेदी टोली मे असफिया, काजल, रोहिणी, शिवानी, ज्योति, अनु, नेहा, मुस्कान, प्राची, काजल द्वारा अपने-अपने टेंट बनाए गए, जिसका निरीक्षण प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के द्वारा किया गया। तत्पश्चात निर्णायक मंडल द्वारा किरण बेदी टोली को प्रथम तथा रानी लक्ष्मीबाई टोली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। आज के दिन दो बेस्ट रेंजर्स कु. अस्फिया एवं राशिका वर्मा को चुनते हुए उन्हे सम्मानित किया गया। छात्राओं के द्वारा बहुत ही रचनात्मक रूप से कार्य किए गए। उनके द्वारा एक पुल का भी निर्माण बांस और रस्सीयों के माध्यम से किया गया। प्राचार्या के द्वारा उन्हें शुभाशीष देते हुए उन्हें आगे भी ऐसे ही ऊर्जावान रहते हुए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आज के समापन समारोह में महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताएं, रेंजर्स प्रभारी डॉ. दयावती, प्रशिक्षक श्रीमती पुष्पा चौहान आदि उपस्थित रही।

त्योहार प्यार, मुहब्बत व भाईचारे का देते हैं पैगाम: मौलाना इजहार

शाह टाइम्स संवाददाता

सहारनपुर। माहे रमजान के छठें दिन शहर की शिया जामा मस्जिद अंसारियान के पेश इमाम मौलाना इज़हार हैदर ने कहा कि त्योहार कोई भी हो और किसी का भी हो प्यार, मुहब्बत व भाईचारे का ही पैगाम देता है।

शिया जामा मस्जिद में आज रमजान माह के पहले जुमे की नमाज के दौरान अपने खुतबे में मौलाना इज़हार ने कहा कि रमजान का मुकद्दस महीने का ऐहतराम करना चाहिए। यह महीना सभी गुनाहों को माफ कराने का जरिया है। मस्जिद में पहुंचे नमाजियों को मौलाना इज़हार ने अल्लाह की राह में खर्च करने की

मौलाना इज़हार

फजीलत को भी बयान किया और बताया कि अल्लाह के रास्ते में खर्च किए गए माल को अल्लाह तआला सात सौ गुना बदला देंगे और कई लोगों को खुलूसे नियत की बिना पर उससे भी ज्यादा मिलेगा। उन्होंने कहा कि माहे रमजान में एक-दूसरे का अदबो अहतराम करें। यह महीना सभी गुनाहों को माफ कराने का एक जरिया है। जिसमें खुदा अपनी रहमत के सभी दरवाजे खोल देता है। उन्होंने कहा कि त्योहार किसी भी धर्म व मजहब के मानने वाले का हो वे सभी आपसी भाईचारे व प्यार-मुहब्बत का पैगाम देते हैं। इसलिए हम सभी को एक-दूसरे से नफरत नहीं करनी चाहिए और मेल मिलाप से रहना चाहिए। यही हमारा इस्लाम मजहब भी सिखाता है।

सुरेश कुमार सैनी बने होली रंग गुलाल जुलूस समिति के अध्यक्ष

राजा का ताजपुर। श्री कृष्ण मंदिर में सम्पन्न हुई होली रंग गुलाल जुलुस समिति की बैठक में होली परम्परागत रूप में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुरेश कुमार सैनी को होली समिति का अध्यक्ष चुना गया। संरक्षक राकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता व कमलजीत सिंह नूर के संचालन में सम्पन्न हुई। इस बैठक में होली बंगाली का समय 13 मार्च की रात्रि 11 बजे तय किया गया। परम्परागत गुलाल जुलुस 14 मार्च को प्रात: 9 बजे होलिका स्थान बाजार चौक से तथा यही से 11बजे से दोपहर 1बजे तक गीले रंग का जुलुस निकाला जायेगा। एकादशी पर हवन जोत निकाली जायेगी। बस्ती का भाईचारा बनाये रखने में एक-दूसरे का सहयोग करें। होली का त्यौहार सभी धर्मों के लोग भाईचारे के साथ मनाई। हिंदू भाइयों से भी अपील है कि रमजान के पाक महीने में मुसलमानों की भावनाओं का भी ख्याल रखे। सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों पर सहयोग करें। हरे-भरे पेड़ काटकर या किसी का निजी सामान न रखा जाये। रंग के दौरान किसी की दुकानों व मकानों पर रंग न डालें। आपसी भाईचारा कायम रखें। बैठक में सुरेश कुमार सैनी को अध्यक्ष, अनिल चंद्रा को सचिव, मुनीश दीवाकर को खजांची तथा सत्येंद्र कुमार आर्य, मदन सिंह सैनी, डॉ. अरुण अग्रवाल, विजेंद्र शर्मा, अनुराग त्यागी, धर्मावतार वर्मा, कमलजीत सिंह नूर आदि सभी हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी समिति सदस्य चुने गये।

नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम **दिव्यांश सिंघल** पुत्र **श्री मनीष कुमार सिंघल** निवासी नेचलगढ़ रेलवे रोड देवबन्द, सहारनपुर उप्र से बदल कर **ADVIK SINGHAL** रख लिया है। भविष्य में मुझे **ADVIK SINGHAL** पुत्र श्री **मनीष कुमार सिंघल** के नाम से जाना जाए।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0वि0 उखण्ड में 5 पापुलरो के पेड़ की निलामी होनी है जिनकी रकम 29,482/- निर्धारित है व प्रा0वि0 धॉलरा में (01) पेड़ सूखा आम व 1 पेड़ यूकेलिप्टस जिनकी रकम 1243/- निर्धारित हैं दिनांक 10.03.25 को नीलामी होनी है। उखण्ड में प्रात: 10 बजे व धॉलरा में 12:00 बजे इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय तिथि में शामिल होने का कष्ट करें।

आज्ञा से- प्रधानाध्यापक

न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर-सहारनपुर।

वाद सं0-130/2024

धारा 116 राजस्व संहिता 2006

अजय कुमार **बनाम** फूल कुमार आदि ग्राम चौरादेव, परगना हरौडा, तहसील व जिला सहारनपुर।

नोटिस

2-इंतजार पुत्र कालू, नि0गण चौरादेव परगना हरौडा, तहसील व जिला सहारनपुर 4-प्रमोद कुमार पुत्र सरदार सिंह, नि0ग्रा0 चौरादेव, हाल निवासी धर्मवीर कालोनी, गागलहेडी, परगना हरौडा, तहसील व जिला सहारनपुर, 6-तेजसा यादव पुत्री रामकुमार, नि0गण ग्राम चौरादेव हाल निवासी दिनारपुर गागलहेडी, तहसील व जिला सहारनपुर। 7-ग्राम प्रधान ग्राम चौरादेव, परगना हरौडा, तहसील व जिला सहारनपुर। एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है वाद, वादी अजय कुमार पुत्र श्यामलाल, निवासी ग्राम चौरादेव, परगना हरौडा, तहसील व सहारनपुर द्वारा योजित किया गया जिसमें आपको बतौर प्रतिवादीगण बनाया गया है। वाद उपरोक्त इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें दिनांक 12.03.2025 नियत है। आपको निर्देशित किया जाता है कि नियत दिनांक 12-03-2025 को प्रात: 10:00 बजे आप स्वयं या अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। यदि आप नियत दिनांक 12-03-2025 को न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा की आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है और वाद में आपकी अनुपस्थिति में अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

दिनांक 28.02.2025

उप जिलाधिकारी,
सदर, सहारनपुर।

भाकियू का थाना प्रांगण में धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

किरतपुर। चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कराने को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने थाना प्रांगण में धरना दिया। थाना प्रभारी के 5 दिन के अन्दर मोटरसाइकिल बरामद करने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम भोजपुर में स्थित किसान नेता मुकुल राजपूत की दुकान के सामने से मोटर साइकिल चोरी हो गई थी, जिसकी तहरीर थाना प्रभारी को उसी दिन दे दी थी। अभी तक मोटर साइकिल बरामद न होने के कारण किसानों में रोष व्याप्त हो गया और शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में थाना प्रांगण में धरना दिया

और मोटर साइकिल बरामद करने की मांग की। किसानों का गुस्सा सातवें असमान पर देख थाना प्रभारी राकेश कुमार ने मोटर साइकिल बरामदगी को लेकर 5 दिन का समय और मांगा। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। धरना स्थल पर किसानों के हाथों में युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत व जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही की फोटो लगी तख्ती ले रखी थी। धरना स्थल पर नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष कुलवीर चौधरी, मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक अध्यक्ष अंकित नरवाल, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह, भोपाल राठी व ब्लॉक किरतपुर की समस्त टीम उपस्थित रही।

भाई पर जानलेवा हमला, गंभीर घायल

धामपुर। मोहल्ला बंदूक चियान निवासी अफजाल पुत्र हिफ्जूररहमान ने पुलिस को दी तहरीर में अपने सगे भाई पर जानलेवा हमला करने का आरा. ेप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि, दोनों भाई की आसपास लोहे की दुकान है। उसका भाई उससे रंजिश रखता है। सुबह दुकान खोलते समय भाई ने लोहे के सरिया से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

अभद्र टिप्पणी से ग्रामीणों में रोष

धामपुर। गैर संप्रदाय युवक के द्वारा हिंदू धर्म के भगवान श्री राम एवं माता सीता पर अभद्र टिप्पणी की गई। युवक के द्वारा की गई हरकत से गांव के लोगों में रोष है। दर्जनों ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि ग्राम कुण्डीपुरा के प्रधान निसार अहमद के पुत्र आरिश अहमद ने सोशल मीडिया पर आतंक का दूसरा नाम आरिश के नाम से एक आईडी बना रखी है। बीते दिनों आरिश ने अपने सोशल मीडिया अंकाउट से श्रीराम और माता सीता को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हुए वीडियो वायरल कर दी।

● दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की मेजबानी को तैयार

विराट, गिल और वरुण में टीम को जिताने का मादा

रविवार को भारत-न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को चैंपियन का खिताब मिलेगा

● न्यूजीलैंड टीम का भरोसा विलियमसन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ, भारत टूर्नामेंट में अजेय, न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया

दुबई, वार्ता। रविवार, 9 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को चैंपियन का खिताब मिलेगा। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल की मेजबानी के लिए तैयार है। टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। वहीं, कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है। जबकि न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया है, टीम को भारत ने 44 रन से हराया था। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बालिंग और फील्डिंग तीनों डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फार्म में भारतीय टीम की बैटिंग लय में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल आर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पांड्या भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फार्म साबित कर चुके हैं। टॉप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। शमी-चक्रवर्ती 5-5 विकेट ले चुके, स्पिनर्स के नाम 21 विकेट भारतीय टीम के बालर्स इस टूर्नामेंट में अब तक 37 विकेट ले चुके हैं। इनमें 16 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए, जबकि 21 विकेट स्पिनर्स के खाते में आए हैं। मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती एक मैच में 5-5 विकेट ले चुके हैं। टॉप-5 गेंदबाजों की बात करें तो इसमें भारत के दो गेंदबाज शामिल हैं। शमी 8 और वरुण 7 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। टीम इंडिया ने भले ही अपने सभी मुक. ाबले जीते हैं, लेकिन टीम को अभी भी कई फील्ड में सुधार करना बाकी है। क्योंकि, ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेमीफाइनल में भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी थी। भारतीय टीम ने उस मैच को 49वें ओवर में जीता था। रोहित टूर्नामेंट में फिफ्टी नहीं लगा सके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओपनर की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे इस टूर्नामेंट में कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। वे किसी भी मुकाबले में पहले पावरप्ले में पूरे ओवर बैटिंग नहीं कर सके। इस टूर्नामेंट में उनका हाईएस्ट स्कोर 41 रन है। वे 4 मैचों में 26.00 की औसत से 104 रन ही बना सके हैं। ऐसे में रोहित शर्मा को खिताबी मुक. ाबले में बड़ी पारी खेलनी होगी। न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं इंडियन बैटर्स को न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की लीडरशिप वाली स्पिन चौकड़ी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 7 विकेट झटके थे। टीम के स्पिनर्स टूर्नामेंट में अब तक 17 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी का साथ देने के लिए कोई बड़ा नाम नहीं हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या को टीम में रखा गया है, लेकिन, हर्षित-पांड्या 4-4 विकेट ही ले सके हैं। शमी 8 विकेट के साथ टॉप विकेट टेकर्स में दूसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड की टीम ने टूर्नामेंट में 5 मुकाबले खेले, टीम को 4 में जीत मिली, जबकि एक हार भारत के खिलाफ ही झेलनी पड़ी। टीम सभी डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम दो बार 300 रन से ज्यादा का स्कोर भी बना चुकी है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट का हाईएस्ट टोटल 362 रन बनाया था। रचिन दो शतक लगा चुके(4 बैटर्स ने कुल 5 शतक लगाए न्यूजीलैंड की बैटिंग कमाल के फार्म में है। रचिन रवींद्र 2 शतक बना चुके हैं, जबकि केन विलियम्सन, टाम लैथम और विल यंग के नाम एक-एक शतक है। रचिन रवींद्र (226 रन) टॉप स्कोरर में नंबर-2 पर हैं। मैट हेनरी टॉप विकेट टेकर, भारत के खिलाफ 5 विकेट लिए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी टूर्नामेंट में 10 विकेट ले चुके हैं। वे टॉप विकेट टेकर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। मैट हेनरी भारतीय टीम को परेशान कर सकते हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ लीग स्टेज मुकाबले में 5 विकेट झटके थे। न्यूजीलैंड की टीम के पास भारत के खिलाफ दुबई की पिच पर खेलने का अनुभव है। पिछले मुकाबले में टीम 44 रन से हार गई थी। ऐसे में टीम फाइनल में बेहतर रणनीति के साथ उतरेगी। फाइनल में दुबई की पिच न्यूजीलैंड के लिए बड़ा चौलेंज साबित होगी। यहां भारतीय स्पिनर्स कीवी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। टीम को वरुण-कुलदीप का तोड़ भी निकालना होगा। कीवी कीवियों के पास भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का तोड़ नहीं है। वरुण ने कीवियों के खिलाफ पिछले मुक. ाबले में 5 विकेट झटके थे, जबकि चाइनामैन कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले थे। उनके बैटर्स भारत के स्पिनर्स को खेल नहीं सके थे। स्पिनर्स ने उस मुकाबले में 9 विकेट झटके थे। इंडिया के खिलाफ मिडिल आर्डर बिखरा भारतीय स्पिनर्स के सामने न्यूजीलैंड का मिडिल आर्डर संघर्ष करता दिखा था। पिछले मुकाबले में स्पिनर्स ने 9 विकेट झटके थे। उनके मिडिल आर्डर का कोई भी बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा नहीं बना सका था।

एमआई ने यूपी वॉरियर्स को छह विकेट से हराया

■ एमेलिया ने पांच विकेट और हेली ने दो विकेट लेकर 68 रन बनाए

लखनऊ, वार्ता। एमेलिया कर (पांच विकेट) और हेली मैथ्यूज (दो विकेट/68 रन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के 16वें मुकाबले में गुरुवार को यूपी वॉरियर्ज को नौ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया।

मुंबई इंडियंस की छह मैचों की यह चौथी जीत हैं। यूपी वॉरियर्ज के 150 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर एमेलिया केर (10) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी नेट सायवर ब्रंट ने हैली मैथ्यूज के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में ग्रेस हैरिस ने नेट सायवर ब्रंट को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नेट सायवर ब्रंट ने 23 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (37) रनों की पारी खेली। 14वें ओवर में क्रांति गौड़ ने हैली मैथ्यूज को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हैली मैथ्यूज ने 46 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए आतिशी अंदाज में (68) रनों की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई।

शुभमन गिल आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

स्मिथ और फिलिप्स भी दावेदारी की लाइन में

दुबई, वार्ता। भारत के युवा स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल फरवरी 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में सबसे आगे चल रहे है। इस दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स भी शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को फरवरी माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला खिलाड़ी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कारों के दावेदारों के नामों की घोषणा की। गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट से पहले इंग्लैंड पर भारत की निर्णायक श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करके सुर्खियाँ बटोरीं और बंगलादेश पर भारत की शुरुआती जीत से पहले एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान के प्रमुख दावेदार माने जा रहे। गिल ने फरवरी में अपने पांच एकदिवसीय मैचों में 94-19 के स्ट्राइक-रेट पर 101-50 की औसत से 406 रन बनाए। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में बंगलादेश के खिलाफ गिल ने नाबाद 101 रन बनाए और पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 46 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

गिल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के स्टार ऑल राउंडर ग्लेन फिलिप्स इस पुरस्कार के दावेदार हैं। महिला वर्ग में स्पिनर अलाना किंग ने मेलबर्न में महिला एशेज सीरीज़ के समापन मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद प्लेयर ऑफ़ द मंथ पुरस्कार की दावेदार बनी है। साथ ही एनाबेल सदरलैंड ने पारी की जीत में शानदार स्कोर खड़ा कर अपना टीम को अपना योगदान दिया। अंतिम नामांकित 20 वर्षीय थाई गेंदबाज़ थिपचा पुथावोंग हैं, जो नेपाल महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी टीम के विजयी अभियान में विकेट लेने वालों में से एक थीं। महिला वर्ग में फरवरी के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ की दावेदार ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख लेग स्पिनर अलाना किंग ने महिला एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया।

खेल विशेष

इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए मौका मिला तो तैयार हूं:पुजारा

कोलकाता, वार्ता। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए भूख और भी बढ़ गई है, अगर मौका मिला तो मैं इसे लपकने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। पुजारा ने गुरुवार को मीडिया कॉन्क्लेव में भारतीय टीम में वापसी के सवाल पर कहा कि मैं घरेलू क्रिकेट खेल रहा हूं। अगर मौका मिला तो मैं इसे दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हूं। मेरे सीरीज में खेलने की भूख और भी बढ़ गई है। जब आप बड़े हो जाते हैं, तो आपको और भी कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास गेंदबाजी है। हमें बोर्ड पर रन बनाने की आवश्यकता है और हमारे पास ऐसा करने वाले खिलाड़ी हैं। हमें गेंदबाजी और वहां की परिस्थितियों का सम्मान करना होगा। भारतीय टेस्ट टीम के नंबर तीन स्थान के मजबूत स्तंभ रहे चेतेश्वर पुजारा फिलहाल भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। वह टीम में वापसी का मौका मिलने और जोरदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इंडियन प्रीमियर लीग के बाद शुरु होने वाली यह टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा होगी। पुजारा सौराष्ट्र की रणजी ट्रॉफी टीम का हिस्सा हैं। इस सत्र उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 234 रन और असम के खिलाफ 99 रन की पारियां खेली। रणजी ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन मिश्रित रहा है। उनके पास विदेश की पिचों का अनुभव और सफलता उन्हें टीम में वापसी का प्रबल दावेदार मानती है।

ग्रीन का शतक, न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका को 78 रनों से हराया

■ मैडी ग्रीन ने 100 रनों की पारी खेली, रोवे ने चार विकेट लिए

नेल्सन, वार्ता। मैडी ग्रीन (100) की शतकीय और हन्ना रोवे (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 78 रनों से हरा दिया है। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए।

कप्तान चमारी अटापटू (11) और विशमी गुणरत्ने (आठ) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद हर्षिता समरविक्रमा और कविशा दिलहारी की जोड़ी ने पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी हुई। ईडन कार्सन ने कविशा दिलहारी (25) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका।

मनुडी नानायक्कारा (शून्य), हर्षिता समरविक्रमा ने 77 गेंदों में चार चौकों की मदद से (59) रनों की पारी खेली। नीलक्षिका सिल्वा (20), अनुष्का संजीवनी (13), अचिनी कुलसुरिया (एक), इनोशी प्रियदर्शनी (शून्य), चेतना विमुक्ति (तीन) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 46-4 ओवर में 167 रन पर ढ़ेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से हन्ना रोवे ने चार विकेट लिए। ब्री इलिंग और ईडन कार्सन को दो-दो विकेट मिले। सूजी बेट्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 59 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिए। सूजी बेट्स (पांच), एम्मा मैकलियोड (छह), ब्रुक हैलीडे (छह) और जॉर्जिया प्लिमर (28) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी मैडी ग्रीन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसाबेला गेज (19), जेस केर (38) रन बनाकर आउट हुई। मैडी ग्रीन ने 109 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (100) रन बनाये। वह 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर रनआउट हुई।

न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 245 रनों का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की ओर से चमारी अटापटू ने दो विकेट लिए।

ब्राजील ने नेमार को विश्वकप क्वालीफायर के लिए टीम में बुलाया वापस

रियो डी जेनेरियो, वार्ता। ब्राजील ने दिग्गज फुटबॉलर नेमार को 17 महीनों के बाद कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्वकप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए राष्ट्रीय टीम में वापस बुलाया गया है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम जानते हैं कि वह अभी भी चोट से उबरने होने की प्रक्रिया में है, लेकिन हम यह भी समझते हैं कि उसकी उपलब्धता हमें मैच के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से उबरने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम स्वाभाविक रूप से उसके उपलब्ध होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे हर कोई अच्छी तरह से जानता और समझता है। वह अपनी वापसी से बेहद खुश हैं और हम उन्हें हर तरह की सुरक्षा भी प्रदान करेंगे।

चोटिल हेनरी का फाइनल खेलने को लेकर संशय

● दक्षिण अफ्रीका के साथ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में लगी थी मैट हेनरी के चोट

दुबई, वार्ता। चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक 10 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी चोटिल हाने से उनके भारत के खिलाफ होने वाले महत्वूपर्ण फाइनल मुकाबले में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है।

हेनरी को दक्षिण अफ्रीका के साथ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के आखिरी ओवरों में दो ओवर गेंदबाजी की थी। चोट के बाद मैदान में वापसी के बाद हेनरी गेंद को पकड़ने के लिए छलांग लगाते हुए भी देखे गये थे। इस चोट के कारण वह अब भारत के साथ होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल से बाहर हो सकते हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड के अनुसार फाइनल से लगभग 48 घंटे पहले भी हेनरी की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है। स्टीड ने कहा कि मेरे हिसाब से हमारे लिए सकारात्मक बात यह है कि वह दोबारा गेंदबाज़ी करने उतरे थे। उनके कुछ स्कैन हुए हैं और हम उन्हें फ़ाइनल में खेलने का हर संभव मौक़ा देना चाहते हैं।

हालांकि इस वक़्त उनकी स्थिति अब भी अनिश्चितता के घेरे में है। स्टीड ने कहा कि वह कंधे के बल गिरने के कारण अभी भी दर्द से कराह रहे हैं। उम्मीद है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हेनरी ने टूर्नामेंट में 16.7 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। इनमें से पांच विकेट उन्होंने भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में लिए थे। वैसे न्यूजीलैंड के पास दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जैकब डफी का विकल्प के रूप में मौजूद है। डफी ने इस टूर्नामेंट में न्यूज़ीलैंड के लिए अब तक कोई मैच नहीं खेला है।

त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने श्रीलंका जाएगी भारतीय महिला टीम

मुंबई, वार्ता। भारतीय महिला क्रिंकेट टीम अप्रैल और मई में दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इस त्रिकोणीय श्रृंखला के सभी मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में 27 अप्रैल से 11 मई के बीच दिन में खेले जाएंगे। तीनों टीमें के बीच चार-चार मैच खेले जायेंगे और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल खेला जायेंगा। सीरीज का पहला मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच 27 अप्रैल को होगा। उल्लेखनीय है कि यह श्रृंखला सभी टीमों के लिए एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी का एक अतिरिक्त अवसर है। एकदिवसीय विश्वकप इस साल अक्तूबर में भारत में खेला जाएगा।

भारत-पाक के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सरकार के फैसले पर निर्भर : राजीव शुक्ला

■ द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति में नहीं: राजीव शुक्ला

लाहौर, वार्ता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट के बारे में कोई भी निर्णय सरकार ही ले सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति नहीं रही है। पाकिस्तान के तीसर दिवसीय दौरे पर पहुंचे राजीव शुक्ला ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जब दोनों देशों के बीच क्रिकेट की बात आती है, तो यह बहुत सीधा और स्पष्ट है कि निर्णय भारत सरकार के हाथ में है। हम सरकार के निर्णय के अनुरूप चलेंगे। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई का हमेशा से यही रुख रहा है।

आईसीसी का एक नियम भी है जिसमें सरकार की मंजूरी शामिल है, जो एक महत्वपूर्ण कारक है। जाहिर है कि भारत-पाकिस्तान मैच की मेजबानी करना चाहेंगे, लेकिन इस पर फैसला सरकार को करना है। उन्होंने कहा कि हम सरकार के सामने अपना दृष्टिकोण रखते हैं, लेकिन अंतिम फैसला विभिन्न कारकों पर विचार करने के बाद किया जाता है। आखिरकार यह उनका निर्णय है। लंबे अंतराल के बाद किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने में पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान काफी समय के बाद किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, और यह देखना बहुत अच्छा है कि उन्होंने इसे कितनी अच्छी तरह से आयोजित किया है।

भारत द्वारा अपने सभी मैच एक ही स्थान पर खेलने को अनु. चत लाभ कहे जाने के तर्क उन्होंने खारिज करते हुए कहा कि आईसीसी के फैसले में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत के मैच दुबई में होंगे, जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे। इसलिए, निष्पक्षता का मुद्दा यहां नहीं आता है। भारतीय और दुबई की पिच अलग-अलग हैं।

रमजान मुबारक

आठवां रोजा

सहरी	सुन्नी	5.15
	शिया	5.17
इफ्तार	सुन्नी	6.25
	शिया	6.39

यदि तुम शुक्र अदा करोंगे तो मैं तुम्हे और अधिक दूंगा और यदि नाशुक्री करोंगे तो मेरा अजाब बहुत सख्त है

कुरआन करीम

पीएम व सीएम को भेजा गौशाला में तैयार प्राकृतिक गुलाल

मेयर डा.अजय सिंह व नगर आयुक्त संजय चौहान ने रिबन काटकर किया गौशाला में स्टॉल का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। श्री कान्हा उपवन गौशाला में गोबर से तैयार किया गया प्राकृतिक गुलाल आम जन को उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम परिसर में महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान ने रिबन काटकर गुलाल के स्टॉल का शुभारंभ किया।

इसके अतिरिक्त महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान द्वारा नगर निगम की ओर से होलिकोत्सव के लिए आज राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश

पाठक, नगर विकास मंत्री ए के शर्मा, जिला प्रभारी मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नगर विकास राकेश राठौर गुरु सहित अनेक राजनेताओं को गुलाल के पैकेट भिजवाए गए।

उन्होंने उक्त सभी महानुभावों को गुलाल पैकेट भेजने के लिए निगम के चिकित्सा कल्याण अधिकारी व गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा को ये पैकेट सौंपे। इसके अलावा प्रदेश सरकार के अनेक उच्चाधिकारियों एवं निगमों के महापौर को भी गुलाल के पैकेट भेजे गए हैं।

नगर निगम परिसर में गुलाल के स्टाल का शुभारंभ करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि होली का पावन पर्व हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है और गाय हमारी संस्कृति का आधार है। यदि हम हालिकोत्सव में गाय के गोबर से निर्मित गुलाल का प्रयोग करते हैं तो सीधे-सीधे अपनी पुरातन संस्कृति से जुड़ जाते हैं। महापौर ने हर्ष व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की कि वे इस वर्ष होली पर्व पर केमिकलयुक्त रंगों के स्थान पर गाय के गोबर से निर्मित प्राकृतिक गुलाल का प्रयोग करें। उन्होंने गुलाल में प्रयोग किये गए अवयवों के सम्बंध में गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा से जानकारी ली। डॉ. मिश्रा ने बताया कि गोबर से निर्मित गुलाल एकदम केमिकल से मुक्त है। यह गोबर के पाउडर, आरारोट, इत्र, फलों के रंग व पालक तथा चुकंदर आदि से तैयार किया गया है।

इस अवसर पर उपसभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद राजेंद्र कोहली, नीरज शर्मा व मोहर सिंह के अलावा अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, मुख्य नगर लेखा परीक्षक सच्चिदानंद त्रिपाठी, वरिष्ठ लेखा परीक्षक अजमैन वारसी व सहायक लेखाधिकारी राजीव कुशवाह सहित अनेक अधिकारी मुख्य रूप से शामिल रहे।

अबू आजमी समेत माफी मांगे सपा: गुरप्रीत बग्गा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। भाजपा नेता गुरप्रीत सिंह बग्गा ने कहा कि सपा विधायक अबू आजमी द्वारा क्रूर मुगल शासक औरंगजेब का महिमा मंडप राष्ट्रविरोध व दुर्भाग्यपूर्ण है। अबू आजमी सपा को इस पर माफी मांगनी चाहिये।

गुरप्रीत बग्गा ने कहा कि सपा विधायक अबू आजमी के औरंगजेब वाले विवादित बयान पर सपा मुखिया की चुप्पी यह दर्शाती है कि सपा सिखों की कितनी हितैषी है। उनका एक विधायक क्रूर शासक उस औरंगजेब के पक्ष के बयान देता है जिसने सिखों के नौंवे गुरू श्री गुरू तेग बहादुर साहिब को दिल्ली के चांदनी चौक पर शहीद करवा दिया था। उन्होंने कहा कि औरंगजेब एक क्रूर और अत्याचारी मुगल शासक होने के साथ-साथ मजहबी तौर पर कट्टर मुस्लिम भी था जो पूरे भारत को मुस्लिम देश बनाना चाहता था, लेकिन अपने इस इरादे में वह सफल नहीं हो सका तो उसने नापाक उद्देश्य को पूरा करने के लिये हिन्दुओं के साथ काफी बर्बरतापूर्ण व्यवहार करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि सिखों के नौवे गुरू तेग बहादुर सिंह ने औरंगजेब की क्रूरता के खिलाफ आवाज बुलंद की थी जिसे अत्याचारी औरंगजेब बर्दाश्त नहीं कर सका।

शिक्षा में कहीं भी न हो भ्रष्टाचार: डा.मानवेंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति के सभापति ने डा.मान. वेंद्र प्रताप सिंह कहा कि शिक्षा में कहीं पर भी भ्रष्टाचार न हो और सभी व्यवस्थाएं पारदर्शी होने के साथ ही आरटीई एक्ट को गंभीरता से लागू कराया जाये।

डा.मानवेंद्र आज सर्किट हाउस में आयोजित समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समिति के सामने जो भी सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएं वे सत्य एवं तथ्यात्मक हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकार की प्राथमिकताओं वाले कार्यों के साथ ही रूटीन के कार्यों को भी नियमित रूप से किया जाए। विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा लिए जा रहे शुल्क का निर्धारण किस स्तर से हुआ है इसकी सूचना भी उपलब्ध

■ विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति की बैठक में शामिल हुए एमएलसी शाहनवाज

कराई जाए। सभी व्यवस्थाएं पारदर्शी ढंग से लागू की जाए। शिक्षा में कहीं पर भी भ्रष्टाचार न हो। कॉशन मनी का प्रयोग निर्धारित मानक के अनुसार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों को जिस स्तर की मान्यता प्राप्त है वहां पर उसी स्तर की पढ़ाई हो यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा निर्धारित बिंदुओं को समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में सदस्य अंगद कुमार सिंह, विजय बहादुर पाठक, अविनाश सिंह चौहान, विधान परिषद सदस्य शाहनवाज खान, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर अर्चना द्विवेदी, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉक्टर सुधीर राठी, रजिस्ट्रार एमएसयू वीरेंद्र कुमार मौर्य, अनु सचिव धनंजय सिंह, समीक्षा अधिकारी सौरभ दीक्षित, वृत्त लेखक, गजेन्द्र सिंह अपर निजी सचिव सहित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

विकास के आयाम छू रहा नगर: गुंबर

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि देश व प्रदेश विकास की ओर दौड रहा है और आने वाले समय में देश तरक्की के नये आयाम छुएगा।

राजीव गुंबर ने यह बात वार्ड 3 नवीन नगर सुलेख चंद वाली गली, रवि नगर कौशल्या देवी वाली गली के उदघाटन मौके पर कही। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है और देश एक नए विकास की ओर दौड़ रहा है आने वाले समय में भारत तरक्की के नए आयाम छूएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते

हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में हम विकास कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे

इस अवसर पर पार्षद राजू, पार्षद वीरेंद्र उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष संदीप धीमान, पूर्व पार्षद भगत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, राकेश राणा, राजेश गुप्ता, पूर्व पार्षद प्रदीप पंवार व शाहिद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल रहे।

शपथ दिलाई

गंगोह। पूरनमल रामलाल डिग्री कालेज में दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा व नशा मुक्त के लिए प्रतिज्ञा पर शपथ कार्यक्रम किया गया।

दहेज मुक्त भारत व नशा मुक्त भारत के विषयों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य पवन कुमार बंसल ने छात्रों को समझाया कि हम सभी दहेज मुक्त विवाह करना चाहिए। हम सभी को आपस में मिलकर दहेज प्रथा को समाप्त करना चाहिए। उन्होने कहा कि युवा वर्ग को इस प्रथा को समाप्त करने के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इसी प्रकार भारत को नशा मुक्त करने के लिए नशे की चीजों सो दूर रहना चाहिए। स्वंयसेवकों को नशा छोड़ो जीवन सवारों और स्वस्थ्य जीवन सुखी जीवन जैसे नारे लगाकर छात्रों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डा. रामकुमार, डा. धीरेंद्र मौर्य, डा. अमित धीमान, हेंमत गुप्ता आदि मौजूद रहें।

करोड़ों रुपये के प्रस्ताव पारित

गंगोह। एक साल अंतराल के बाद हुई क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में करोडों रुपये की कीमत के विकास कार्यों के 160 प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हो गये। अध्यक्षता प्रमुख का चुनाव खारिज होने के बाद डीएम द्वारा गठित

त्रिसदस्यीय समिति सुमन, रीना व प्रमोद रणजीत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन बीडीओ अमित नारंग ने किया। बैठक में ग्राम प्रधान व बीडीसी सहित 196 जनप्रतिनिधि मौजूद रहें। शासनादेश के अनुसार स्वीकृत प्रस्तावों के शीघ्र एस्टीमेंट बनाकर निर्माण कार्य शुरु होंगें। एडीओ आईएसबी सचिन कुमार, कृषि रक्षा अधिकारी सोनवीर, एडीओ अमित कुमार के अलावा खंड शिक्षा अधिकारी, बालविकास परियोजना अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

जामा मस्जिद पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई माज

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। रमजान माह के पहले जुमे की नमाज बडी ही अकीदत के साथ अदा की गयी। इस दौरान रोजेदारों ने मुल्क में आपसी भाईचारे व तरक्की की दुआएं की। नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े बन्दोबस्त किए गए थे। महानगर की जामा मस्जिद सहित जिलेभर की समस्त मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गयी।

जामा मस्जिद सहित जिले भर

■ रमजान माह के पहले जुमे पर मुल्क में अमनो अमान की मांगी दुआ

की मस्जिदों में शुक्रवार को माह-ए-रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में इमाम मुफ्ती अरशद गोरा ने जुमे की नमाज अदा करा पवित्र रमजान माह की महत्वता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होने कहा कि समाज में नई नई बुराईयों जन्म ले रही है जिस कारण हमारे समाज का पतन हो रहा है। उन्होने कहा कि हलाल कमाई में बरकत है और हराम कमाई इन्सान को सिर्फ नुकसान पहुंचाती है। उन्होने बादशाह औरंगजेब का किस्सा बयान कर लोगों को समझाया कि हलाल कमाई में कितनी बरकत होती है। उन्होने अगले जुमे के दिन फाग होने के कारण जुमा अपने क्षेत्र व मौहल्लों की मस्जिद में ही अदा कर आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाये रखने की अपील भी की। इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत से पढ़ी गई। नमाज पढ़ने के बाद नमाजियों ने गरीबों को खैरात बांटी। वहीं रोहित सजवान के निर्देश पर जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मस्जिदों के आसपास पुलिसकर्मी तैनात किए गए और नगर निगम द्वारा मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरूस्त की गई थी।

पुलिस प्रशासन को सहयोग का निर्णय

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। होली व रमजान माह का दूसरा जुमा एक साथ आने पर जामा मस्जिद के जिम्मेंदार लोगों ने बैठक कर पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का निर्णय लिया।

जामा मस्जिद के आयोजित बैठक में जनपद की गंगा जमुनी तहजीब व आपसी भाईचारे को बनाये रखने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा उठाये जा रहे कदमों की सराहना। जिसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 मार्च को पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा।

बैठक में जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना फरीद मजा. हिरी, अबूबकर शिब्ली, एम शाहिद जुबैरी, काजी शौकत हुसैन, हाजी असगर, नईम पीरजादा, आलिम बख्शी, नौशाद आलम, मुनीर अहमद आदि मौजूद रहे।

महिलाएं व्यायाम जरूर करें: डा.नैना

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। विश्व अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर दयावती हॉस्पिटल में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के लिए नि:शुल्क कैम्प लगाया गया।

कैंप में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ व गायनी एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष डॉ. नैना मिगलानी ने महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए नि:शुल्क हीमोग्लोबिन एवं ब्लडप्रेशर व महिलाओं का जनरल चैकअप किया। उन्होंने बताया कि कैम्प में 105 लोगों की जांच की गयी। जिसमें 51 मरीजों में खून की कमी पायी गयी। इसके लक्षण जैसे कमजोरी, थकान, साँस फूलना जैसी समस्या पायी गयी। एनीमिया महिलाओं में बहुत ज्यादा पाया जाता है। 30 लडकियों में पीसीओडी की समस्या मिली। डॉ. नैना मिगलानी ने एनीमिया के मरीजों को खून बढ़ाने के लिए हरी सब्जी, अनार, गाजर, चकुन्दर खाने की सलाह दी और लड़कियों में बढती पीसीओडी एवं मोटापे की समस्या पर उन्हें रेगुलर व्यायाम की सलाह एंव जंक फूड से बचने की सलाह दी।

कैम्प में पिंकी देवी, मोहसिना, कोमल, सोनानी, अंजुम, हाजरा, रूपा, अंजली, सीमा, रचना, जूली, सोमना, तोयबा, प्रिंयका, राधिका, सोनिया, जैनब, उमैरा, पंखुरी, शिवानी, पूजा, गुलिस्ता, आफरीना आदि ने चैक अप करवा कर लाभ उठाया। कैम्प में ननीता, आरती, राखी, यशिका, सरिता स्टाफ ने सहयोग किया।

दो गाड़ियों में लगी अचानक आग

नकुड़। शादी मे आए मेहमानों की घर के बाहर खडी दो गाड़ियों मे अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई।

बीती देर रात लगभग 3 बजे गाड़ियों मे किसी मेंहमान ने आग लगी देखी तो उसने शोर मचा दिया। देखते देखते पुरे मौहल्ले मे जाग हो गई। तभी आग ने भयंकर रूप ले लिया। आसपड़ोस के लोग पानी से आग बुझाने का भरसक प्रयास करने लगे। परन्तु तब तक दोनों गाडी पूरी तरह खाक हो चुकी थी। बताया जाता है कि दोनों गाड़ियों मे एक गाडी सीएनजी तथा एक पैट्रोल की कार थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहले सीएनजी गाडी मे ही आग लगी थी। जबकि भयानक आग ने दूसरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों गाड़ियां जलकर खाक हो गई।

समाज व जीवन संवारती है महिलाएं: भारती

शाह टाइम्स संवाददाता

मिर्जापुर। ग्लोकल विश्वविद्यालय में ग्लोकल लॉ स्कूल और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व बेला पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत समन्वयक डॉ. अतीका बानो ने किया। कार्यक्रम की वक्ता ग्लोकल स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडी की डीन डॉ. रेशमा ताहिर ने कहा कि सभी धर्म में नारी को समान अधिकार दिया गया है, और भारतीय संविधान भी हमें बराबरी का अधिकार देता है। डॉ. स्वर्णिमा सिंह ने कहा कि अब हमें समान अधिकार की नहीं बल्कि अपने आप को स्थापित करने की जरूरत है। अध्यक्षता कर रहे विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी.के. भारती ने कहा कि महिलाएँ ना

केवल परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं बल्कि वे माँ, बहन, बेटी, पत्नी, सहकर्मी और नेता के रूप में हमारे जीवन को संवारती हैं। विशिष्ट अतिथि सीए ए. पी. सिंह ने शानदार काव्य पाठ करके सभी का मनमोह लिया। ग्लोकल लॉ स्कूल द्वारा आयोजित की गई रील एवं शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता में अहकाम अली की टीम को प्रथम, अलीना राशिद को द्वितीय और आयशा कुरैशी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में अलका सिंह को प्रथम, तूबा को द्वितीय तथा गजाला को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। ग्लोकल विश्व. विद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने पुरस्कृत छात्रों को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मोहम्मद वाजिद खान के द्वारा किया गया। संच. ालन डॉक्टर शोभा त्रिपाठी ने किया।निर्णायक मण्डल में डॉ. रेशमा ताहिर, डॉ. वसीम अहमद, डॉ. रेहान, प्रोफेसर डॉ. यश प्रताप सिंह, डॉ. अतिका बानो रहे।

इस अवसर पर वित्त एवं कानून मामले के सलाहकार निजामुद्दीन, निदेशक प्रशासन गुरदयाल सिंह कटियार, चीफ प्रॉक्टर मोहम्मद जमीरूल इस्लाम, ग्लोकल लॉ स्कूल के डीन प्रोफेसर डॉ. पी.एस. पवार, प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. संजीव नांदल, डॉ. गौरव त्यागी, वैशाली, आदित्य तोमर, प्रवीन कुमार, गौरव कुमार, माजिद अहमद, मकसूद अंसारी, फैजान अली, सलोनी बजाज अन्य शिक्षकगण रहे।

सम्पादकीय

शनिवार, 8 मार्च 2025

खिलाड़ियों से उम्मीद

चैंपियन ट्राफी का फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह वह स्थान होगा, जो चैंपियन ट्राफी की विजेता का गवाह बनेगा। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भारतीय टीम उत्साह से भरी है, जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि भारत चैंपियन ट्राफी विजेता होगा, हो भी क्यों न। देश के खिलाड़ियों को अपने देश की आन, बान और शान रखनी है, क्योंकि इसी महीने भारत में होली और ईद का त्योहार आने वाला है। खिलाड़ियों से उम्मीद लगाई जा सकती है कि वे देश की अस्मिता को गिरने नहीं देंगे। वैसे भी हमारे देश के खिलाड़ियों का एक गौरव रहा है कि जब भी भारत में कोई त्योहार आया है, तब-तब टीम इंडिया जीतकर वापस लौटी है। अब फाइनल मैच रविवार, 9 फरवरी को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को 'चैंपियन' का टैग मिलेगा। इस बार टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। जबकि कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बालिंग और फील्डिंग, तीनों में ही अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। इस समय कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फॉर्म में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पंडया भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फार्म साबित कर चुके हैं। टाप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओपनर की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे इस टूर्नामेंट में कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। वे किसी भी मुकाबले में पहले पावरप्ले में पूरे ओवर बैटिंग नहीं कर सके। इस टूर्नामेंट में उनका हाईएस्ट स्कोर 41 रन है। वे 4 मैचों में 26.00 की औसत से 104 रन ही बना सके हैं। ऐसे में रोहित शर्मा को खिताबी मुकाबले में बड़ी पारी खेलनी होगी। इंडियन बैटर्स को न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की लीडरशिप वाली स्पिन चौकड़ी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 7 विकेट झटके थे। टीम के स्पिनर्स टूर्नामेंट में अब तक 17 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी का साथ देने के लिए कोई बड़ा नाम नहीं हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंडया को टीम में रखा गया है। कुल मिलाकर भारत के खिलाड़ियों को एकाग्र होकर खेलना है।

संवाद से ही निकालें समस्याओं का समाधान

आतंकवाद सार्वकालिक चुनौती है, इससे प्रतिबद्धता के साथ निपटा जाएगा, संघर्ष आज एक प्रमुख मुद्दा है और भारत का मानना है कि मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के जरिये सुलझाया जाना चाहिए, न कि युद्ध के मैदान में, यह महत्वपूर्ण है कि हम संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालें, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो, भारत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा है और इसे समाप्त करने के लिए समर्पण और संकल्प की आवश्यकता है, देश अगले दशकों में सात फीसदी के आसपास विकास की गति बनाए रखेगा, जिससे भारत और मित्र देशों के बीच मजबूत साझेदारी के अवसर बढ़ेंगे।

डा. एस. जयशंकर
विदेश मंत्री

आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला जारी

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं, कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए

योगेश कुमार गोयल

दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवदेनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारीरिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफ्रीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं। जहां तक पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात है तो इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग काफी समय से उठती रही है किन्तु हमारा सिस्टम कछुआ चाल से रेंग रहा है। ऐसे मामलों में कठोरता बरतने के साथ-साथ त्वरित न्याय प्रणाली की भी सख्त जरूरत है ताकि महिला अपराधों पर अंकुश लग सके। आज अगर समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और संवेदनहीनता के मामले बढ़ रहे हैं तो हमें यह जानने के प्रयास करने होंगे कि कमी हमारी शिक्षा प्रणाली में है या कारण कुछ और हैं। ऐसे कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोगों की कुंठित मानसिकता के कारणों की पड़ताल करना भी बहुत जरूरी है, साथ ही सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।

(लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

बंजर भूमि में हरियाली की मुस्कान...

किसी भी किसान को खुशी होगी यदि उसकी पथरीली और बंजर पड़ी भूमि पर हरी-भरी फसलें लहलहाने लगें। यही खुशी आज राजस्थान के करौली ज़िले के अनेक किसानों में दिख रही है।

मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है तथा बहुत सारी ज़मीन पथरीली होने के साथ-साथ खनन के पत्थर भी इधर-उधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अतः उनकी ज़मीन का एक बड़ा हिस्सा बंजर पड़ा था। इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और श्रमदान करके वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जलसंकट को कुछ हद तक कम किया।

वे आगे बताते हैं कि इससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब 'सृजन' नामक संस्था ने जल स्रोतों से मिट्टी हटवाकर खेतों में डलवाई। इससे जल स्रोत में गहराई आई, अधिक जल एकत्र होने लगा व खेतों का उपजाऊपन बढ़ा। खेतों की मेड़बंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतलीकरण किया गया। इस सबका मिला-जुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी।

बल्लभ व विमला अपने हरे-भरे सब्ज़ी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि बीज, पौधों व प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का यह असर है। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढ़ गुना मिल रही है। विविध सब्ज़ियों का फसल-चक्र वर्ष भर चलता रहता है जिससे आय भी होती है व पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर व मूत्र की खाद बनाने के लिए बायो-रिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है।

इसी गांव के किसान मानसिंह बताते हैं कि संस्था की मदद से व सरकारी विभागों से प्राप्त सब्सिडी से उन्हें सोलर पंप सेट लगाने में सहायता मिली है। सोलर पंप बहुत कामयाब हैं व डीज़ल के खर्च में बहुत कमी आई है, जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खर्चों में भी बहुत कमी आई है।

इसी ब्लॉक में जगदड़पुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं और वे नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढ़ाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है व थोड़ा-सा आगे जाकर मध्य प्रदेश का मुरैना ज़िला या चंबल के बीहड़ आरंभ हो जाते हैं। अतः यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहड़ों के प्रसार से भी है, और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहड़ फैलते व बढ़ते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत से ज़मीन को समतल कर इस कठिन परिस्थिति को संभालते हैं।

जल संरक्षण से लेकर प्राकृतिक खेती जैसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग 25 हैक्टर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है व इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता व उत्पादकता बढ़ी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता था, उस पर अब गेहूं, चना, सरसों व सब्ज़ियां सब हो रहे हैं। सृजन संस्था के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी किसानों का मज़बूत का सम्बंध बना है व सिलाई मशीन, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है।

स्रोत फीचर्स

खारा पानी गांव की बड़ी समस्या है। जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में फसल के लिए पानी लेने हेतु पाइपलाइन तोड़ दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए।

ऐसे अनेक गांवों में संस्था, सरकार और समुदाय की भागीदारी से बहुत कम बजट में जल स्रोतों के निर्माण, पुराने जल स्रोतों के सुधार, मेड़बंदी, भूमि समतलीकरण आदि कार्यों से बंजर भूमि को हरा-भरा करने की संभावनाएं बनाई गई हैं। पांच वर्षों के इस प्रयास में 1250 एकड़ बंजर भूमि पर खेती संभव हुई व 286 पोखरों का सुधार हुआ जबकि 96 नए पोखर बनाए गए। इस प्रयास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

वायु प्रदूषण पर कैसे लगे रोक...

रजनीश कपूर

क्या सरकार की यह जिम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी खरीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो

दिल्ली की नवनिर्वाचित सरकार ने सत्ता संभालते ही कई कड़े निर्णय लेने शुरू कर दिये हैं। इनमें अहम निर्णय दिल्ली की हवा को प्रदूषण से मुक्त करवाना है। इसके चलते दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने ये घोषणा कर दी कि 31 मार्च 2025 के बाद दिल्ली के सभी पेट्रोल पम्पों पर 15 साल पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय कड़ा अवश्य है परंतु देखना यह होगा कि क्या केवल ऐसे एक ही सख्त निर्णय से दिल्ली की वायु साफ़ हो पाएगी? क्या प्रदूषण के अन्य पहलुओं को अनदेखा किया जाएगा? क्या वाहन निर्माताओं के विरुद्ध भी कड़े निर्देश जारी किए जाएंगे जिसके तहत उनके द्वारा निर्मित गाड़ियों में से प्रदूषण की मात्रा की रोकथाम में भी सहयोग लिया जाए? क्या ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से देर रात में दिल्ली से गुज़रने वाले भारी वहनों को भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा रोकने की दिशा में भी ऐसा ही कोई कड़ा कदम उठाया जाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि कौनसा निर्णय प्रदूषण की जिन्न पर भारी पड़ेगा।एक सर्वे के मुताबिक़ दिल्ली जैसे महानगर में औसतन 1800 नए वाहन प्रतिदिन जुड़ते हैं। ऐसे में दिल्ली की वायु को दूषित करने के लिए ये वाहन अकेले ही लगभग 50 प्रतिशत तक ज़िम्मेदार हैं। ज़ाहिर सी बात है कि जब पुराने वाहनों की उम्र सीमा तय की जाएगी तो लोग नए वाहन तो लेंगे ही। लेकिन ऐसे में क्या सरकार की यह ज़िम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी ख़रीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो। यदि हो तो पहले उस गाड़ी को बेचा जाए और उसके प्रमाण के बाद ही नई गाड़ी का पंजीकरण किया जाए। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक गाड़ी अपने नाम या अपनी संस्था के नाम लेता है तो उससे पंजीकरण की फ़ीस अधिक ली जाए। इतना ही नहीं ऐसे नियमों को केवल दिल्ली में ही नहीं देश भर में लागू किया जाए। यदि पुरानी गाड़ियां वास्तव में अधिक प्रदूषण करती हैं तो उनकी समय सीमा पूरी होने पर देश भर में कहीं भी चलने की अनुमति न दी जाए। ऐसी गाड़ियों को स्क्रैप किए जाने के सख्त आदेश लागू किए जाएं। ऐसा भी देखा गया है कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए ऐसे कड़े नियम आमतौर पर आम जनता के लिए ही होते हैं। सरकारी वाहनों पर इनका कोई भी डंडा नहीं चलता। अक्सर ऐसा भी देखा गया है कि जब सरकारी वाहनों में से निकलता हुआ गंदा धुंआ आसपास के सैकड़ों वाहनों से कहीं अधिक होता है। लेकिन इन वाहनों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं की जाती। चालान और वाहन ज़ब्त करने की गाज तो आम जनता पर ही गिरती है। सरकारी अस्पतालों में या अन्य सरकारी भवनों में पुरानी कबाड़ा या दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को सड़ने दिया जाता है। उनका ज़ंग खा कर गलने और मलबे में बदलने का इंतज़ार किया जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि किसी कालोनी में किसी आम नागरिक की गाड़ी इस हालत में पाई जाती है तो उसके खिलाफ़ नगर निगम और पुलिस कड़ी कार्यवाही करती है।

देश भर के पुलिस थानों के बाहर या उनसे सटे मैदानों में दुर्घटनाग्रस्त या किसी अपराध में शामिल गाड़ियों के ढेर भी कोई अच्छा दृश्य नहीं देते। इन वाहनों के कारण सड़कों पर जाम भी लग जाता है जिसके कारण भी वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। जाम की बात ही करें तो दिल्ली जैसे शहर में ऐसी कई महत्वपूर्ण सड़कें हैं जो चौड़ी तो अवश्य हैं लेकिन समय-समय पर रखरखाव न हो पाने के कारण ख़स्ता हाल में हैं। इन टूटी-हटी सड़कों के कारण भी वाहनों को चलने में दिक्क़त होती है। इस कारण भी ट्रैफ़िक जाम लगता है जो वायु प्रदूषण का कारक बनता है। ऐसे में जिन वाहनों को पुराना समझ कर प्रतिबंधित किया जाता है, उनसे कहीं ज्यादा मात्रा में नए वाहनों द्वारा प्रदूषण होता है। इसलिए लोक निर्माण विभाग की यह ज़िम्मेदारी होनी चाहिए कि वह सड़कों को दुरुस्त रखें जिससे प्रदूषण को बढ़ावा न मिले।

ऐसा भी देखा गया है कि जब भी कभी देश के किसी भी कोने में किसी वीवीआईपी का दौरा होता है तो सड़कों पर ट्रैफ़िक पुलिस की तैनाती इस कदर की जाती है कि जाम लगना असंभव हो। यदि इलाक़े की ट्रैफ़िक पुलिस किसी अतिविशिष्ट व्यक्ति की सेवा में ट्रैफ़िक संचालन को इतने सुचारू रूप से चला सकती है तो आम नागरिकों से इतना सौतेला व्यवहार क्यों? क्या किसी भी सरकार ने इस दिशा में कोई पहल की है? यदि इन बिंदुओं को गंभीरता से लिया जाए तो न सिर्फ़ दिल्ली बल्कि पूरे देश की हवा बदलेगी।दिल्ली की हवा ख़राब होते ही पुराने वाहनों पर रोक लगाने से सरकार को क्या हासिल होता है, यह समझ में नहीं आता। ज़रा सोचिए, यदि आपका वाहन दस साल से अधिक पुराना नहीं है।

लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं।

लंजेस एक्सरसाइज करते समय न करें ये मिस्टेक्स, वरना बढ़ सकता है घुटनों का दर्द

वर्तमान समय में हम सभी खुद को फिट और हेल्दी रखना चाहते हैं। वहीं फिट रहने के लिए वर्कआउट रूटीन में कई एक्सरसाइज शामिल करते हैं।

जब पैरों की एक्साइज की बात की जाए, तो लंजेस करना काफी अच्छा माना जाता है। हालांकि अगर आपको अक्सर घुटनों में दर्द की शिकायत रहती है, तो लंजेस करने से दर्द अधिक बढ़ सकता है। वहीं घुटने का दर्द काफी परेशान करने वाला हो सकता है। इसके साथ ही जब लंजेस एक्सरसाइज गलत तरीके से किया जाता है, तो दर्द काफी बढ़ने लगता है। पैरों और ग्लूट्स को मज़बूत बनाने के लिए लंजेस एक बेहतरीन एक्सरसाइज है।

वहीं जब आप यह एक्सरसाइज गलत तरीके से करते हैं, तो आपके घुटने पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है। जिसकी वजह से दर्द की समस्या बढ़ सकती है। फिर चाहे घुटने को एक सीध में रखना हो या फिर शरीर के हिसाब से मूवमेंट बदलना हो। यह छोटी-छोटी चीजें बहुत मायने रखती हैं।

ज्यादा नीचे झुकना:- बता दें कि लंजेस करते समय हम अधिक नीचे झुकते हैं, तो इससे आपके घुटनों पर भार बढ़ जाता है। इससे घुटने का दर्द काफी हद तक बढ़ जाता है। इसलिए हमेशा लंजेस करते समय सिर्फ उतना ही नीचे जाएं, जितना कि आप सहज महसूस करते हैं। वहीं दोनों घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाने का लक्ष्य रखें।

आगे की ओर ज्यादा झुकना:- अगर आपके घुटने में दर्द की समस्या रहती है, तो ऐसे में आपको लंजेस करते समय ज्यादा आगे झुकने की गलती नहीं करनी चाहिए। इससे आपका पोश्चर बिगड़ जाता है। वहीं आपके सामने वाले घुटने पर एक्स्ट्रा भार पड़ता है। ऐसे में दर्द की समस्या बढ़ सकती है।

रेप्स जल्दी-जल्दी करना:- यह एक ऐसी गलती है, जिसको अक्सर लोग बैठकर करते हैं। जब आप वर्कआउट करते हैं, तो उस दौरान लंजेस समेत अन्य एक्सरसाइज जल्दी-जल्दी करना चाहते हैं। लेकिन जब आप जल्दबाजी में रेप्स करते हैं, तो इससे आपका बॉडी फॉर्म खराब हो सकता है। वहीं इससे घुटनों पर अधिक भार पड़ता है।

बिना कुशनिंग के हार्ड सरफेस पर लंजेस करना:-

अगर आपके घुटने में भी अक्सर दर्द की समस्या रहती है, तो आपको कभी हार्ड सरफेस पर लंजेस करने की गलती नहीं करना चाहिए। हार्ड सरफेस पर झुकते हैं, तो घुटने की दर्द की समस्या बद से बदतर हो जाती है। वहीं इस बात का ख्याल रखें कि लंजेस करते हुए घुटनों पर दबाव कम करने के लिए योगा मैट या गद्देदार सतह का उपयोग करें।

एलन मस्क को फिर लगा झटका

स्पेसएक्स रॉकेट में विस्फोट, लगातार दूसरी बार हुआ परीक्षण विफल

आठवें टेस्ट में बूस्टर लॉन्च पैड पर वापस आया, आसमान में ब्लास्ट

लॉस एंजिल्स। स्पेसएक्स के विशाल स्टारशिप रॉकेट के टेक्सास से गुरुवार को लॉन्च होने के कुछ ही देर बाद रॉकेट में विस्फोट हो गया, जिससे उड़ानें रोकनी पड़ी और अंतरिक्ष यान के मलबे के गिरने की चेतावनी दी गई। स्पेसएक्स ने पुष्टि की कि अंतरिक्ष में ऊपर उठते हुए बिना चालक दल के जहाज को तेजी से अनिर्धारित विघटन का सामना करना पड़ा, और जमीन से उसका संपर्क टूट गया।

विशाल स्पेसएक्स स्टारशिप, जो अब तक का सबसे बड़ा रॉकेट है, लॉन्च के कुछ ही देर बाद नियंत्रण से बाहर हो गया। किसी भी तरह की चोट या क्षति की सूचना नही मिली है लेकिन कैरिबियन सागर के द्वीप देशों से प्राप्त तस्वीरों में आसमान से आग के मलबे की बारिश होती दिखाई दे रही है। अरबपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स ने कहा कि टीमों ने तुरंत पूर्व-नियोजित आकस्मिक प्रतिक्रियाओं के लिए सुरक्षा अधिकारियों के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया। बयान में कहा गया कि स्पेसएक्स मिसफायर के मूल कारण को बेहतर ढंग से समझने के लिए डेटा की समीक्षा करेगा। बयान के अनुसार, विस्फोट कई इंजनों के नष्ट होने के बाद हुआ। मस्क ने विस्फोट पर अभी तक टिप्पणी नहीं की है।

फ्लोरिडा में स्टारशिप का मलबा गिरने से चार हवाई अड्डे करने पड़े बंद

फ्लोरिडा। अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के असफल प्रक्षेपण के बाद मलबे गिरने के खतरे के कारण फ्लोरिडा में हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करने की घोषणा की। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार मियामी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करने की घोषणा गुरुवार को स्थानीय समय 23:42 बजे की गई। कथित तौर पर फोर्ट लॉडरडेल-हॉलीवुड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ-साथ ऑरलैंडो और पाम बीच शहरों के हवाई अड्डों के लिए भी इसी तरह का नोटिस जारी किया गया था। इससे पहले कल स्पेसएक्स ने कहा कि स्टारशिप अंतरिक्ष यान के कक्षा में प्रक्षेपण के दौरान तेजी से अनिर्धारित विघटन हुआ।

123 मीटर

लंबा यह अंतरिक्ष यान एक घंटे की उड़ान के बाद हिंद महासागर के ऊपर से पृथ्वी की कक्षा में फिर से प्रवेश करने वाला था।

यह रॉकेट का परीक्षण करने वाला आठवां मिशन था, लगातार दूसरी बार हुआ फेल।

इसका सुपर हैवी बूस्टर जो रॉकेट को जमीन से उड़ान भरने में मदद करता है, लॉन्चपैड पर वापस लौटन में सफल रहा।

भारतीय महिलाओं में बढ़ रही उद्यमशीलता

नई दिल्ली। दुनिया भर में खासतौर पर युवा महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना तेज़ी से बढ़ रही है। महिलाएं अपने सपनों को साकार करने, वित्तीय स्वतंत्रता पाने, कार्य और जीवन में संतुलन बनाने और समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले मास्टरकार्ड द्वारा किए गए नए शोध से पता चला है कि भारत की लगभग आधी (45 प्रतिशत) महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का विचार किया है। यह प्रवृत्ति खासतौर पर मिलेनियल और जेनरेशन ज़ी की महिलाओं में अधिक देखी जा रही है। मिलेनियल (आयु 29-44) महिलाओं में यह संख्या 46 प्रतिशत है, जबकि जेनरेशन ज़ी की 45 प्रतिशत महिलाओं ने भी व्यवसाय शुरू करने की इच्छा जताई है। जेनरेशन एक्स (आयु 45-60) और बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा थोड़ा कम है, अब भी 38 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। भारत में महिलाएं मुख्य रूप से तीन प्रमुख कारणों से उद्यमिता की ओर बढ़ रही हैं। अपने सपनों को पूरा करने की इच्छा (51 प्रतिशत), बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की तलाश (44 प्रतिशत) और पारंपरिक नौकरियों से आज़ादी (40 प्रतिशत)। शोध से यह भी पता चला कि वर्तमान में लगभग आधी (46 प्रतिशत) भारतीय महिलाओं के पास कोई न कोई अतिरिक्त कमाई का जरिया है। खासतौर पर बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया है, क्योंकि वे किसी भी अन्य आयु समूह की तुलना में अधिक पैसे कमाने के लिए अपनी साइड इनकम शुरू करने के लिए सबसे अधिक प्रेरित हैं। महिलाओं में व्यवसाय बढ़ाने को लेकर भी बड़ा आत्मविश्वास देखा गया है। महिला व्यवसायियों में 89 प्रतिशत को अगले पांच वर्षों में अपनी आमदनी बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 87 प्रतिशत ही था।

पेरिस में वर्ल्ड वॉर 2 का जिंदा बम मिला, लंदन जाने वाली ट्रेनें रद्द

पेरिस। फ्रांस की राजधानी के गेरे डू नार्ड रेलवे स्टेशन के एक ट्रैक पर वर्ल्ड वॉर 2 का एक जिंदा बम मिला। इसके बाद पेरिस से लंदन जाने और आने वाली सभी यूरोस्टार ट्रेनों को रद्द कर दिया गया।

इसके अलावा फ्रांस के उत्तरी शहरों की तरफ जाने वाली ट्रेन को भी रोक दिया गया है। फ्रांस के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर फिलिप टैबरोट ने कहा कि पूरे दिन ही ट्रैफिक बाधित रहेगा। फर्स्ट और सेकंड वर्ल्ड वार के दौरान छोड़े गए बम फ्रांस के अलग-अलग इलाकों में अक्सर पाए जाते हैं, लेकिन इतनी ज्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर उनका मिलना बहुत ही दुर्लभ है।

अमेरिका बनाएगा बिटकॉइन का क्रिप्टो भंडार

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिटकॉइन का एक आभासी मुद्रा (क्रिप्टो) भंडार बनाने की घोषणा की है। ट्रंप ने इससे जुड़े आधिकारिक आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति के साथ ही क्रिप्टो भंडार बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश बिटकॉइन को आधिकारिक मान्यता नही दे रहे हैं लेकिन ट्रंप द्वारा क्रिप्टो भंडार बनाने की पहल से इस आभासी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर मान्यता पाने में मदद मिलेगी। व्हाइट हाउस ने कहा, कुछ ही मिनट पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व स्थापित करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। रिजर्व को संघीय सरकार के स्वामित्व वाले बिटकॉइन से पूंजीकृत किया जाएगा, जिसे आपराधिक या नागरिक संपत्ति जब्ती कार्यवाही के हिस्से के रूप में जब्त किया गया था। इसका मतलब है कि इससे करदाताओं को एक पैसा भी खर्च नही करना पड़ेगा। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी सरकार के पास लगभग दो लाख बिटकॉइन हैं हालांकि, कभी भी पूर्ण ऑडिट नहीं हुआ है। राष्ट्रपति का कार्यकारी आदेश संघीय सरकार की डिजिटल संपत्ति होल्डिंग्स का पूरा लेखा-जोखा रखने का निर्देश देता है। अमेरिका अपने रिजर्व में जमा किए गए किसी भी बिटकॉइन को नही बेचेगा। इसे मूल्य के भंडार के रूप में रखा जाएगा। रिजर्व क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक डिजिटल फोर्ट नॉक्स की तरह है जिसे अक्सर डिजिटल गोल्ड कहा जाता है। इसमें कहा गया है कि बिटकॉइन की समय से पहले बिक्री से अमेरिकी करदाताओं को पहले ही 17 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो चुका है। अब संघीय सरकार के पास अपनी होल्डिग्स के मूल्य को अधिकतम करने की रणनीति होगी। ट्रेजरी और वाणिज्य सचिवों को अतिरिक्त बिटकॉइन प्राप्त करने के लिए बजट-तटस्थ रणनीति विकसित करने के वास्ते अधिकृत किया गया है, बशर्ते कि उन रणनीतियों से अमेरिकी करदाताओं पर कोई अतिरिक्त लागत न आए। इसके अलावा, कार्यकारी आदेश एक अमेरिकी डिजिटल एसेट स्टॉकपाइल की स्थापना करता है, जिसमें आपराधिक या सिविल कार्यवाही में जब्त किए गए बिटकॉइन के अलावा अन्य डिजिटल संपत्तियां शामिल हैं।

कनाडा-मैक्सिको पर टैरिफ एक बार फिर टाला

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फिर पलटे
- कनाडा में नागरिकों ने अमेरिकी टमाटर खाना छोड़ा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर से 30 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रम्प ने 4 मार्च को दोनों देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे पहले भी ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको के कई सामानों पर 4 फरवरी से टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन इसे लागू होने से एक दिन पहले उन्होंने इसे 30 दिनों के लिए टाल दिया था। इस बीच ट्रम्प के कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी और उसे 51वां राज्य बनाने वाले बयान के बाद देश में अमेरिकी सामानों का बायकाट शुरू हो गया है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक वहां पर लोग अमेरिकी सेब छोड़कर दूसरे देशों के सेब खाने लगे हैं। वहीं, दुकानदार पिज्जा में कैलिफोर्निया के टमाटर की जगह इटली से आए टमाटर का इस्तेमाल करने लगे हैं। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों में अमेरिकी सामान रखना बंद करने की बात कही है। कई कनाडाई जो कि अपनी छुट्टियां बिताने अमेरिका जाने वाले थे, उन्होंने अपनी छुट्टियां रद्द कर दी हैं। ट्रम्प की धमकी ने कनाडा में देशभक्ति की भावना को बढ़ा दिया है। 2 महीने पहले कनाडा की लिबरल पार्टी में चुनाव हारने के डर से जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ माहौल बन गया था जिसके बाद उन्होंने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया था। अब वहीं लिबरल पार्टी चुनाव जीतने की सबसे बड़ी दावेदार बन गई है। ट्रूडो ने कहा था कि कनाडाई लोग समझदार हैं। वे स्वभाव से भले विनम्र हैं, लेकिन वे लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। खासकर ऐसे वक्त में जब देश के लोगों की भलाई दांव पर लगी हो। हालांकि कनाडा और मेक्सिको ने ट्रम्प के टैरिफ टालने के फैसले की तारीफ की। कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लैंक ने कहा कि उनका देश अमेरिकी सामानों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को फिलहाल टाल देगा।

कनाडा दो अप्रैल तक नहीं लगाएगा दूसरे चरण का टैरिफ

ओटावा। कनाडा ने घोषणा की है कि वह अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ के दूसरे चरण को दो अप्रैल तक लागू नही करेगा। वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने गुरुवार को यह घोषणा की। लेब्लांक ने अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में देरी की घोषणा के तुरंत बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, अमेरिका ने कनाडा से कनाडा-अमेरिका-मेक्सिको समझौता (सीयूएसएमए) अनुपालन वाले निर्यात पर टैरिफ को दो अप्रैल तक निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की है। कनाडा दो अप्रैल तक 125 अरब कनाडाई डॉलर के अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ का दूसरा चरण लागू नहीं करेगा, ट्रंप ने गुरुवार को मैक्सिको और कनाडा को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की।

10 भारतीय मजदूरों को इजरायल ने मुक्त कराया

वेस्ट बैंक में एक महीने से फिलिस्तीनियों ने बंधक बना रखा था, पासपोर्ट भी कर लिए थे जब्त

तेल अवीव। इज़रायल के अधिकारी फिलिस्तीनी क्षेत्र पश्चिमी तट में लापता 10 भारतीय श्रमिकों को खोज कर उन्हें सुरक्षित वापस इज़रायल ले आए हैं। इज़रायल में भारत के दूतावास ने गुरुवार देर रात बताया कि इजरायली अधिकारियों ने पश्चिमी तट क्षेत्र में लापता 10 भारतीय निर्माण श्रमिकों का पता लगाया है और उन्हें इज़रायल वापस लाया गया है। मामले की हालांकि अब भी जांच चल रही है, भारतीय दूतावास इज़रायल के अधिकारियों के संपर्क में है तथा उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। टाइम्स ऑफ इज़रायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली अधिकारियों के अनुसार, श्रमिकों को नौकरियों के वादे के साथ फिलिस्तीनियों द्वारा पश्चिमी तट के एक गांव अल-ज़ायम गांव में ले जाया गया था। उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए थे, और इज़राइल में घुसपैठ के लिए उनका उपयोग करने का प्रयास किया गया था।

चांद पर उतरा अमेरिकी कंपनी का एथेना लैंडर

वाशिंगटन। यूएसकी प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का एथेना लैंडर गुरुवार को चांद के साउथ पोलर रीजन में उतरा। हालांकि, लैंडिंग के कुछ मिनट बाद से मिशन कंट्रोलर उसकी स्थिति की पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं। अब तक यह भी पता नहीं चल पाया है कि लैंडर सीधा सतह पर खड़ा है या नहीं। मिशन कंट्रोलर को लैंडिंग की पुष्टि करने में भी समय लगा। मिशन डायरेक्टर और कंपनी के को-फाउंडर टिम क्रेन ने कहा- ऐसा लगता है कि हम चंद्रमा पर उतर गए हैं। अब यह जांच रहे हैं कि लैंडर की सतह पर स्थिति क्या है। मिशन आफिशियल्स के मुताबिक, चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद लैंडर मिशन कंट्रोलर के संपर्क में था। सोलर पावर भी जनरेट कर रहा था। हालांकि, लैंडिंग के करीब आधे घंटे बाद भी मिशन टीम यह पुष्टि नहीं कर पाई कि लैंडर सही स्थिति में है या नहीं।